आरम्भिक शब्द

श्री गुरु अर्जुन देव जी महाराज रचित सुखमनी साहिब शब्दार्थ समेत आप के कर कमलों में है। गुरु महाराज की वाणी के पूर्ण भाव को तो स्वयम् वह ही जानते हैं इस लिये इस का भावार्थ टीका एक अति कठिन बात है। यह केवल शब्दार्थ करने में एक तुच्छ यत्न है, जिस में कहां तक सफ़लता प्राप्त हुई है पाठक ही कह सकते हैं।

श्रीमान सरदार मेहर सिंह जी ऐस. डी. ओ. कशमीर हमारे खास धन्यवाद के योग्य हैं, जिनहों ने कुछ समय हुआ १५०) की रकम चीफ़ खालसा दीवान को भेज कर सुखमनी साहिब सटीक हिन्दी अक्षरों में प्रकाशत करने के लिए उत्साहित किया था। चीफ़ खालसा दीवान ने यह सेवा खालसा ट्रैक्ट सोसाइटी के सुपर्द की।

हमारी विनती पर अयोध्या निवासी सन्त मक्खन सिंह जी ने यह हिन्दी शब्दार्थ लिखा और इस का पुनरावलोकन प्रोफ़ेसर साहिब सिंह जी खालसा कालज अमृतसर ने किया, जिस के लिये सोसाइटी इन दोनों साहिबान की अति कृतज्ञ है।

अमृतसर
१७ फ़रवरी, १९३८

प्रार्थिक—
सैक्रिट्री
खालसा ट्रैक्ट सोसाइटी

१ ੴ ਸਤਿਗੁਰ ਪ੍ਰਸਾਦਿ ॥

गउड़ी सुखमनी मः ५ ॥

सलोकु

१ ओं सति गुर प्रसादि ॥

आदि गुरए नमह ॥ जुगादि गुरए नमह ॥

सतिगुरए नमह ॥ स्री गुरदेवए नमह ॥

उस सब से बड़े (निरंकार-ईश्वर) को, जो सब का आदि है, (मेरी) नमस्कार है। उस सब से बड़े (ईश्वर) को, जो युगों से है (मेरी) नमस्कार है।

सतिगुरु को (मेरी) नमस्कार है। गुरुदेव को (मेरी) नमस्कार है।

असटपदी ॥

सिमरउ सिमरि सिमरि सुखु पावउ ॥
कलि कलेस तन माहि मिटावउ ॥
सिमरउ जासु बिसुंभर एकै ॥
नामु जपत अगनत अनेकै ॥
बेद पुरान सिमृति सुधाख्यर ॥
कीने राम नाम इक आख्यर ॥
किनका एक जिसु जीअ बसावै ॥
ता की महिमा गनी न आवै ॥
कांखी एकै दरस तुहारो ॥
नानक उन संगि मोहि उधारो ॥१॥
सुखमनी सुख अंमृत प्रभ नामु ॥
भगत जना कै मनि बिस्राम ॥ रहाउ ॥

प्रभ कै सिमरनि गरभि न बसै ॥
प्रभ कै सिमरनि दूखु जमु नसै ॥
प्रभ कै सिमरनि कालु परहरै ॥
प्रभ कै सिमरनि दुसमनु टरै ॥
प्रभ सिमरत कछु बिघनु न लागै ॥
प्रभ कै सिमरनि अनदिनु जागै ॥
प्रभ कै सिमरनि भउ न बिआपै ॥
प्रभ कै सिमरनि दुखु न संतापै ॥

असटपदी ॥

(हे प्रभो) मैं नाम का स्मरण करूं और स्मरण करके सुख प्राप्त करूं।
कल्पना और क्लेशों को शरीर से मिटा दूं।
उस एक विश्वंभर का स्मरण करूं जिस अनन्त के नाम को अनेक जीव जप रहे हैं।
शुद्ध अक्षरों वाले वेद पुराण और स्मृतियां एक राम-नाम अक्षर
(के विचार) से प्रकट किये हैं।
जिस के हृदय में प्रभु रंचक मात्र भी सर्वोत्तम नाम
बसाता है उस की बड़ाई संख्या में नहीं आती।
हे प्रभो! केवल एक आप के दर्शनाभिलाषी जो भक्त-जन हैं
उन के संग हमारा भी उद्धार करो।
प्रभु का सुखदायक और अमृत नाम सुखों की मणी है। इस नाम
का भक्तजनों के मन मे वास है ॥१॥
प्रभु स्मरण कर यह जीव गर्भ में नही आता।
प्रभु स्मरण करने से यम का दुःख भाग जाता है।
प्रभु चिन्तन से इस जीव को काल भी त्याग देता है।
प्रभु स्मरण से शत्रु भी दूर होता है।
प्रभु स्मरण से कोई विघ्न नही लगता।
प्रभु स्मरण कर यह जीव सर्वदा ज्ञानावस्था में रहता है।
प्रभु स्मरण से जीव को कोई भय नहीं व्यापता।
प्रभु स्मरण से इस जीव को कोई दुःख संताप नहीं देता।

प्रभ का सिमरनु साध कै संगि ॥
सरब निधान नानक हरि रंगि ॥२॥
प्रभ कै सिमरनि रिधि सिधि नउ निधि ॥
प्रभ कै सिमरनि गिआनु धिआनु ततु बुधि ॥
प्रभ कै सिमरनि जप तप पूजा ॥

प्रभ कै सिमरनि बिनसै दूजा ॥
प्रभ कै सिमरनि तीरथ इसनानी ॥
प्रभ कै सिमरनि दरगह मानी ॥
प्रभ कै सिमरनि होइ सु भला ॥

प्रभ कै सिमरनि सुफल फला ॥
से सिमरहि जिन आपि सिमराए ॥

नानक ता कै लागउ पाए ॥३॥
प्रभ का सिमरनु सभ ते ऊचा ॥
प्रभ कै सिमरनि उधरे मूचा ॥
प्रभ कै सिमरनि त्रिसना बुझै ॥
प्रभ कै सिमरनि सभु किछु सुझै ॥

प्रभ कै सिमरनि नाही जम त्रासा ॥

प्रभु स्मरण साधु संगति से प्राप्त होता है।

हे नानक ! सब पदार्थ प्रभु-प्रेम में ही है ॥२॥

प्रभु स्मरण मे सब रिद्धि सिद्धि और नव निद्धियां हैं।

प्रभु स्मरण मे ज्ञान ध्यान और यथार्थ ज्ञान है।

प्रभु स्मरण मे जप तप और सब प्रकार की पूजा (का फल) है।

प्रभु स्मरण कर द्वैत-भाव नष्ट होता है।

प्रभु स्मरण करने मे ही सब तीर्थों का स्नान है।

प्रभु चिन्तन से ही प्रभु-दर्बार मे मान होता है।

प्रभु चिन्तन से ही यह जीव निश्चै करता है कि जो कुछ हो रहा है वह सब भला ही है, भाव प्रभु-आज्ञा मे हो रहा है

प्रभु स्मरण करने से इस जीव को श्रेष्ट फल प्राप्त होता है।

प्रभु स्मरण वह लोग करते हैं जिनको स्वयं प्रभु अपना स्मरण देता है।

नानक ! मै भी उन महापुरूषों के चरणों में पडता हूँ ॥३॥

प्रभु स्मरण सब साधनो मे उंचा भाव श्रेष्ट है।

प्रभु स्मरण से (मूचा) बहुत जीवों का उद्धार होता है।

प्रभु स्मरण से तृष्णा शान्त होती है।

प्रभु स्मरण से (दिव्य दृष्टि होने के कारण) सब पदार्थों का यथार्थ ज्ञान होता है।

प्रभु स्मरण करने से यम का भय नही होता।

प्रभ कै सिमरनि पूरन आसा ॥
प्रभ कै सिमरनि मन की मलु जाइ ॥
अंमृत नामु रिद माहि समाइ ॥
प्रभ जी बसहि साध की रसना ॥
नानक जन का दासनि दसना ॥४॥
प्रभ कउ सिमरहि से धनवंत ॥
प्रभ कउ सिमरहि से पतिवंत ॥
प्रभ कउ सिमरहि से जन परवान ॥
प्रभ कउ सिमरहि से पुरख प्रधान ॥
प्रभ कउ सिमरहि सि बेमुहताजे ॥
प्रभ कउ सिमरहि सि सरब के राजे ॥
प्रभ कउ सिमरहि से सुख वासी ॥
प्रभ कउ सिमरहि सदा अबिनासी ॥
सिमरनि ते लागे जिन आपि दइआला ॥
नानक जन की मंगै रवाला ॥५॥
प्रभ कउ सिमरहि से परउपकारी ॥
प्रभ कउ सिमरहि तिन सद बलिहारी ॥

प्रभ कउ सिमरहि से मुख सुहावे ॥
प्रभ कउ सिमरहि तिन सूखि बिहावै ॥

प्रभु स्मरण करने से यह जीव पूर्णाश होता है।
प्रभु स्मरण से मन की मल दूर होती है। (कारण कि)
अमृत नाम आकर मन में बसता है।
प्रभु जी सन्तों की रसना पर बसते हैं। नानक! मैं सन्तों के दासों का दास हूँ ॥४॥

जो प्रभु का स्मरण करते हैं वह द्रव्य-शाली हैं।
जो प्रभु का स्मरण करते हैं वह पतवन्ते हैं।
जो प्रभु का स्मरण करते हैं वह लोग माननीय हैं।
जो प्रभु का स्मरण करते हैं वह लोग प्रधान हैं।
जो प्रभु का स्मरण करते हैं वह लोग बेमुहताजे हैं।
जो प्रभु का स्मरण करते हैं वह सब के राजे हैं।
जो प्रभु का स्मरण करते हैं वह सुखी हैं।
जो प्रभु का स्मरण करते हैं वह चिरंजीवी हैं।
प्रभु स्मरण में वह लोग लगे हैं जिन पर स्वयं प्रभु दयालु हैं।
हम उन सज्जनों की चरण धूलि को मांगते हैं ॥५॥

जो प्रभु का स्मरण करते हैं सो परोपकारी हैं।
जो प्रभु का स्मरण करते हैं मैं उन पर अपने आप को न्योछावर करता हूं।
जो प्रभु का स्मरण करते हैं वह सुन्दर-मुख हैं।
जो प्रभु का स्मरण करते हैं वह सुखपूर्वक अपनी अवस्था व्यतीत करते हैं।

प्रभ कउ सिमरहि तिन आतमु जीता ॥
प्रभ कउ सिमरहि तिन निरमल रीता ॥
प्रभ कउ सिमरहि तिन अनद घनेरे ॥
प्रभ कउ सिमरहि बसहि हरि नेरे ॥
संत कृपा ते अनदिनु जागि ॥
नानक सिमरनु पूरै भागि ॥६॥

प्रभ कै सिमरनि कारज पूरे ॥
प्रभ कै सिमरनि कबहु न झूरे ॥
प्रभ कै सिमरनि हरि गुन बानी ॥

प्रभ कै सिमरनि सहजि समानी ॥
प्रभ कै सिमरनि निहचल आसनु ॥
प्रभ कै सिमरनि कमल बिगासनु ॥
प्रभ कै सिमरनि अनहद झुनकार ॥
सुखु प्रभ सिमरन का अंतु न पार ॥

सिमरहि से जन जिन कउ प्रभ मइआ ॥
नानक तिन जन सरनी पइआ ॥७॥
हरि सिमरनु करि भगत प्रगटाए ॥
हरि सिमरनि लगि बेद उपाए ॥

जो प्रभु स्मरण करते हैं उन्हो ने अपने मन को जीता है।

जो प्रभु स्मरण करते हैं उन की मर्य्यादा निर्मल है।

जो प्रभु स्मरण करते हैं उन को अधिक सुख प्राप्त होते हैं।

जो प्रभु का स्मरण करते हैं सो प्रभु के समीप बसते हैं।

सन्तों की कृपा कर वह सर्वदा जाग रहे हैं।

हे नानक! प्रभु स्मरण (इस जीव को) पूर्ण भाग से प्राप्त होता है॥ ६॥

प्रभु स्मरण करने से सब कार्य्य पूर्ण होते हैं।

प्रभु स्मरण करने से कभी पश्चाताप नहीं होता।

प्रभु स्मरण करने से यह जीव वाणी कर भी प्रभु-गुणों को गाता है।

प्रभु स्मरण करने से चित्त-वृत्ति प्रभु में समाती है।

प्रभु स्मरण करने से यह जीव अचल-आसन होता है।

प्रभु स्मरण करने से हृदय कमल प्रफुल्लित होता है।

प्रभु स्मरण करने से निजानन्द का लाभ होता है।

प्रभु स्मरण करने से जो सुख प्राप्त होता है उस के अन्त का पार नहीं है।

प्रभु स्मरण वह लोग करते हैं जिन पर स्वय प्रभु की कृपा है।

श्री गुरू जी कहते हैं कि मैं भी उन की शरण में पड़ा हूँ॥७॥

हरि स्मरण कर भक्त जन ससार मे प्रगट हुए हैं।

हरि स्मरण कर (ऋषियों ने) वेद उत्पन्न किए हैं।

हरि सिमरनि भए सिध जती दाते ॥
हरि सिमरनि नीच चहु कुंट जाते ॥
हरि सिमरनि धारी सभ धरना ॥
सिमरि सिमरि हरि कारन करना ॥
हरि सिमरनि कीओ सगल अकारा ॥
हरि सिमरन महि आपि निरंकारा ॥
करि किरपा जिसु आपि बुझाइआ ॥
नानक गुरमुखि हरि सिमरनु तिनि पाइआ ॥८॥ १ ॥

सलोकु

दीन दरद दुख भंजना घटि घटि नाथ अनाथ ॥

सरणि तुमारी आइओ नानक के प्रभ साथ ॥ १ ॥

असटपदी ॥

जह मात पिता सुत मीत न भाई ॥
मन ऊहा नामु तेरै संगि सहाई ॥
जह महा भइआन दूत जम दलै ॥
तह केवल नामु संगि तेरै चलै ॥
जह मुसकल होवै अति भारी ॥
हरि को नामु खिन माहि उधारी ॥
अनिक पुनहचरन करत नही तरै ॥

हरि स्मरण कर सिद्ध यती और दाते हुए हैं।
हरि स्मरण कर नीच भी चारों ओर जाने जाते हैं।
सब सृष्टि हरि स्मरण के लिए बनाई गई है, अतः एव
जीव उस हरि का स्मरण करे जो कारण करण है।
हरि स्मरण के लिए ही सब आकार किए हैं,
(क्योंकि हरि स्मरण में स्वयं निरंकार का वास है।
प्रभु ने कृपा कर स्वयं जिस को समझ दी है, हे नानक! उस गुरमुख भाव अधिकारी जन ने प्रभु स्मरण को प्राप्त किया है ॥८॥१॥

सलोकु

हे दीन जनों की मानसिक पीडा और शरीरक दुःख के नाशक! हे सर्व घटों में पूर्ण! हे अनाथों के नाथ! हे प्रभो!
श्री गुरू नानक देव जी के संग मिल कर मैं आप की शरण में आया हुं ॥ २ ॥

असटपदी ॥

हे मन! जहां माता पिता पुत्र और भाई तेरी सहायता नहीं करेंगे, वहां नाम तुमहारे साथ सहाई होगा।
जहां भयंकर यमदूत पीडने वाले हैं, वहां केवल नाम ही तुमहारे संग जायगा।
जहां अति बडी कठिनाई होगी वहां पर हरिनाम क्षण में उद्धार करेगा।
अनेक प्रायश्चित्त करने पर भी यह जीव नहीं तर सकेगा।

हरि को नामु कोटि पाप परहरै ॥
गुरमुखि नामु जपहु मन मेरे ॥
नानक पावहु सूख घनेरे ॥ १ ॥
सगल स्रसटि को राजा दुखीआ ॥
हरि का नामु जपत होइ सुखीआ ॥
लाख करोरी बंधु न परै ॥
हरि का नामु जपत निसतरै ॥
अनिक माइआ रंग तिख न बुझावै ॥
हरि का नामु जपत आघावै ॥
जिह मारगि इहु जात इकेला ॥
तह हरि नामु संगि होत सुहेला ॥
ऐसा नामु मन सदा धिआईऐ ॥
नानक गुरमुखि परम गति पाईऐ ॥ २ ॥
छूटत नही कोटि लख बाही ॥
नामु जपत तह पारि पराही ॥
अनिक बिघन जह आइ संघारै ॥
हरि का नामु ततकाल उधारै ॥
अनिक जोनि जनमै मरि जाम ॥
नामु जपत पावै बिस्राम ॥
हउ मैला मलु कबहु न धोवै ॥

हरिनाम कोटिशः पापों को दूर करता है।
हे मेरे मन ! गुरु द्वारा नाम जप।
हे नानक ! तब तुम को अधिक सुख प्राप्त होंगे ॥ १ ॥
सारी सृष्टि का राजा दुःखी है।
हरिनाम जप कर वह सुखी होता है।
लाखों करोड़ों (संचय कर लेने) पर भी (तृष्णा) नहीं रुकती।
हरिनाम जप कर इस से बचाओ होता है।
माया के अनेक रंग तृष्णा को शान्त नहीं कर सकते,
(परन्तु) हरिनाम जप कर यह जीव तृप्त होता है।
जिस मार्ग में यह अकेला जाता है,
वहां सुखदाई हरिनाम संग होता है।
हे मन ! सर्वोत्तम नाम का सर्वदा ध्यान कर।
हे नानक ! तब गुरु द्वारा परमगति प्राप्त होगी ॥ २ ॥
जहां लाखों कोटि बन्धु-वर्गों के होते हुए भी यह जीव छूट नहीं सकता, वहां नाम जप कर पार होता है।
जहां अनेक विघ्न आ कर संहार करते हैं,
वहां तत्काल ही हरिनाम उद्धार करता है।
अनेक योनियों में पड़ कर यह जीव जन्म मरण को प्राप्त होता है।
नाम जप कर (सर्व दुःखों से) छूट जाता है।
अहंकार रूप मल से मलिन हुआ यह जीव अपनी मल को उतार नहीं सकता।

हरि का नामु कोटि पाप खोवै ॥
ऐसा नामु जपहु मन रंगि ॥
नानक पाईऐ साध कै संगि ॥ ३ ॥

जिह मारग के गने जाहि न कोसा ॥
हरि का नामु ऊहा संगि तोसा ॥
जिह पैडै महा अंध गुबारा ॥
हरि का नामु संगि उजीआरा ॥
जहा पंथि तेरा को ना सिञानू ॥
हरि का नामु तह नालि पछानू ॥
जह महा भइआन तपति बहु घाम ॥
तह हरि के नाम की तुम ऊपरि छाम ॥
जहा तृखा मन तुझु आकरखै ॥
तह नानक हरि हरि अंमृतु बरखै ॥ ४ ॥

भगत जना की बरतनि नामु ॥
संत जना कै मनि बिस्रामु ॥
हरि का नामु दास की ओट ॥
हरि कै नामि उधरे जन कोटि ॥
हरि जसु करत संत दिनु राति ॥
हरि हरि अउखधु साध कमाति ॥
हरि जन कै हरि नामु निधानु ॥

हरिनाम करोड़ों पापों को दूर करता है।
हे मन! ऐसा नाम प्रेम पूर्वक जप।
हे नानक! नाम साधु-संगति से प्राप्त होता है॥ ३॥

जिस मार्ग के कोस संख्या में नहीं आते वहां हरिनाम तुमहारे संग तोसा (यात्रा में खाने वाली वस्तु) है।
जिस मार्ग में अति अन्धेर-गुबार है
वहां हरिनाम संग ही उजाला है।
जिस मार्ग से तुमहें कोई जानता नहीं है,
वहां हरिनाम ही तुमहारा पहचान वाला है।
जहां महां भयंकर घाम की बहुत तप्त होगी,
वहां हरिनाम की तुम पर छाया होगी।
हे मन! जहां तृष्णा तुझे सताती है,
हे नानक! वहां हरिनाम से अमृत की वर्षा होती है॥ ४॥

हरिभक्तों का धर्म और मर्य्यादा हरिनाम है।
सन्तजनों के मन में उस का विश्राम है।
हरिनाम हरि भक्तों का आधार है।
हरिनाम कर कोटिशः जनों का उद्धार होता है।
सन्त सर्वदा हरियश करते हैं।
साधुजन हरिनाम औषधि को कमाते हैं।
हरि-भक्तों के पास हरिनाम का ख़ज़ाना है।

पारब्रहमि जन कीनो दान ॥
मन तन रंगि रते रंग एकै ॥
नानक जन कै बिरति बिबेकै ॥ ५ ॥
हरि का नामु जन कउ मुकति जुगति ॥
हरि कै नामि जन कउ तृपति भुगति ॥
हरि का नामु जन का रूप रंग ॥
हरि नामु जपत कब परै न भंग ॥
हरि का नामु जन की वडिआई ॥
हरि कै नामि जन सोभा पाई ॥
हरि का नामु जन कउ भोगु जोग ॥
हरि नामु जपत कछु नाहि बिओगु ॥
जनु राता हरि नाम की सेवा ॥
नानक पूजै हरि हरि देवा ॥ ६ ॥
हरि हरि जन कै मालु खजीना ॥
हरि धनु जन कउ आपि प्रभि दीना ॥
हरि हरि जन कै ओट सताणी ॥
हरि प्रतापि जन अवर न जाणी ॥
ओति पोति जन हरि रसि राते ॥
सुंन समाधि नाम रस माते ॥
आठ पहर जनु हरि हरि जपै ॥
हरि का भगतु प्रगट नही छपै ॥

यह दान परमेश्वर ने स्वयं दासों को दिया है।
हरिभक्त मन और शरीर से एक प्रभु-रंग मे रत्ते हैं।
हे नानक! भक्तजनों की बुद्धि सर्वदा विचारवती है ॥५॥
हरिजनों के लिए हरिनाम ही मुक्ति-प्राप्ति की युक्ति है।
हरिनाम-भोजन से हरिजनों की तृप्ति है।
हरिनाम ही हरिजनों का रूप और रंग है।
हरिभक्तों को हरिनाम जपने में कभी भी विघ्न नही होता।
हरिनाम ही हरिजनों की बड़ाई है।
हरिनाम जप कर ही दासों ने यश प्राप्त किया है।
हरिनाम ही हरिभक्तों के लिए भोग्य और योग है।
हरिनाम जपकर हरिभक्तों को किसी वस्तु का वियोग नहीं होता-
, हरिजन हरिनाम की सेवा मे रत्ता है।
हे नानक! वह हरिजन हरि हरि देव को ही पूजता है ॥६॥
हरिभक्तों के पास हरिनाम ही धन और खज़ाना है।
हरिजनों को हरिनाम-धन हरि ने स्वयं दिया है।
दासों के लिए हरिनाम ही शक्तिशाली आधार है।
हरिजन हरि-प्रताप के सम और कुछ नही जानते।
हरिभक्त ओत पोत हो कर हरि-रस मे रत्ते हैं।
निर्विकल्पक समाधि मे आरूढ होकर नाम रस मे मत्ते हैं।
दास आठों पहर हरिनाम को जपता है।
हरिभक्त संसार में प्रकट है, छिप नहीं सकता।

हरि की भगति मुकति बहु करे ॥
नानक जन संगि केते तरे ॥७॥
पारजातु इहु हरि को नाम ॥
कामधेन हरि हरि गुण गाम ॥
सभ ते ऊतम हरि की कथा ॥
नामु सुनत दरद दुख लथा ॥
नाम की महिमा संत रिद वसै ॥
संत प्रतापि दुरतु सभु नसै ॥
संत का संगु वडभागी पाईऐ ॥
संत की सेवा नामु धिआईऐ ॥
नामु तुलि कछु अवरु न होइ ॥
नानक गुरमुखि नामु पावै जनु कोइ ॥८॥२॥

सलोकु

बहु सासत्र बहु सिमृती पेखे सरब ढढोलि ॥
पूजसि नाही हरि हरे नानक नाम अमोल ॥१॥

असटपदी

जाप ताप गिआन सभि धिआन ॥
खट सासत्र सिमृति वखिआन ॥
जोग अभिआस करम धरम किरिआ ॥
सगल तिआगि बन मधे फिरिआ ॥
अनिक प्रकार कीए बहु जतना ॥

हरिभक्ति ने बहुतों की मुक्ति की है।

हे नानक ! हरिभक्तों के संग बहुतों का उद्धार होता है।

हरि का नाम ही पारजात वृक्ष है।

हरि-गुण का गान करना ही कामधेनु है।

सर्वोत्तम हरि कथा है।

नाम-श्रवण से पीडा और दुःख दूर होता है।

नाम-महत्व का सन्त हृदय में वास है।

सन्त-प्रताप से सब पाप भाग जाते हैं।

सन्तों का संग बड़े भागों से प्राप्त होता है।

सन्त-सेवा से नाम का चिन्तन होता है।

नाम सम और कोई वस्तु नहीं है।

हे नानक ! गुरू द्वारा कोई बड़भागी जन ही नाम को पाता है।।८।२।

सलोकु

अनेक शास्त्र और स्मृतियां हैं,सब को विचार कर देखा,

हे नानक !हरिनाम तुल्य कोई भी नहीं है, नाम अमूल्य पदार्थ है।३।

असटपदी ॥

जप तप ज्ञान और सब प्रकार का ध्यान,

छः शास्त्र और सब स्मृतियों का व्याख्यान,

योगाभ्यास, अनेक प्रकार के कर्म और धर्म-क्रिया,

सब वस्तु का त्याग कर वन में फिरे,

अनेक प्रकार के बहुत यत्न भी करे,

पुंन दान होमे बहु रतना ॥
सरीर कटाइ होमै करि राती ॥
बरत नेम करै बहु भाती ॥
नही तुलि राम नाम बीचार ॥
नानक गुरमुखि नामु जपीऐ इक बार ॥१॥

नउखंड प्रिथमी फिरै चिरु जीवै ॥
महा उदासु तपीसरु थीवै ॥
अगनि माहि होमत परान ॥
कनिक अस्व हैवर भूमि दान ॥
निउली करम करै बहु आसन ॥
जैन मारग संजम अति साधन ॥
निमख निमख करि सरीर कटावै ॥
तउ भी हउमै मैलु न जावै ॥
हरि के नाम समसरि कछु नाहि ॥
नानक गुरमुखि नामु जपत गति पाहि ॥२॥
मन कामना तीरथ देह छुटै ॥
गरबु गुमानु न मन ते हुटै ॥
सोच करै दिनस अरु राति ॥
मन की मैलु न तन ते जाति ॥
इस देही कउ बहु साधना करै ॥

पुण्य दान और (रतना) घृत से हवन भी करे,

शरीर कटा कर (रातीं) छोटे छोटे टुकड़ों से हवन करे,

बहुत प्रकार के व्रत और नेम भी करे,

परन्तु राम नाम के विचार सम कोई भी साधन नहीं है।

अतएव हे नानक ! (इकवार) मनुष्य जन्म में गुरू द्वारा केवल नाम ही जपिए ॥१॥

नव खंड पृथ्वी में फिरे और चिरञ्जीवी होवे,

महा उदासीन और तपीश्वर होवे,

अपने प्राणों को भी अग्नि में हवन करे,

स्वर्ण, अश्व और विशेष घोड़े पुनः पृथ्वी दान करे,

निवली कर्म और बहुत आसन करे,

अतिशय कर जैन मत के संयम और साधानों को करे,

(निमख) छोटे छोटे टुकड़े कर शरीर कटा देवे,

तो भी अहंता रूप मल दूर नही होती।

हरिनाम सम कोई साधन नही हैं।

हे नानक ! गुरू द्वारा जीव नाम जप कर मुक्ति पाते हैं ॥२॥

मानसिक इच्छा कर तीर्थ विशेष में शरीर को त्यागे, तो भी गर्व और गुमान मन से निवृत्त नही होता।

दिन रात स्नान करे।

तौभी शारीरक मन की मल निवृत्त नहीं होती।

इस शरीर कर बहुत प्रकार के साधन भी करे,

मन ते कबहु न बिखिआ टरै ॥
जलि धोवै बहु देह अनीति ॥
सुध कहा होइ काची भीति ॥
मन हरि के नाम की महिमा ऊच ॥
नानक नामि उधरे पतित बहु मूच ॥३॥
बहुतु सिआणप जम का भउ बिआपै ॥
अनिक जतन करि त्रिसन ना ध्रापै ॥
भेख अनेक अगनि नही बुझै ॥
कोटि उपाव दरगह नही सिझै ॥
छूटसि नाही ऊभ पइआल ॥
मोहि बिआपहि माइआ जालि ॥
अवर करतूति सगली जमु डानै ॥
गोविंद भजन बिनु तिलु नही मानै ॥
हरि का नामु जपत दुखु जाइ ॥
नानक बोलै सहजि सुभाइ ॥४॥

चारि पदारथ जे को मागै ॥
साध जना की सेवा लागै ॥
जे को अपुना दूखु मिटावै ॥
हरि हरि नामु रिदै सद गावै ॥
जे को अपुनी सोभा लोरै ॥
साध संगि इह हउमै छोरै ॥

तौ भी मन से माया का प्रभाव दूर नहीं होता।

अनित्य शरीर को जल संग बहुत धोय, भाव स्नान करे,

तौ भी कच्ची दीवार कहाँ तक शुद्ध होय।

हे मन हरिनाम की महिमा बहुत ऊंची है।

हे नानक! बहुत बड़े पापी भी नाम से मुक्त हुए हैं ॥३॥

बहुत चतुराईयों करके यम का भय व्यापता है।

अनेक प्रयत्नों के करने पर भी तृष्णा शान्त नहीं होती।

अनेक वेषकर तृष्णा रूप अग्नि शान्त नहीं होती।

क्रोड़ों उपाव करने पर भी परलोक में हिसाब से मुक्त नहीं होता।

आकाश और पाताल में जाकर भी मुक्त नहीं हो सकता,

क्योंकि मोह से माया का जाल वहाँ पर भी व्यापता है।

और सब कर्म करने पर भी यम दंड देगा,

क्योंकि वह यम गोविन्द भजन बिन रंचकमात्र भी नहीं मानता।

हे नानक! जो मनुष्य स्वभावतः हरिनाम उचारता है, उसका
दुःख हरिनाम जपने से दूर होता है ॥४॥

जो धर्मादि चार पदार्थों को मांगे,

सो सेवा में लगे।

जो अपना दुःख दूर करना चाहे सो सदा हृदय से हरिनाम
उचारण करे।

जो अपनी कीर्ति चाहे,

साधु समाज में जाकर, अहंता को त्यागे।

जे को जनम मरण ते डरै ॥
साध जना की सरनी परै ॥
जिसु जन कउ प्रभ दरस पिआसा ॥
नानक ता कै बलि बलि जासा ॥५॥
सगल पुरख महि पुरखु प्रधानु ॥
साध संगि जाका मिटै अभिमानु ॥
आपस कउ जो जाणै नीचा ॥
सोऊ गनीऐ सभ ते ऊचा ॥
जा का मनु होइ सगल की रीना ॥
हरि हरि नामु तिनि घटि घटि चीन्हा ॥
मन अपुने तें बुरा मिटाना ॥
पेखै सगल सिसटि साजना ॥
सूख दूख जन सम द्रसटेता ॥
नानक पाप पुंन नही लेपा ॥६॥
निरधन कउ धनु तेरो नाउ ॥
निथावे कउ नाउ तेरा थाउ ॥
निमाने कउ प्रभ तेरो मान ॥
सगल घटा कउ देवहु दानु ॥
करन करावनहार सुआमी ॥
सगल घटा के अंतरजामी ॥
अपनी गति मिति जानहु आपे ॥

जो जन्म और मरण से भय करे,
सो सन्त-शरण को ग्रहण करे।
जिस पुरुष को प्रभु-दर्शन की इच्छा है,
हे नानक ! मैं उस पर अपने आप को न्योछावर करता हूं ॥५॥
सब पुरुषों में वह पुरुष प्रधान है,
साधु संग कर जिस का अभिमान दूर हुआ है।
जो अपने आप को नीच जानता है,
उस को सब से ऊंचा गणिये।
जिस का मन सब की धूलि होवे,
हरिनाम उस ने घट घट में चीना है।
जिस ने अपने मन से दुष्ट भाव मिटा दिया है,
उसने सब सृष्टि को अपना सज्जन देखा है।
वह पुरुष दुःख सुख को सम देखता है।
हे नानक ! उस को पुण्य और पाप का लेप नहीं है ॥६॥
तेरा नाम निर्धन का धन है।
तेरा नाम स्थान विहीन का स्थान है।
हे प्रभो ! तेरा नाम मान रहित का मान है।
सब जीवों को आप दान दे रहे हो।
हे स्वामी ! आप करने और कराने वाले हो।
आप सब जीवों के हृदय की जानने वाले हो।
अपनी गति और मर्य्यादा को आप ही जानते हो।

आपन संगि आपि प्रभ राते ॥
तुमरी उसतति तुम ते होइ ॥
नानक अवरु न जानसि कोइ ॥७॥
सरब धरम महि स्रेसट धरमु ॥
हरि को नामु जपि निरमल करमु ॥
सगल क्रिआ महि ऊतम किरिआ ॥
साध संगि दुरमति मलु हिरिआ ॥
सगल उदम महि उदमु भला ॥
हरि का नामु जपहु जीअ सदा ॥
सगल बानी महि अंमृत बानी ॥
हरि को जसु सुनि रसन बखानी ॥
सगल थान ते ओहु ऊतम थानु ॥
नानक जिह घटि वसै हरि नामु ॥८॥३॥

सलोकु

निरगुनीआर इआनिआ सो प्रभ सदा समालि ॥
जिनि कीआ तिसु चीति रखु नानक निबही नालि ॥४॥

असटपदी

रमईआ के गुन चेति परानी ॥
कवन मूल ते कवन द्रिसटानी ॥

हे प्रभो ! अपने संग आप रच रहे हो।

तुमहारी स्तुति तुम से ही हो सकती है।

श्री सतगुरू जी कहते हैं कोई और नही जान सकता ॥७॥

सब धर्मों में श्रेष्ट धर्म यह है कि

हरिनाम जप कर अपने कर्म को निर्मल करो।

सब क्रिया में उत्तम क्रिया यह है कि

साधु संग मे मिलकर दुर्मति रूप मल को दूर करो।

सब उद्यमों मे भला उद्यम यह है कि

अपने हृदय से सदा हरिनाम जपो।

सब वाणीयों में हरियश की वाणी श्रेष्ट है इस को सुनो और रसना से उचारो।

हे नानक ! जिस घट मे हरिनाम बसता है वह हृदय-स्थान सब स्थानों में श्रेष्ट है ॥८॥३॥

सलोकु

हे गुणहीन ! हे अजान ! उस प्रभु को सदा याद कर,

जिसने तुमको जन्म दिया है उस को हृदय मे रक्ख, हे नानक ! सो तुमहारा साथ देगा।

असटपदी

हे प्राणी ! परमेश्वर के गुणों को याद कर।

कैसे (तुच्छ) मूल से कैसी (सुन्दर देह बना कर) दिखाई है, भाव माता पिता के मलिन रक्त-वीर्य से कैसी सुन्दर देह बनाई है।

जिनि तूं साजि सवारि सीगारिआ ॥
गरभ अगनि महि जिनहि उबारिआ ॥
बार बिवसथा तुझहि पिआरै दूध ॥
भरि जोबन भोजन सुख सूध ॥
बिरधि भइआ ऊपरि साक सैन ॥
मुखि अपिआउ बैठ कउ दैन ॥
इहु निरगुनु गुनु कछू न बूझै ॥
बखसि लेहु तउ नानक सीझै ॥१॥

जिह प्रसादि धर ऊपरि सुखि बसहि ॥
सुत भ्रात मीत बनिता संगि हसहि ॥
जिह प्रसादि पीवहि सीतल जला ॥
सुखदाई पवनु पावकु अमुला ॥
जिह प्रसादि भोगहि सभि रसा ॥
सगल समग्री संगि साथि बसा ॥
दीने हसत पाव करन नेत्र रसना ॥
तिसहि तिआगि अवर संगि रचना ॥
ऐसे दोख मूड़ अंध बिआपे ॥
नानक काढि लेहु प्रभ आपे ॥२॥

आदि अंति जो राखनहारु ॥

जिस ने तुम को अति सुन्दर बनाया और
गर्भाग्नि में बचाया,
बालयावस्था में तुम को दूध पिलाया,
जवानी में भोजन, सुख-मन्दिर दिये,
जब वृद्ध हुआ तो सेवा के लिये सम्बन्धी दिये,
जो बैठे बिठाये को मुख में भोजन देते हैं,
यह गुण-हीन जीव उस के उपकार को नहीं जानता।
सतगुरु जी कहते हैं—आप बखशिश करेंगे तब ही इस जीव का
उद्धार होगा ॥१॥

जिस की कृपा से पृथ्वी पर तू सुख पूर्वक बसता और
पुत्र भ्राता मित्र व स्त्री के संग हंसता है,
जिस की कृपा से तू शीतल जल पीता है,
पुनः सुखदायक वायु और अमूल्य अग्नि तुम को मिली है,
जिसकी कृपा से सब रसों को तू भोगता है,
पुनः सब पदार्थ तुम को मिले हैं,
जिस ने तुम को हाथ पांव कान नेत्र और जिह्वादि दिये हैं,
उस का त्याग कर के औरों के संग प्रीति लगाई है।
यह दोष मूढ़ अज्ञानीयों को वयाप्ते हैं।
श्री गुरु जी कहते हैं, हे प्रभो! तुम आप इन दोषों से जीव का
उद्धार करो ॥२॥

आद से लेकर अंत तक भव सर्वदा जो रक्षक है,

तिस सिउ प्रीति न करै गवारु ॥
जाकी सेवा नवनिधि पावै ॥
ता सिउ मूड़ा मनु नही लावै ॥
जो ठाकुरु सद सदा हजूरे ॥
ता कउ अंधा जानत दूरे ॥
जा की टहल पावै दरगह मानु ॥
तिसहि बिसारै मुगधु अजानु ॥
सदा सदा इहु भूलनहारु ॥
नानक राखनहारु अपारु ॥३॥
रतनु तिआगि कउडी संगि रचै ॥
साचु छोडि झूठ संगि मचै ॥
जो छडना सु असथिरु करि मानै ॥
जो होवनु सो दूरि परानै ॥
छोडि जाइ तिस का स्रमु करै ॥
संगि सहाई तिसु परहरै ॥
चंदन लेपु उतारै धोइ ॥
गरधब प्रीति भसम संगि होइ ॥
अंधकूप महि पतित बिकराल ॥
नानक काढि लेहु प्रभ दइआल ॥४॥
करतूति पसू की मानस जाति ॥
लोक पचारा करै दिनु राति ॥

उस के संग मूढ़ प्रीति नहीं करता।
जिस की सेवा करने से नव निद्धि को पा सके,
उस के संग मूढ़ मन नहीं लगाता।
जो प्रतिपालक प्रभु हर समय मौजूद है,
उस को अज्ञानी दूर जानता है।
जिस की सेवा से जीव प्रभु-दरबार में मान पाता है,
मूढ़ अज्ञानी उस को भुला देता है।
यह जीव सदा भूलने वाला है।
हे नानक! परमात्मा अपार रक्षक है॥३॥
(नाम) रत्न को त्याग कर कौड़ी के संग रच रहा है।
सत्य को त्याग कर असत्य के संग गर्व करता है।
जिस को त्यागना है उस को स्थिर मान रहा है।
होने वाली बात भाव मरण को दूर समझ रहा है।
जिस माया को त्याग कर जाना है उसके निमित्त कष्ट उठाता है।
संग सहायक जो परमेश्वर है उस को त्याग देता है।
चन्दन के लेप को धो कर उतार रहा है।
गर्दभ की प्रीति राख के साथ ही होती है।
भयानक अन्ध कूप में यह जीव पड़ा है।
श्री गुरू जी कहते हैं हे दयालु प्रभो! उस से इसको निकाल लो।४।
जीव का कर्तव्य तो पशु का है, जाती मनुष्य की है।
दिन रात लोक-प्रसन्नता के लिए दम्भ करता है।

बाहरि भेख अंतरि मलु माइआ ॥

छपसि नाहि कछु करै छपाइआ ॥
बाहरि गिआन धिआन इसनान ॥
अंतरि विआपै लोभु सुआनु ॥
अंतरि अगनि बाहरि तनु सुआह ॥

गलि पाथर कैसे तरै अथाह ॥

जा कै अंतरि वसै प्रभु आपि ॥
नानक से जन सहजि समाति ॥५॥
सुनि अंधा कैसे मारगु पावै ॥
करु गहि लेहु ओड़ि निबहावै ॥
कहा बुझारति बूझै डोरा ॥
निसि कहीऐ तउ समझै भोरा ॥
कहा बिसनपद गावै गुंग ॥
जतन करै तउ भी सुर भंग ॥
कह पिंगुल परबत परभवन ॥
नही होत ऊहा उसु गवन ॥
करतार करुणामै दीनु बेनती करै ॥
नानक तुमरी किरपा तरै ॥६॥

दिखावे के लिए (धर्म-) वेष बनाया है परन्तु हृदय में माया
की मल भरी है।

छिपाने के यत्न करने पर भी वह कपट छिप नहीं सकता।

बाहर से ज्ञान की बातें, ध्यान और स्नान के कर्म करता है,

हृदय में लोभ रूप स्वान ज़ोर पकड़ रहा है।

मन में तृष्णा रूप अग्नि लगी है और बाहर शरीर पर राखी
लगाई है!

गले में (कपट का) पत्थर बन्धा है अतएव अथाह समुद्र को
कैसे तरे?

जिन के मन में स्वयं प्रभु बसता है,

हे नानक! वह सहज अवस्था को पाते हैं ॥४॥

अन्धा सुन कर कैसे मार्ग प्राप्त करे?

हे प्रभो! हाथ पकड़ कर अन्त पर्य्यन्त निवाहो।

बहरा किस प्रकार बुझारत को समझे?

कहियेगा रात्रि, समझेगा दिन।

गूँगा भजन कैसे गा सकता है?

प्रयत्न करने पर भी उस का स्वर भंग होगा।

पिंगुला पर्वत पर कैसे घूम सकता है?

उसका उस पर जाना ही नहीं हो सकता।

हे कर्तार! हे करुणामय! यह दीन विनती करता है।

श्री गुरू जी कहते हैं,यह जीव आप की कृपा से तर सकता है।

संगि सहाई सु आवै न चीति ॥
जो वैराई ता सिउ प्रीति ॥
बलूआ के गृह भीतरि वसै ॥
अनद केल माइआ रंगि रसै ॥
दृढु करि मानै मनहि परतीति ॥

कालु न आवै मूड़े चीति ॥
वैर विरोध काम क्रोध मोह ॥
झूठ विकार महा लोभ ध्रोह ॥
इआहू जुगति विहाने कई जनम ॥
नानक राखि लेहु आपन करि करम ॥७॥
तू ठाकुरु तुम पहि अरदासि ॥
जीउ पिंडु सभु तेरी रासि ॥
तुम मात पिता हम बारिक तेरे ॥
तुमरी कृपा महि सूख घनेरे ॥
कोइ न जानै तुमरा अंतु ॥
ऊचे ते ऊचा भगवंत ॥
सगल समग्री तुमरै सूत्रि धारी ॥
तुम ते होइ सु आगिआकारी ॥
तुमरी गति मिति तुम ही जानी ॥
नानक दास सदा कुरबानी ॥ ८ ॥ ४ ॥

जो हरि संग मे है और सहायक है वह तो याद नहीं आता,

जो शत्रु है उसके संग प्रीति है।

(जीव) रेत के घर में बसता है,

(परन्तु) मायक रंग मे रचित हुआ आनन्द और क्रीडा करता है।

(उस रेत के घर रूपी शरीर को) सदा स्थिर समझता है और

मन में इस से प्रीति करता है।

मूर्ख को मौत याद नहीं आती।

वैर विरोध, काम क्रोध, मोह,

झूठ विकार, बहुत लोभ और विश्वास-घातादि

बुराईयों मे लग कर कई जन्म व्यतीत हो गये।

श्री गुरु जी कहते हैं, अब अपनी कृपा कर रक्षा करो ॥७॥

तू प्रतिपालक प्रभु है, तुमहारे पास विनती है।

जीव और शरीर सब तेरी पूंजी है।

तुम माता और पिता हो, हम तुमरे बालक है।

तुमहारी कृपा मे हम को अधिक सुख है।

तुमहारा अन्त कोई नहीं जानता।

हे भगवन्त ! तू ऊचों मे ऊचा है।

सब रचना तुमहारी मर्य्यादा मे खड़ी है।

तुमहारा किया हुआ (जीव) तुमहारी आज्ञा मे चलता है।

तुम अपनी गति और मर्य्यादा को आप ही जानते हो।

श्री जगत गुरु जी कहते है, दास सदा आप पर कुर्बान है ।८।

सलोकु

देनहारु प्रभ छोडि कै लागहि आन सुआइ ॥
नानक कहू न सीझई विनु नावै पति जाइ ॥१॥

असटपदी ॥

दस वसतू ले पाछै पावै ॥
एक वसतु कारनि विखोटि गवावै ॥
एक भी न देइ दस भी हिरि लेइ ॥

तउ मूड़ा कहु कहा करेइ ॥
जिसु ठाकुर सिउ नाही चारा ॥
ता कउ कीजै सद नमसकारा ॥
जा कै मनि लागा प्रभु मीठा ॥
सरब सूख ताहू मनि वूठा ॥
जिसु जन अपना हुकमु मनाइआ ॥
सरब थोक नानक तिनि पाइआ ॥१॥
अगनत साहु अपनी दे रासि ॥
खात पीत वरतै अनद उलासि ॥
अपुनी अमान कछु वहुरि साहु लेइ ॥
अगिआनी मनि रोसु करेइ ॥
अपनी परतीति आप ही खोवै ॥

सलोकु ॥

दातार प्रभु का त्याग करके यह जीव और स्वार्थों में लग रहे हैं।
हे नानक! यह पुरुष कहीं मुक्ति नहीं पाते, क्यों कि नाम बिना
मान नहीं होता ॥६॥

असटपदी

दश (भाव,कई) पदार्थ लेकर जमा करता है;
एक वस्तु के न होने के कारण अपना विश्वास गंवा लेता है।
(भला) प्रभु उस एक वस्तु को न देकर प्रथम की दी हुई वस्तु
को भी छीन ले,
सब बनाओ यह मूर्ख जीव क्या कर सकता है?
जिस स्वामी के संग बस न चले,
उस को सदा नमस्कार करिये।
जिस के मन मे प्रभु प्यारा लगता है,
सब सुख उस के मन में प्राप्त होते हैं।
जिस मनुष्य को (प्रभु ने) अपना हुकम मनाया है,
उस ने सब पदार्थ पा लिये हैं ॥१॥
अनन्त पदार्थों का धनी प्रभु अपनी पूंजी देता है।
(जीव) उस की दात को खाता पीता बर्तता अति प्रसन्न होता है।
जब शाह (प्रभु) अपनी अमानत कुछ वापिस ले लेता है
तब अज्ञानी अपने मन में क्रोध करता है।
(ऐसा करने से जीव)अपना विश्वास आप खो लेता है।

बहुरि उसका विस्वासु न होवै ॥
जिस की वसतु तिसु आगै राखै ॥
प्रभ की आगिआ मानै माथै ॥
उस ते चउगुन करै निहालु ॥
नानक साहिबु सदा दइआलु ॥२॥
अनिक भाति माइआ के हेत ॥
सरपर होवत जानु अनेत ॥
बिरख की छाइआ सिउ रंगु लावै ॥
ओह बिनसै उहु मनि पछुतावै ॥
जो दीसै सो चालनहारु ॥
लपटि रहिओ तह अंध अंधारु ॥
बटाऊ सिउ जो लावै नेह ॥
ता कउ हाथि न आवै केह ॥
मन हरि के नाम की प्रीति सुखदाई ॥
करि किरपा नानक आपि लए लाई ॥३॥

मिथिआ तनु धनु कुटंबु सबाइआ ॥
मिथिआ हउमै ममता माइआ ॥
मिथिआ राज जोबन धन माल ॥
मिथिआ काम क्रोध बिकराल ॥
मिथिआ रथ हसती अस्व बसत्रा ॥

फिर उसका विश्वास नहीं किया जाता।
जिस (प्रभु) की वस्तु है उसके आगे धरे और
प्रभु-आज्ञा को माथे पर माने,
तब शाह उस को उस से चार गुणा अधिक प्रसन्न करता है।
हे नानक ! वह साहिब सर्वदा दयालु है ॥२॥
माया के जो अनेक प्रकार के हित हैं,
निश्चै जान कि वह नाश होंगे।
जैसे किसी ने वृक्ष की छाया संग प्रीति लगाई है,
उस के नाश होने पर वह पश्चाताप करता है।
इस प्रकार जो कुछ दिखाई देता है वह सब नाश होने वाला है।
यह अन्धा उन में लपट रहा है।
जो (जीव) यात्रु संग प्रीति करता है,
उस के हाथ में कुछ नहीं आता।
हे मन ! हरि के नाम की प्रीति सुखदायक है।
हे नानक ! (अकाल पुरुष) कृपा करके आप ही अपनी प्रीति
लगा देता है ॥३॥
तन धन और सब परिवार मिथ्या है।
"मैं हूँ" "यह मेरा है" और माया—यह सब मिथ्या है।
राज यौवन धन और माल—यह सब मिथ्या है।
भयंकर काम और क्रोध भी मिथ्या है।
रथ हस्ती घोड़े और वस्त्र—यह सब मिथ्या है।

मिथिआ रंग संगि माइआ पेखि हसता ॥
मिथिआ ध्रोह मोह अभिमानु ॥
मिथिआ आपस ऊपरि करत गुमानु ॥
असथिरु भगति साध की सरन ॥
नानक जपि जपि जीवै हरि के चरन ॥४॥
मिथिआ स्रवन पर निंदा सुनहि ॥
मिथिआ हसत पर दरब कउ हिरहि ॥
मिथिआ नेत्र पेखत पर त्रिअ रूपाद ॥
मिथिआ रसना भोजन अन स्वाद ॥

मिथिआ चरन पर बिकार कउ धावहि ॥
मिथिआ मन पर लोभु लुभावहि ॥
मिथिआ तन नही पर उपकारा ॥
मिथिआ बासु लेत बिकारा ॥
बिनु बूझे मिथिआ सभ भए ॥
सफल देह नानक हरि हरि नामु लए ॥ ५ ॥
बिरथी साकत की आरजा ॥
साच बिना कह होवत सूचा ॥
बिरथा नाम बिना तनु अंध ॥
मुखि आवत ता कै दुरगंध ॥
बिनु सिमरन दिनु रैनि ब्रिथा बिहाइ ॥

प्रसन्नता पूर्वक माया को देख कर हँसना भी मिथ्या है।

श्रोह, मोह, श्रहंकार सब झूठा है।

अपने ऊपर गुमान करना भी झूठा है।

साधु शरण और हरि-भक्ति यह स्थिर है।

हे नानक ! यह (जीव) जीवित है जो हरि-चरण जपता है ।।४॥

व्यर्थ हैं कान जो दूसरे की निन्दा सुनते हैं।

व्यर्थ हैं हाथ जो दूसरों का धन चुराते हैं।

व्यर्थ हैं नेत्र जो देखते हैं पर स्त्रियों के रूपादि ।

व्यर्थ है जिह्वा जो (हरि रस त्याग के) भोजनादि और स्वादों मे लगी है।

व्यर्थ हैं चरण जो दूसरे की बुराई निमित्त दौड़ते हैं।

व्यर्थ है वह मन जो पर-पदार्थों के लोभ मे लुभा रहे हैं।

व्यर्थ है शरीर जो परोपकार मे तत्पर नहीं है।

व्यर्थ है (घ्राण) जो विकार जनक वासना को लेते हैं।

विना समझे सब (जीव) व्यर्थ चले गये।

हे नानक ! केवल हरिनाम उच्चारण मे शरीर सफल होता है।५।

व्यर्थ है दुर्जन की सब अवस्था, क्योंकि

सत्य विना कभी कोई सच्चा नही हो सकता है।

नाम बिना अज्ञानी का शरीर व्यर्थ है।

उसके मुख से (झूठ निन्दादि की) दुर्गन्धि आती है।

स्मरण बिना दिन रात व्यर्थ व्यतीत होते हैं,

मेघ विना जिउ खेती जाइ ॥
गोविद भजन विनु वृथे सभ काम ॥
जिउ किरपन के निरारथ दाम ॥
धंनि धंनि ते जन जिह घटि बसिओ हरि नाउ ॥
नानक ता कै बलि बलि जाउ ॥ ६ ॥
रहत अवर कछु अवर कमावत ॥

मनि नही प्रीति मुखहु गंढ लावत ॥
जाननहार प्रभू परबीन ॥
बाहरि भेख न काहू भीन ॥
अवर उपदेसै आपि न करै ॥
आवत जावत जनमै मरै ॥
जिस कै अंतरि बसै निरंकारु ॥
तिस की सीख तरै संसारु ॥
जो तुम भाने तिन प्रभु जाता ॥
नानक उन जन चरन पराता ॥ ७ ॥
करउ बेनती पारब्रहमु सभु जानै ॥
अपना कीआ आपहि मानै ॥
आपहि आप आपि करत निबेरा ॥
किसै दूरि जनावत किसै बुझावत नेरा ॥

जैसे बादल बिना खेती व्यर्थ जाती है।
गोविन्द भजन बिना सब काम व्यर्थ हैं,
जैसे कंजूस का धन व्यर्थ है।
वह पुरुष धन्य हैं जिनके मन में हरिनाम बसा है।
श्री गुरू जी कहते हैं हम उन पर बलिहार बलिहार जाते हैं।६।
बाहर की रहनी (भाव, दिखावा) और है पुनः करता कछु और है।
मन में तो प्रीति नहीं और मुख से प्रीति के बनाव बनाता है।
अन्तर्यामी, सब कुछ पहिचानने वाला,
बाहर के किसी कपट वेष कर प्रभु रीझता नहीं।
जो दूसरे को उपदेश देता है और आप कमाता नहीं,
वह सदा जन्म मरण के चक्कर में पड़ा रहता है।
जिसके मन में निरंकार बसता है,
उस की सिक्षा से संसार तरता है।
हे प्रभो! जो तुम को भाते हैं उन्हों ने तुम को जाना है।
श्री गुरू जी कहते हैं हम उन के चरणों पर पड़ते हैं॥७॥
प्रभु के सम्मुख मैं जो बिनती करता हूं वह सब कुछ जानता है।
अपने किये भक्त को आप ही मान देता है।
आप ही अपने आप न्याय करता है।
किसी को दूर जनाता है, किसी को अपना आप समीप दिखाता है।

उपाव सिग्रानप सगल ते रहत ॥
सभु कछु जानै आतम की रहत ॥
जिसु भावै तिसु लए लड़ि लाइ ॥
थान थनंतरि रहिआ समाइ ॥
सो सेवकु जिसु किरपा करी ॥
निमख निमख जपि नानक हरी ॥ ८ ॥ ५ ॥

सलोकु

काम क्रोध अरु लोभ मोह बिनसि जाइ अहंमेव ॥
नानक प्रभ सरणागती करि प्रसादु गुरदेव ॥ १ ॥

असटपदी

जिह प्रसादि छतीह अंमृत खाहि ॥
तिसु ठाकुर कउ रखु मन माहि ॥
जिह प्रसादि सुगंधत तनि लावहि ॥
तिस कउ सिमरत परम गति पावहि ॥
जिह प्रसादि बसहि सुख मंदरि ॥
तिसहि धिग्राइ सदा मन अंदरि ॥
जिह प्रसादि गृह संगि सुख बसना ॥
आठ पहर सिमरहु तिसु रसना ॥
जिह प्रसादि रंग रस भोग ॥
नानक सदा धिआईऐ धिआवनजोग ॥ १ ॥

किसी उपाव व स्यानप से वश में नहीं आता,
क्योंकि वह हर एक जीव की आत्मिक रहिनी को जानता है।
जिस को चाहता है उस को अपनी शरण में लगा लेता है !
वह हर एक स्थान में समा रहा है।
वह ही सेवक है जिस पर प्रभु ने स्वयं कृपा की है।
वह सेवक पल पल हरि को जपता है ॥८॥५॥

सलोकु

श्री गुरू जी कहते हैं, हे प्रभो! मैं आप की शरण हूँ। हे गुरू देव! कृपा कर, जिस से काम क्रोध लोभ मोह और अहंकार नष्ट हो जायँ ॥१॥

असटपदी ॥

जिस की कृपा से तूं छत्तीस प्रकार के उत्तम भोजन को खाता है,
उस परमेश्वर को मन में धारण कर।
जिसकी कृपा से सुगंधियां शरीर पर लगाता है,
उस का स्मरण करने से परम गति को पायेगा।
जिस की कृपा से सुख पूर्वक मन्दिर में बसता है,
सदा मन में उसका ध्यान कर।
जिस की कृपा से घर मे सुख से बसता है,
आठ पहर जिह्वा से उसका स्मरण कर।
जिस की कृपा से रंग और रस तूं भोगता है,
हे नानक ! उस ध्यान योग्य का सदा ध्यान कर ॥१॥

जिह प्रसादि पाट पटंबर हढावहि ॥
तिसहि तिआगि कत अवर लुभावहि ॥
जिह प्रसादि सुखि सेज सोईजै ॥
मन आठ पहर ता का जसु गावीजै ॥
जिह प्रसादि तुझु सभु कोऊ मानै ॥
मुखि ता को जसु रसन बखानै ॥
जिह प्रसादि तेरो रहता धरमु ॥
मन सदा धिआइ केवल पारब्रहमु ॥
प्रभ जी जपत दरगह मानु पावहि ॥
नानक पति सेती घरि जावहि ॥ २ ॥
जिह प्रसादि आरोग कंचन देही ॥
लिव लावहु तिसु राम सनेही ॥
जिह प्रसादि तेरा ओला रहत ॥
मन सुख पावहि हरि हरि जसु कहत ॥
जिह प्रसादि तेरे सगल छिद्र ढाके ॥
मन सरनी परु ठाकुर प्रभ ता कै ॥
जिह प्रसादि तुझु को न पहूचै ॥
मन सासि सासि सिमरहु प्रभ ऊचे ॥
जिह प्रसादि पाई द्रुलभ देह ॥
नानक ता की भगति करेह ॥ ३ ॥
जिह प्रसादि आभूखन पहिरीजे ॥

जिस की कृपा से तूं साधारण और रेशमी वस्त्रों को पहनता है,
उस का त्याग कर क्यों दूसरी वस्तुओं में लुभा रहा है?
जिस की कृपा से तूं सुख पूर्वक सेजा पर सोता है,
हे मन! आठों पहर उस का सुयश गाओ।
जिस की कृपा से तुम को सब कोई मानता है,
मुख से जिह्वा द्वारा उस का सुयश कथन कर।
जिस की कृपा से तुमहारा धर्म बना रहता है,
हे मन! सदा केवल उस पारब्रहम का ध्यान कर।
प्रभु जप कर तूं प्रभु-दर्बार में मान पायेगा।
हे नानक! तूं मान के संग अपने घर जायेगा ॥२॥
जिसकी कृपा से स्वर्ण सम सुन्दर और रोग-रहित तेरा शरीर है,
उस परमेश्वर मे अपनी चित्त-वृत्ति को लगा।
जिस की कृपा से तेरा पडदा वना है,
हे मन! उस हरियश के करने से तूं सुख पायेगा।
जिसकी कृपा से तेरे सब दोष ढके हैं,
हे मन! उस प्रभु-ठाकुर की शरण मे पड।
जिस की कृपा से कोई तुमहारी समता नही कर सकता,
हे मन! उस ऊचे प्रभु का श्वास श्वास समरण कर।
जिस की कृपा से तुम ने दर्लभ शरीर पाया है,
हे नानक! उस की भक्ति कर ॥३॥
जिसकी कृपा से (कई प्रकार के) भूषण पहने जाते हैं,

मन तिसु सिमरत किउ आलसु कीजै ॥
जिह प्रसादि अस्व हसति असवारी ॥
मन तिसु प्रभ कउ कबहू न विसारी ॥
जिह प्रसादि बाग मिलख धना ॥
राखु परोइ प्रभु अपुने मना ॥
जिनि तेरी मन बनत बनाई ॥
ऊठत बैठत सद तिसहि धिआई ॥
तिसहि धिआइ जो एकु अलखै ॥
ईहा ऊहा नानक तेरी रखै ॥ ४ ॥
जिह प्रसादि करहि पुंन बहु दान ॥
मन आठ पहर करि तिस का धिआन ॥
जिह प्रसादि तू आचार बिउहारी ॥
तिसु प्रभ कउ सासि सासि चितारी ॥
जिह प्रसादि तेरा सुंदर रूपु ॥
सो प्रभु सिमरहु सदा अनूपु ॥
जिह प्रसादि तेरी नीकी जाति ॥
सो प्रभु सिमरि सदा दिन राति ॥
जिह प्रसादि तेरी पति रहै ॥
गुर प्रसादि नानक जसु कहै ॥ ५ ॥
जिह प्रसादि सुनहि करन नाद ॥
जिह प्रसादि पेखहि बिसमाद ॥

हे मन ! उस के स्मरण में आलस क्यों किया जाय ?
जिस की कृपा से तूं घोड़े और हाथियों की सवारी करता है,
हे मन ! उस प्रभु को मत भूलना ।
जिस की कृपा से तुम को बगीचे मन्दिर और धन प्राप्त हैं,
उस प्रभु को अपने मन में परो कर रक्ख ।
हे मन ! जिस ने तुमहारा सब बनाउ बनाया है,
ऊठते बैठते सदा उसका ध्यान कर ।
हे नानक ! उस का ध्यान धर जो एक और अलक्ख है,
और जो लोक और परलोक में तुमहारा मान रखेगा ॥४॥
जिस की कृपा से तूं पुण्य और दान करता है,
हे मन ! सदा उस का ध्यान कर ।
जिस की कृपा से तूं शुभ-कार्य्य करने वाला व्यवहारी है,
उस प्रभु को स्वास स्वास याद कर ।
जिस की कृपा से तेरा सुन्दर रूप है,
उस अनूपम प्रभु का सदा स्मरण कर ।
जिस की कृपा से तेरी उत्तम जाति है,
उस प्रभु का सदा दिन रात स्मरण कर ।
जिस की कृपा से तेरा मान बना है,
गुरू-कृपा से हे नानक ! हम उस का यश कहते हैं ॥५॥
जिस की कृपा से कानों से तूं रागादिकों को सुनता है,
जिस की कृपा से आश्चर्य्य वस्तुओं को देखता है,

जिह प्रसादि बोलहि अंमृत रसना ॥
जिह प्रसादि सुखि सहजे बसना ॥
जिह प्रसादि हसत कर चलहि ॥
जिह प्रसादि संपूरन फलहि ॥
जिह प्रसादि परम गति पावहि ॥
जिह प्रसादि सुखि सहजि समावहि ॥
ऐसा प्रभु तिआगि अवर कत लागहु ॥
गुर प्रसादि नानक मनि जागहु ॥ ६ ॥
जिह प्रसादि तूं प्रगटु संसारि ॥
तिसु प्रभ कउ मूलि न मनहु बिसारि ॥
जिह प्रसादि तेरा परतापु ॥
रे मन मूड़ तू ता कउ जापु ॥
जिह प्रसादि तेरे कारज पूरे ॥
तिसहि जानु मन सदा हजूरे ॥
जिह प्रसादि तूं पावहि साचु ॥
रे मन मेरे तूं ता सिउ राचु ॥
जिह प्रसादि सभ की गति होइ ॥
नानक जापु जपै जपु सोइ ॥७॥
आपि जपाए जपै सो नाउ ॥
आपि गावाए सु हरि गुन गाउ ॥
प्रभ किरपा ते होइ प्रगासु ॥

जिस की कृपा से रसना द्वारा तूं अमृत वचन बोलता है,
जिस की कृपा से तूं स्वाभाविक सुख में बस रहा है,
जिस की कृपा से तेरे हाथ चलते हैं,
जिस की कृपा से तूं संपूर्ण फलों से फला है,
जिस की कृपा से परम गति को पाता है,
जिस की कृपा से आत्म सुख में समाता है,
ऐसा प्रभु त्याग के तूं और किस में लगा है ?
हे नानक ! गुरू-कृपा से मन में जागो ॥६॥
जिस की कृपा से तूं संसार में प्रगट है,
उस प्रभु को मन से कभी न भूल ।
जिस की कृपा से तेरा प्रताप बना है,
हे मूढ मन ! तूं उस को जप।
जिस की कृपा से तेरे कार्य्य पूर्ण हो रहे हैं,
हे मन ! उस को सदा प्रत्यक्ष जान।
जिस की कृपा से तू सत्य-रूप प्रभु को पाता है,
हे मेरे मन ! तूं उस के संग प्रीति कर।
जिस की कृपा से सब की गति होति है,
हे नानक ! उस जपने योगय को जप ॥७॥
जिस को प्रभु आप जपाय, सो नाम जपता है ।
जिस से आप गान कराता है, सो हरि-गुण गाता है।
प्रभु-कृपा से प्रकाश होता है ।

प्रभ दइआ ते कमल बिगासु ॥
प्रभ सुप्रसंन वसै मनि सोइ ॥
प्रभ दइआ ते मति ऊतम होइ ॥
सरब निधान प्रभ तेरी मइआ ॥
आपहु कछू न किनहू लइआ ॥
जितु जितु लावहु तितु लगहि हरि नाथ ॥

नानक इन कै कछू न हाथ ॥ ८ ॥ ६ ॥

सलोकु ॥

अगम अगाधि पारब्रहमु सोइ ॥
जो जो कहै सु मुकता होइ ॥
सुनि मीता नानकु बिनवंता ॥
साध जना की अचरज कथा ॥१॥

असटपदी

साध कै संगि मुख ऊजल होत ॥
साध संगि मलु सगली खोत ॥
साध कै संगि मिटै अभिमानु ॥
साध कै संगि प्रगटै सुगिआनु ॥
साध कै संगि बुझै प्रभु नेरा ॥
साध कै संगि सभु होत निबेरा ॥
साध कै संगि पाए नाम रतनु ॥

प्रभु-दया से हृदय-कमल प्रफुल्लित होता है।

जब प्रभु प्रसन्न होता है तब मन में बसता है।

प्रभु-दया से उत्तम बुद्धि होती है।

हे प्रभो ! तेरी कृपा सब सिद्धों की सिद्धि है।

अपने आप किसी ने कुछ नहीं लिया,

हे हरिनाथ ! जहां जहां जीवों को लगाते हो वहां वहां वह लगते हैं।

हे नानक ! इन जीवों के हाथ में कुछ नहीं है ॥८॥६॥

सलोकु

सो पारब्रह्म गम्यता रहित और अथाह है।

जो जो पुरुष प्रभु नाम को लेता है सो सो मुक्त होता है।

श्री गुरू जी विनती करते हैं, हे मित्र ! सुन (उस का नाम स्मरण करने वाले) महां पुरुषों की कथा आश्चर्य है ॥७॥

असटपदी ॥

साधु संगति से मुख उज्ज्वल होता है।

साधु संगति सब मल को दूर करती है।

साधु संगति से अभिमान दूर होता है।

साधु संगति से श्रेष्ठ ज्ञान प्रकट होता है।

साधु संगति से प्रभु समीप जाना जाता है।

साधु संगति से सब (बन्धनों) से खलासी हो जाती है।

साधु संगति से जीव नाम-रत्न को पाता है।

साध कै संगि एक ऊपरि जतनु ॥
साध की महिमा बरनै कउनु प्रानी ॥
नानक साध की सोभा प्रभ माहि समानी ॥१॥
साध कै संगि अगोचरु मिलै ॥
साध कै संगि सदा परफुलै ॥
साध कै संगि आवहि बसि पंचा ॥
साध संगि अंमृत रसु भुंचा ॥
साध संगि होइ सभ की रेन ॥
साध कै संगि मनोहरि बैन ॥
साध कै संगि न कतहूं धावै ॥
साध संगि असथिति मनु पावै ॥
साध कै संगि माइआ ते भिंन ॥
साध संगि नानक प्रभ सुप्रसंन ॥२॥
साध संगि दुसमन सभि मीत ॥
साधू कै संगि महा पुनीत ॥
साध संगि किस सिउ नही बैरु ॥
साध कै संगि न बीगा पैरु ॥
साध कै संगि नाही को मंदा ॥
साध संगि जाने परमानंदा ॥
साध कै संगि नही हउ तापु ॥
साध कै संगि तजै सभु आपु ॥

साधु संगति से एक परमेश्वर प्राप्ति का ही यत्न होता है।
साधु महिमा को कौन प्राणी वर्णन कर सकता है ?
हे नानक ! साधु महिमा प्रभु में समाई हुई है ॥१॥
साधु संगति से इन्द्रियों-का-अविषय प्रभु मिलता है।
साधु संगति से मन सर्वदा प्रफुल्लित रहता है।
साधु संगति से पांचों (कामादि) वश में आते हैं।
साधु संगति से जीव अमृत रस को आस्वादन करता है।
साधु संगति से जीव सब की धूली होता है।
साधु संगति से मधुर वचन बोलता है।
साधु संगति से (वासना अधीन होकर) कहीं दौड़ता नहीं।
साधु संगति से मन स्थिरता को प्राप्त होता है।
साधु संगति से माया में अलेप रहता है।
हे नानक ! साधु संगति करने से प्रभु सुप्रसन्न होता है ॥२॥
साधु संगति से सब शत्रु मित्र हो जाते हैं।
साधु संगति से मन अति पवित्र होता है।
साधु संगति से किसी के संग वैर नहीं रहता।
साधु संगति से कुमार्ग में पावों नहीं पड़ता।
साधु संगति से कोई बुरा दिखाई नहीं पडता।
साधु संगति से जीव परमानन्द को जानता है।
साधु संगति से अहंता रूप ताप नहीं होता।
साधु संगति से जीव सब आपा भाव त्याग देता है।

आपे जानै साध बडाई ॥
नानक साध प्रभू बनि आई ॥३॥
साध कै संगि न कबहू धावै ॥
साध कै संगि सदा सुखु पावै ॥
साध संगि बसतु अगोचर लहै ॥
साधू कै संगि अजरु सहै ॥
साध कै संगि बसै थानि ऊचै ॥
साधू कै संगि महलि पहूचै ॥
साध कै संगि दृड़ै सभि धरम ॥
साध कै संगि केवल पारब्रहम ॥
साध कै संगि पाए नाम निधान ॥
नानक साधू कै कुरबान ॥४॥
साध कै संगि सभ कुल उधारै ॥
साध संगि साजन मीत कुटंब निसतारै ॥
साधू कै संगि सो धनु पावै ॥
जिसु धन ते सभु को वरसावै ॥
साध संगि धरमराइ करे सेवा ॥
साध कै संगि सोभा सुर देवा ॥
साधू कै संगि पाप पलाइन ॥
साध संगि अंमृत गुन गाइन ॥
साध कै संगि सरब थान गंमि ॥

नानक साध कै संगि सफल जनंम ॥५॥
साध कै संगि नही कछु घाल ॥

दरसनु भेटत होत निहाल ॥
साध कै संगि कलूखत हरै ॥
साध कै संगि नरक परहरै ॥
साध कै संगि ईहा ऊहा सुहेला ॥
साध संगि बिछुरत हरि मेला ॥

जो इछै सोई फलु पावै ॥
साध कै संगि न बिरथा जावै ॥
पारब्रहमु साध रिद बसै ॥
नानक उधरै साध सुनि रसै ॥ ६ ॥

साध कै संगि सुनउ हरि नाउ ॥
साध संगि हरि के गुन गाउ ॥
साध कै संगि न मन ते बिसरै ॥
साध संगि सरपर निसतरै ॥
साध कै संगि लगै प्रभु मीठा ॥
साधू कै संगि घटि घटि डीठा ॥
साध संगि भए आगिआकारी ॥

हे नानक ! साधु संगति में जन्म सफल होता है ॥५॥

साधु संगति करने से (ईश्वर प्राप्ति के लिये) कोई (तप आदि) प्रयत्न नहीं करना पड़ता,

क्योंकि दर्शन करते ही निहाल हो जाता है।

साधु संगति से पाप दूर हो जाते हैं।

साधु संगति से नरक से बच जाता है।

साधु संगति से लोक परलोक में सुखी होता है।

साधु संगति के कारण ईश्वर से विछड़े जीव का उस से मिलाप हो जाता है।

जो चाहता है फल पा लेता है,

क्योंकि साधु-संग व्यर्थ नहीं होता।

पारब्रह्म साधु हृदय में बसता है।

हे नानक ! सन्तों के रस भरे वचन सुन कर जीव का उद्धार होता है ॥६॥

साधु संगति में (मैं) परमेश्वर का नाम सुनूं।

साधु संगति में (मैं) हरिगुण गान करूं।

साधु संगति से प्रभु मन से नहीं भूलता।

साधु संगति से जीव अवश्य तर जाता है।

साधु संगति से प्रभु मीठा लगता है।

साधु संगति से परमेश्वर सब घटों में देखा जाता है।

साधु संगति से हम आज्ञाकारी हुए हैं।

साध संगि गति भई हमारी ॥
साध कै संगि मिटे सभि रोग ॥
नानक साध भेटे संजोग ॥७॥
साध की महिमा वेद न जानहि ॥
जेता सुनहि तेता बखिआनहि ॥
साध की उपमा तिहु गुण ते दूरि ॥
साध की उपमा रही भरपूरि ॥
साध की सोभा का नाही अंत ॥
साध की साभा सदा वेअंत ॥
साध की सोभा ऊच ते ऊची ॥
साध की सोभा मूच ते मूची ॥
साध की सोभा साध बनि आई ॥
नानक साध प्रभ भेदु न भाई ॥ ८ ॥ ७ ॥

सलोकु

मनि साचा मुखि साचा सोइ ॥

अवरु न पेखै एकसु बिनु कोइ ॥

नानक इह लछण ब्रहमगिआनी होइ ॥१॥

असटपदी

ब्रहमगिआनी सदा निरलेप ॥

साधु संगति से हमारी गति हुई है।

साधु संगति से सब रोग दूर हुए हैं।

हे नानक! उत्तम कर्म से साधु-मिलाप होता है ॥७।

साधु महिमा को वेद नहीं जानते।

जैसा सुना है तैसा कथन वह करते हैं।

साधु महिमा त्रिगुणों से परे है।

साधु महिमा सब ब्रह्मंड में पूर्ण है।

साधु महिमा का अन्त नहीं है।

साधु महिमा सदा अन्त-रहित है।

साधु महिमा ऊँचों से ऊँची है।

साधु महिमा अधिक से अधिक है।

साधु महिमा साधु को बन आई है।

हे नानक! साधु और प्रभु में भेद नहीं है ॥८॥७॥

जैसे जल महि कमल अलेप ॥
ब्रहमगिआनी सदा निरदोख ॥
जैसे सूरु सरब कउ सोख ॥

ब्रहमगिआनी कै द्रसटि समानि ॥
जैसे राज रंक कउ लागै तुलि पवान ॥
ब्रहमगिआनी कै धीरजु एक ॥
जिउ बसुधा कोऊ खोदै कोऊ चंदन लेप ॥

ब्रहमगिआनी का इहै गुनाउ ॥
नानक जिउ पावक का सहज सुभाउ ॥२॥

ब्रहमगिआनी निरमल ते निरमला ॥
जैसे मैलु न लागै जला ॥
ब्रहमगिआनी कै मनि होइ प्रगासु ॥
जैसे धर ऊपरि आकासु ॥
ब्रहमगिआनी कै मित्र सत्र समानि ॥
ब्रहमगिआनी कै नाही अभिमान ॥
ब्रहमगिआनी ऊच ते ऊचा ॥
मनि अपनै है सभ ते नीचा ॥

जैसे जल में कमल अलेप रहता है।

वह ज्ञानी सदा निर्दोष है,

जैसे सूर्य सब पदार्थों को शोषण करता है (परन्तु उस को कोई दोष नहीं लगता)।

ब्रह्मज्ञानी सम दृष्टि है,

जैसे वायु राजा और रंक सब को सम लगे है।

ब्रह्मज्ञानी के (हृदय में) एक धैर्य्य दृढ़ है,

जैसे पृथ्वी को कोई खोदता है और चन्दन का लेप करता है।

हे नानक! ब्रह्मज्ञानी का यह गुण है,

जैसे अग्नि का स्वभाविक यह गुण है(कि निकटवर्ती पुरुष का शीत दूर करे है वैसे ब्रह्मज्ञानी भी समीपवर्ती पुरुष की जड़ता दूर करे है) ॥ १ ॥

ब्रह्मज्ञानी अति निर्मल है,

जैसे जल को मल नहीं लगती।

ब्रह्मज्ञानी के मन में आत्म प्रकाश होता है,

जैसे पृथ्वी के ऊपर भाव सब स्थानों में प्रकाश पूर्ण है,

ब्रह्मज्ञानी को शत्रु और मित्र सम होते हैं।

ब्रह्मज्ञानी को अहंकार नहीं होता।

ब्रह्मज्ञानी ऊचों से ऊचा है, परन्तु

अपने मन में सब से नीचा है।

ब्रहमगिआनी से जन भए ॥
नानक जिन प्रभु आपि करेइ ॥२॥
ब्रहमगिआनी सगल की रीना ॥
आतम रसु ब्रहमगिआनी चीना ॥
ब्रहमगिआनी की सभ ऊपरि मइआ ॥
ब्रहमगिआनी ते कछु बुरा न भइआ ॥
ब्रहमगिआनी सदा समदरसी ॥
ब्रहमगिआनी की द्रसटि अंमृतु बरसी ॥
ब्रहमगिआनी बंधन ते मुकता ॥
ब्रहमगिआनी की निरमल जुगता ॥
ब्रहमगिआनी का भोजनु गिआन ॥
नानक ब्रहमगिआनी का ब्रहम धिआनु ॥३॥
ब्रहमगिआनी एक ऊपरि आस ॥
ब्रहमगिआनी का नही बिनास ॥
ब्रहमगिआनी कै गरीबी समाहा ॥
ब्रहमगिआनी परउपकार उमाहा ॥
ब्रहमगिआनी कै नाही धंधा ॥
ब्रहमगिआनी ले धावतु बंधा ॥
ब्रहमगिआनी कै होइ सु भला ॥
ब्रहमगिआनी सुफल फला ॥
ब्रहमगिआनी संगि सगल उधारु ॥

हे नानक ! ब्रह्मज्ञानी वह पुरुष हुए हैं,
जिन को परमेश्वर स्वयं करता है ॥ २ ॥

ब्रह्मज्ञानी सब की धूलि होता है।
ब्रह्मज्ञानी ने आत्मरस को पहिचाना है।
ब्रह्मज्ञानी की सब के ऊपर कृपा होती है।
ब्रह्मज्ञानी से रंचक मात्र भी बुरा नहीं होता।
ब्रह्मज्ञानी सदा सदा समदर्शी है।
ब्रह्मज्ञानी की दृष्टि से अमृत बर्षता है।
ब्रह्मज्ञानी बन्धन से मुक्त है।
ब्रह्मज्ञानी की मर्य्यादा निर्मल होती है।
ब्रह्मज्ञानी का ज्ञान ही भोजन है।
हे नानक! ब्रह्मज्ञानी का सब को ब्रह्म रूप देखना ही ध्यान है॥३॥

ब्रह्मज्ञानी की एक परमेश्वर पर ही आशा होती है।
ब्रह्मज्ञानी का विनाश नहीं होता।
ब्रह्मज्ञानी के मन में गरीबी समाई है।
ब्रह्मज्ञानी परोपकार में तत्पर रहता है।
ब्रह्मज्ञानी को कोई धन्धा नहीं है।
ब्रह्मज्ञानी ने भागने वाले भाव चंचल मन को रोक लिया है।
ब्रह्मज्ञानी की दृष्टि में जो कुछ होता है सो भला है।
ब्रह्मज्ञानी श्रेष्ट फलों से फला है।
ब्रह्मज्ञानी की संगति से सब का उद्धार होता है।

नानक ब्रहमगिआनी जपै सगल संसारु ॥४॥

ब्रहमगिआनी कै एकै रंग ॥
ब्रहमगिआनी कै बसै प्रभु संग ॥
ब्रहमगिआनी कै नामु अधारु ॥
ब्रहमगिआनी कै नामु परवारु ॥
ब्रहमगिआनी सदा सद जागत ॥
ब्रहमगिआनी अहं बुधि तिआगत ॥
ब्रहमगिआनी कै मनि परमानंद ॥
ब्रहमगिआनी कै घरि सदा अनंद ॥
ब्रहमगिआनी सुख सहज निवास ॥
नानकब्रहम गिआनी का नही बिनास ॥५॥
ब्रहमगिआनी ब्रहम का बेता ॥
ब्रहमगिआनी एक संगि हेता ॥
ब्रहमगिआनी कै होइ अचिंत ॥
ब्रहमगिआनी का निरमल मंत ॥
ब्रहमगिआनी जिसु करै प्रभु आपि ॥
ब्रहमगिआनी का बड परताप ॥
ब्रहमगिआनी का दरसु बडभागी पाईऐ ॥
ब्रहमगिआनी कउ बलि बलि जाईऐ ॥
ब्रहमगिआनी कउ खोजहि महेसुर ॥

हे नानक ! ब्रह्मज्ञानी के वसीले से, सब संसार (नाम) जपता है ॥४॥

ब्रह्मज्ञानी के हृदय में सदा एक (ईश्वर) प्रेम रहता है।
ब्रह्मज्ञानी के संग प्रभु बसता है।
ब्रह्मज्ञानी के मन में नाम का आधार है।
ब्रह्मज्ञानी के लिए नाम ही परिवार है।
ब्रह्मज्ञानी सदा (आत्मरस में) जागता है।
ब्रह्मज्ञानी ने अहंबुद्धि का त्याग किया है।
ब्रह्मज्ञानी के मन में परमानन्द (स्वरूप परमात्मा) बसता है।
ब्रह्मज्ञानी के मन में सदा आनन्द रहता है।
ब्रह्मज्ञानी का आत्म-सुख में निवास है।
हे नानक ! इस लिए ब्रह्मज्ञानी का मरण नहीं होतना ॥५॥

ब्रह्मज्ञानी ब्रह्म के जानने वाला है।
ब्रह्मज्ञानी का एक परमेश्वर संग हित होता है।
ब्रह्मज्ञानी चिन्ता रहित होता है।
ब्रह्मज्ञानी का मन निर्मल होता है।
ब्रह्मज्ञानी वह है जिस को स्वयं प्रभू करता है।
ब्रह्मज्ञानी का प्रताप बड़ा होता है।
ब्रह्मज्ञानी का दर्शन बड़े भागों से प्राप्त होता है।
ब्रह्मज्ञानी पर बलिहार बलिहार जाइये।
ब्रह्मज्ञानी को शिवादि भी खोजते हैं।

नानक ब्रहमगिआनी आपि परमेसुर ॥६॥

ब्रहमगिआनी की कीमति नाहि ॥
ब्रहमगिआनी कै सगल मन माहि ॥
ब्रहमगिआनी का कउनु जानै भेदु ॥
ब्रहमगिआनी कउ सदा अदेसु ॥
ब्रहमगिआनी का कथिआ न जाइ अधाख्यरु ॥

ब्रहमगिआनी सरब का ठाकुरु ॥
ब्रहमगिआनी की मिति कउनु बखानै ॥
ब्रहमगिआनी की गति ब्रहम गिआनी जानै ॥
ब्रहमगिआनी का अंतु न पारु ॥
नानक ब्रहमगिआनी कउ सदा नमसकारु ॥७॥

ब्रहमगिआनी सभ स्रसटि का करता ॥
ब्रहमगिआनी सद जीवै नही मरता ॥
ब्रहमगिआनी मुकति जुगति जीअ का दाता ॥
ब्रहमगिआनी पूरन पुरखु बिधाता ॥
ब्रहमगिआनी अनाथ का नाथु ॥
ब्रहमगिआनी का सभ ऊपरि हाथु ॥
ब्रहमगिआनी का सगल अकारु ॥
ब्रहमगिआनी आपि निरंकारु ॥

हे नानक ! ब्रह्मज्ञानी स्वयं परमेश्वर (रूप) है ॥ ६ ॥

ब्रह्मज्ञानी की कीमत नहीं पाई जाती ।

ब्रह्मज्ञानी के मन मे सब कुछ है ।

ब्रह्मज्ञानी का भेद कौन जानता है ?

ब्रह्मज्ञानी को सदा नमस्कार है ।

ब्रह्मज्ञानी की रंचक मात्र भी महिमा कथन मे नहीं आ सकती ।

ब्रह्मज्ञानी सब का स्वामी है ।

ब्रह्मज्ञानी की मर्यादा को कौन कहे ?

ब्रह्मज्ञानी की गति को ब्रह्मज्ञानी जानता है ।

ब्रह्मज्ञानी का अन्त नहीं पाया जाता ।

श्री जगत गुरू जी कहते हैं कि हमारी ब्रह्मज्ञानी को सदा नमस्कार है ॥ ७ ॥

ब्रह्मज्ञानी सब सृष्टि का करता है ।

ब्रह्मज्ञानी सदा जीता है, कभी मृत्यु नहीं होता ।

ब्रह्मज्ञानी मुक्ति युक्ति और जीव दान देने वाला है ।

ब्रह्मज्ञानी पूर्ण पुरुष और विधाता है ।

ब्रह्मज्ञानी अनाथों का नाथ है ।

ब्रह्मज्ञानी का सब के ऊपर हाथ है ।

ब्रह्मज्ञानी का सब रूप है ।

ब्रह्मज्ञानी स्वयं निरंकार (रूप) है ।

ब्रहमगिआनी की सोभा ब्रहमगिआनी बनी ॥
नानक ब्रहमगिआनी सरब का धनी ॥८॥८॥

सलोकु

उरि धारै जो अंतरि नामु ॥
सरब मै पेखै भगवानु ॥
निमख निमख ठाकुर नमसकारै ॥
नानक ओहु अपरसु सगल निसतारै ॥१॥

असटपदी ॥

मिथिआ नाही रसना परस ॥
मन महि प्रीति निरंजन दरस ॥
पर त्रिअ रूपु न पेखै नेत्र ॥
साध की टहल संत संगि हेत ॥
करन न सुनै काहू की निंदा ॥
सभ ते जानै आपस कउ मंदा ॥
गुर प्रसादि बिखिआ परहरै ॥
मन की बासना मन ते टरै ॥
इंद्री जित पंच दोख ते रहत ॥
नानक कोटि मधे को ऐसा अपरस ॥१॥

ब्रह्मज्ञानी की महिमा ब्रह्मज्ञानी ही को बनी है।
हे नानक! ब्रह्मज्ञानी सब का धनी है ॥८॥

सलोकु

जो हृदय में नाम की धारणा करे,
और सब में भगवान देखे, पुन
पल पल में प्रभु को नमस्कार करे,
हे नानक! सो अपर्स और सबको तारने वाला है।

असटपदी

जिह्वा कर असत्य सम्भाषण नहीं करता है।
मन में वाहिगुरू दर्शन की प्रीति रखता है।
पर स्त्री का रूप नेत्रों से नहीं देखता।
साधु सेवा और सन्तों के संग प्रीति करता है।
कानों से किसी की निन्दा नहीं सुनता।
अपने आप को सब से बुरा जानता है।
गुरु-कृपा से विषय वासना रूप विष को त्यागता है।
मन के संकल्प और विकल्पों को मन से दूर करता है।
जितेन्द्रिय और कामादि पांच दोषों से रहित है।
हे नानक! करोड़ों में कोई एक ही ऐसा अपर्स असंग
पुरुष होता है ॥१॥

बैसनो सो जिसु ऊपरि सुप्रसंन ॥
बिसन की माइआ ते होइ भिंन ॥
करम करत होवै निहकरम ॥
तिसु बैसनो का निरमल धरम ॥
काहू फल की इछा नही बाछै ॥
केवल भगति कीरतन संगि राचै ॥
मन तन अंतरि सिमरन गोपाल ॥
सभ ऊपरि होवत किरपाल ॥
आपि द्रिड़ै अवरह नामु जपावै ॥
नानक ओहु बैसनो परम गति पावै ॥२॥
भगउती भगवंत भगति का रंगु ॥
सगल तिआगै दुसट का संगु ॥
मन ते बिनसै सगला भरमु ॥
करि पूजै सगल पारब्रहमु ॥
साध संगि पापा मलु खोवै ॥
तिसु भगउती की मति ऊतम होवै ॥
भगवंत की टहल करै नित नीति ॥
मनु तनु अरपै बिसन परीति ॥
हरि के चरन हिरदै बसावै ॥
नानक ऐसा भगउती भगवंत कउ पावै ॥३॥
सो पंडितु जो मनु परबोधै ॥

वैष्णव सो है जिस के ऊपर वाहिगुरू स्वयं सुप्रसन्न हैं।
और जो प्रभु की माया से अतीत है।
अपने धर्म कर्म को करता हुआ फल की इछा से रहित है।
उस वैष्णव का निर्मल धर्म है।
किसी भी अनित्य फल की इछा न करता हुआ केवल प्रभु-
भक्ति और कोर्तन में ही प्रीति रखता है।
मन तन से वाहिगुरू का स्मरण करे।
सब के ऊपर कृपालु होवे।
स्वयं नाम दृढ़ करके दूसरों को नाम जपाय।
हे नानक! सो वैष्णव परम गति को प्राप्त होता है॥ २॥
भगउती सो है जिस को वाहिगुरू-भक्ति का रंग चढ़ा हो।
सर्वथा दुष्टों के संग का त्याग करे।
उस के मन से सब भ्रम दूर हो गया हो।
पारब्रह्म को सब में पूर्ण जान कर पूजै।
साधु संगति में जा कर पाप रूप मल को दूर करे।
वह भगउती उत्तम-बुद्धि होता है।
सर्वदा वाहिगुरू की सेवा करे।
मन तन वाहिगुरू-प्रीति के समर्पण करे।
हरि-चरण हृदय में बसाय, भाव ध्यान करे।
हे नानक! ऐसा भगउती भगवन्त को पाता है॥ ३॥
पंडित सो है जो अपने मन को ज्ञानवान करे।

रामु नामु आतम महि सोधै ॥
राम नाम सारु रसु पावै ॥
उसु पंडित कै उपदेसि जगु जीवै ॥
हरि की कथा हिरदै बसावै ॥
सो पंडितु फिरि जोनि न आवै ॥
बेद पुरान सिमृति बूझै मूलु ॥
सूखम महि जानै असथूलु ॥
चहु वरना कउ दे उपदेसु ॥
नानक उस पंडित कउ सदा अदेसु ॥ ४ ॥
बीज मंत्रु सरब को गिआनु ॥

चहु वरना महि जपै कोऊ नामु ॥
जो जो जपै तिसकी गति होइ ॥
साध संगि पावै जनु कोइ ॥

करि किरपा अंतरि उरधारै ॥
पसु प्रेत मुघद पाथर कउ तारै ॥
सरब रोग का अउखदु नामु ॥
कलिआण रूप मंगल गुण गाम ॥
काहू जुगति कितै न पाईऐ धरमि ॥
नानक तिसु मिलै जिसु लिखिआ धुरि करमि ॥ ५ ॥

जिस कै मनि पारब्रहम का निवासु ॥

राम नाम को मन में विचारे।
राम-नाम रूप श्रेष्ठ-रस को पीवे।
उस पंडित के उपदेश कर जगत आत्म-जीवन प्राप्त करता है।
हरि कथा को अपने हृदय में बसाय।
सो पंडित जन्म मरण रहित हो जाता है।
वेद पुराण और स्मृतियों के सिद्धांत को समझे।
प्रभु में सब सारे दृश्यमान जगत को जान ले।
चारों वर्णों को उपदेश दे।
हे नानक! ऐसे पंडित को सदा नमस्कार है ॥ ४ ॥
सब मन्त्रों का बीज ज्ञान है, अथवा बीज मन्त्र जो नाम है, प्राणी मात्र को जानने योग्य है।
चारों वर्णों में से चाहे कोई भी नाम जपे,
जो जो जपेगा उस की मुक्ति होगी।
परन्तु नाम को साधु-संगति से कोई बड-भागी पुरुष ही पाता है।
जिस पर वाहिगुरू कृपा करे सो हृदय में धारण करता है।
नाम पशु प्रेत मूढ़ और पत्थर-सम जीवों को भी तार लेता है।
सब रोगों की दवाई नाम है।
वाहिगुरू गुणों का गान करना ही मंगल और कल्याण सरूप है। यह धर्म किसी युक्ति कर कहीं नहीं प्राप्त होता।
हे नानक! उस को मिलता है जिस को आदि से वाहिगुरू की ओर से बख़शिश का लेख लिखा है ॥ ५ ॥
जिस के मन में पारब्रह्म का निवास है,

तिसका नामु सति रामदासु ॥
आतम रामु तिसु नदरी आइआ ॥
दास दसंतण भाइ तिनि पाइआ ॥
सदा निकटि निकटि हरि जानु ॥
सो दासु दरगह परवानु ॥
अपुने दास कउ आपि किरपा करै ॥
तिसु दास कउ सभ सोझी परै ॥
सगल संगि आतम उदासु ॥
ऐसी जुगति नानक रामदासु ॥ ६ ॥
प्रभ की आगिआ आतम हितावै ॥
जीवन मुकति सोऊ कहावै ॥
तैसा हरखु तैसा उसु सोगु ॥
सदा अनंदु तह नही बिओगु ॥

तैसा सुवरनु तैसी उसु माटी ॥
तैसा अमृतु तैसी बिखु खाटी ॥
तैसा मानु तैसा अभिमानु ॥
तैसा रंकु तैसा राजानु ॥
जो वरताए साई जुगति ॥
नानक ओहु पुरखु कहीऐ जीवन मुकति ॥ ७ ॥
पारब्रहम के सगले ठाउ ॥
जितु जितु घरि राखै तैसा तिन नाउ ॥

उस का नाम निश्चै कर राम-दास है।
उस को सर्व व्यापक राम का दर्शन होता है।
दास भाव से ही उस दास ने वाहिगुरू को पाया है।
सर्वदा हरि को वह समीप ही समीप जानता है।
सो दास परलोक में माननीय होता है।
अपने दास पर प्रभु स्वयं कृपा करता है।
उस दास को परमार्थ की सब सूझ पड़े है।
सब के साथ रहता हुआ स्वयं उदास रहता है।
हे नानक! ऐसी युक्ति वाला राम-दास होता है॥ ६॥
प्रभु-आज्ञा जिस के मन में प्यारी लगे,
सो जीवन-मुक्त कहाता है।
वह हर्ष और शोक में समबुद्धि है।
उस को सर्वदा आनन्द है, कभी भी आनन्द से उस का
वियोग नहीं होता।
स्वर्ण और मिट्टी उस को एक जैसे हैं।
अमृत व हलाहल ज़हिर एक जैसे हैं।
सत्कार और तिरस्कार उस को एक जैसे हैं।
गरीब व अमीर उस को एक समान है।
जो परमेश्वर भाणा वरताय सो उस को योग्य जानता है।
हे नानक! वह पुरुष जीवन-मुक्त कहलाता है॥ ७॥
सब घट परमात्मा के हैं (अर्थात वह सब में व्यापक है)।
जैसे घट में (आत्मा को) रक्खे वैसा उन्हीं का नाम हो
जाता है।

आपे करन करावन जोगु ॥
प्रभ भावै सोई फुनि होगु ॥
पसरिओ आपि होइ अनत तरंग ॥

लखे न जाहि पारब्रहम के रंग ॥
जैसी मति देइ तैसा परगास ॥
पारब्रहमु करता अबिनास ॥
सदा सदा सदा दइआलु ॥
सिमरि सिमरि नानक भए निहाल ॥ ८ ॥ ९ ॥

सलोकु

उसतति करहि अनेक जन अंतु न पारावार ॥

नानक रचना प्रभि रची बहु बिधि अनिक प्रकार ॥१॥

असपटदी ॥

कई कोटि होइ पूजारी ॥
कई कोटि आचार बिउहारी ॥
कई कोटि भए तीरथ वासी ॥
कई कोटि बन भ्रमहि उदासी ॥
कई कोटि वेद के स्रोते ॥
कई कोटि तपीसुर होते ॥
कई कोटि आतम धिआनु धारहि ॥

आप ही सृष्टि के रचने और रचाने के योग्य है।

जो प्रभु को भाता है सोई फिर होता है।

प्रभु आप अपनी सृष्टि में तरंग की भांति अनेक रूप होके पसर रहा है।

उस पारब्रह्म के रंग लखे नहीं जाते।

हां जैसी बुद्धी वह देता है वैसा प्रकाश हो आता है।

आप पारब्रह्म कर्ता है पर नाश से रहित है।

वाहिगुरू सदा ही दयालु है।

हे नानक! उस का बार बार स्मरण करके जीव सब दुःखों से मुक्त हुये हैं॥ ६॥

सलोकु

अनेक जन प्रभु-स्तुति को करते हैं जिन का अन्त और पारावार नहीं।

हे नानक! प्रभु ने ऐसी रचना रची है जो बहु बिधि और अनेक प्रकार की है।

असटपदी॥

कई करोड़ पूजा करने वाले हुए हैं।

कई करोड़ करम-व्यवहार करने वाले हुए हैं।

कई करोड़ तीर्थ वासी हुए हैं।

कई करोड़ उदासीन होकर बन में भ्रमते हैं।

कई करोड़ वेद श्रवण करने वाले हैं।

कई करोड़ तपीश्वर हुए हैं।

कई करोड़ आत्म-ध्यान-धारी हैं।

कई कोटि कनि कानि नीचारहि ॥
कई कोटि नवतन नामु धिआवहि ॥
नानक करते का अंतु न पावहि ॥ १ ॥
कई कोटि भए अभिमानी ॥
कई कोटि अंध अगिआनी ॥
कई कोटि किरपन कठोर ॥
कई कोटि अभिग आतम निकोर ॥

कई कोटि पर दरब कउ हिरहि ॥
कई कोटि पर दूखना करहि ॥
कई कोटि माइआ स्रम माहि ॥
कई कोटि परदेस भ्रमाहि ॥
जितु जितु लावहु तितु तितु लगना ॥

नानक करते की जानै करता रचना ॥ २ ॥
कई कोटि सिध जती जोगी ॥
कई कोटि राजे रस भोगी ॥
कई कोटि पंखी सरप उपाए ॥
कई कोटि पाथर बिरख निपजाए ॥
कई कोटि पवण पाणी बैसंतर ॥
कई कोटि देस भू मंडल ॥
कई कोटि ससीअर सूर नख्यत्र ॥

कई करोड़ ब्रह्मज्ञानी ब्रह्म विचार करते हैं।
कई करोड़ (जीव नित्य प्रभु के) नवीन नाम को ध्याते हैं।
हे नानक! पूर्वोक्त सब जीव कर्तार का अन्त नहीं पा सके ॥१॥
कई करोड़ जीव अभिमान करने वाले हुए हैं।
कई करोड़ महा अज्ञानी हुए हैं।
कई करोड़ कृपण और पत्थर सम कठोर चित वाले हुए हैं।
कई करोड़ अभिग-मन और निकोर हुए हैं (जिन पर रंग न
चढ़ सके)।
कई करोड़ पर धन को चुराते हैं।
कई करोड़ पराई निन्दा करते रहते हैं।
कई करोड़ माया निमित्त प्रयत्न करते हैं।
कई करोड़ विदेश में भ्रमते हैं।
हे प्रभो आप जिस जिस ओर जीव को लगाते हो उस उस
ओर जीव लगता है।
हे नानक! वाहिगुरु-रचना को स्वयं वाहिगुरू ही जानता है ।२।
कई करोड़ सिद्ध यती और योगी हुए हैं।
कई करोड़ रस भोगने वाले राजे हुए हैं।
कई करोड़ पक्षी और सर्प प्रभु ने उत्पन्न किए हैं।
कई करोड़ पत्थर और वृक्ष प्रभु ने उत्पन्न किए हैं।
कई करोड़(जीव)वायु जल और अग्नि(में)प्रभु ने उत्पन्न किए हैं।
कई करोड़ देश और पृथ्वी-मंडल हैं।
कई करोड़ चन्द्रमा सूर्य और तारे हैं।

कई कोटि देव दानव इंद्र सिरि छत्र ॥
सगल समग्री अपनै सूति धारै ॥

नानक जिसु जिसु भावै तिसु तिसु निसतारै ॥ ३ ॥

कई कोटि राजस तामस सातक ॥
कई कोटि वेद पुरान सिमृति अरु सासत ॥
कई कोटि कीए रतन समुंद ॥
कई कोटि नाना प्रकार जंत ॥
कई कोटि कीए चिर जीवे ॥
कई कोटि गिरी मेर सुवरन थीवे ॥
कई कोटि जख्य किंनर पिसाच ॥
कई कोटि भूत प्रेत सूकर मृगाच ॥
सभ ते नेरै सभहू ते दूरि ॥
नानक आपि अलिपतु रहिआ भरपूरि ॥ ४
कई कोटि पाताल के वासी ॥
कई कोटि नरक सुरग निवासी ॥
कई कोटि जनमहि जीवहि मरहि ॥
कई कोटि बहु जोनी फिरहि ॥
कई कोटि बैठत ही खाहि ॥
कई कोटि घालहि थकि पाहि ॥
कई कोटि कीए धनवत ॥

कई करोड़ देवता दानव और इन्द्र शिर पर छत्र धारने वाले हैं।
वाहिगुरू इस सब सामग्री को अपनी सत्ता रूप सूत्र में धारन करता है।
हे नानक ! जिस जिस पर प्रभू प्रसन्न होता है उस उस को तारता है ॥ ३ ॥
कई करोड़ तामसी राजसी और सात्वकी जीव हैं।
कई करोड़ वेद शास्त्र स्मृति और पुराण हैं।
कई करोड़ रत्न संयुक्त समुद्र किए हैं।
कई करोड़ अनेक प्रकार के जीव जन्तु हैं।
कई करोड़ चिर-जीवी किये हैं।
कई करोड़ पर्वत और स्वर्णमय सुमेर पर्वत रचे गए हैं।
कई करोड़ यक्ष किन्नर और पिशाच हैं।
कई करोड़ भूत प्रेत विराह और (मृगाच) शेर हैं।
(व्यापक होने के कारण) प्रभु सब के समीप है,
और (अलेप होने के कारण) प्रभु सब से दूर हैं।
हे नानक ! प्रभू स्वयं अलिपत है और पूरण है ॥ ४ ॥
कई करोड़ पाताल वासी हैं।
कई करोड़ नरक और स्वर्ग में रहने वाले हैं।
कई करोड़ जन्मते जीवते और मरते हैं।
कई करोड़ बहुती योनियों में फिरते हैं।
कई करोड़ बैठे ही खाते हैं।
कई करोड़ परिश्रम करते थक जाते हैं।
कई करोड़ धनवन्त किए हैं।

कई कोटि माइआ महि चित ॥
जह जह भाणा तह तह राखे ॥
नानक सभु किछु प्रभ कै हाथे ॥ ५ ॥
कई कोटि भए बैरागी ॥
राम नाम संगि तिनि लिव लागी ॥
कई कोटि प्रभ कउ खोजंते ॥
आतम महि पारब्रहमु लहंते ॥
कई कोटि दरसन प्रभ पिआस ॥
तिन कउ मिलिओ प्रभु अबिनास ॥
कई कोटि मागहि सतसंगु ॥
पार ब्रहम तिन्ह लागा रंगु ॥
जिन कउ होए आपि सु प्रसंन ॥
नानक ते जन सदा धनि धंनि ॥ ६ ॥
कई कोटि खाणी अरु खंड ॥
कई कोटि अकास ब्रहमंड ॥
कई कोटि होए अवतार ॥
कई जुगति कीनो बिसथार ॥
कई बार पसरिओ पासार ॥
सदा सदा इकु एकंकार ॥
कई कोटि कीने बहु भाति ॥
प्रभ ते होए प्रभ माहि समाति ॥

कई करोड़ माया में चिन्तातुर हैं ।

जहां जहां प्रभु को भाता है वहां वहां प्रत्येक मनुष्य को रखता है ।

हे नानक ! सब कुछ प्रभु के अपने हाथ में है ॥ ५ ॥

कई करोड़ वैराग्यवान् हुए हैं ।

उनकी लिव राम-नाम संग लगी है ।

कई करोड़ प्रभु को खोजते हैं ।

जो अपने मन में पारब्रह्म को पाते हैं ।

कई करोड़ जीवों को प्रभु-दर्शन की प्यास है ।

उन को अविनाशी प्रभु मिला है ।

कई करोड़ जीव केवल सत्-संगति को मांगते हैं ।

क्योंकि उन का प्यार केवल पारब्रह्म से लगा है ।

जिन पर प्रभु स्वयं सुप्रसन्न हुए हैं,

हे नानक ! वह पुरुष सर्वदा सराहा योग्य है ॥ ६ ॥

कई करोड़ खाखी और खंड हैं ।

कई करोड़ आकाश और ब्रह्मंड हैं ।

कई करोड़ अवतार हुए हैं ।

कई युक्तियों से यह विस्तार किया है ।

कई बार यह संसार रचा गया है ।

सर्वदा नित्य एक एकंकार है ।

कई करोड़ जीव बहुत प्रकार के किये हैं,

जो प्रभु से उत्पन्न हो कर प्रभु में समाते हैं ।

ताका अंतु न जानै कोइ ॥
आपे आपि नानक प्रभु सोइ ॥ ७ ॥
कई कोटि पारब्रहम के दास ॥
तिन होवत आतम परगास ॥
कई कोटि तत के बेते ॥
सदा निहारहि एको नेत्रे ॥
कई कोटि नाम रसु पीवहि ॥
अमर भए सद सद ही जीवहि ॥
कई कोटि नाम गुन गावहि ॥
आतम रसि सुखि सहजि समावहि ॥
अपुने जन कउ सासि सासि समारे ॥
नानक ओइ परमेसुर के पिआरे ॥ ८ ॥ १० ॥

सलोकु

करण कारण प्रभु एकु है दूसर नाही कोइ ॥
नानक तिसु बलिहारणै जलि थलि महीअलि सोइ ॥१॥

असटपदी ॥

करन करावन करनै जोगु ॥
जो तिसु भावै सोई होगु ॥
खिन महि थापि उथापन हारा ॥

उस प्रभु का अन्त कोई नहीं जानता।
हे नानक ! सो प्रभु आप ही आप है ॥७॥
कई करोड़ प्रभु के दास हैं,
उन को आत्म प्रकाश होता है।
कई करोड़ तत्व वेते हैं,
जो सर्वदा एक प्रभु ही को नेत्रों से देखते हैं।
कई करोड़ नाम रस को पीते हैं।
अमर हुए वह सर्वदा जीते हैं।
कई करोड़ नाम-गुण को गाते हैं।
वह स्वभाविक आत्म सुख के रस में समाते हैं।
प्रभु अपने दासों को श्वास श्वास याद करता है।
हे नानक ! वह परमेश्वर के प्यारे हैं ॥ ८ ॥ १० ॥

सलोकु

जगत का मूल-कारण एक प्रभु है दूसरा कोई नहीं।
श्री सतगुरू जी कहते हैं हम उस प्रभु पर बलिहार जाते हैं
क्यों कि वह जल थल पृथ्वी और आकाश में पूर्ण है।

असटपदी ॥

करने को और कराने को वह प्रभु करने योग्य है।
जो उस को भाता है सो होता है।
क्षण में बनाने और बिगाड़ने वाला है।

अंतु नही किछु पारावारा ॥
हुकमे धारि अधर रहावै ॥

हुकमे उपजै हुकमि समावै ॥
हुकमे ऊच नीच विउहार ॥
हुकमे अनिक रंग परकार ॥
करि करि देखै अपुनी वडिआई ॥
नानक सभ महि रहिआ समाई ॥१॥
प्रभ भावै मानुख गति पावै ॥
प्रभ भावै ता पाथर तरावै ॥
प्रभ भावै बिनु सास ते राखै ॥

प्रभ भावै ता हरि गुण भाखै ॥
प्रभ भावै ता पतित उधारै ॥
आपि करै आपन बीचारै ॥
दुहा सिरिआ का आपि सुआमी ॥
खेलै बिगसै अंतरजामी ॥

जो भावै सो कार करावै ॥
नानक द्रसटी अवरु न आवै ॥ २ ॥
कहु मानुख ते किआ होइ आवै ॥
जो तिसु भावै सोई करावै ॥

उस के अन्त का कछु पारावार नहीं।

अपनी आज्ञा में सृष्टि धारण की है और स्वयं आधार रहित रहता है।

प्रभु-आज्ञा में सृष्टि उत्पन्न और नाश होती है।

प्रभु-आज्ञा में ऊंच नीचादि सब व्यवहार हो रहा है।

प्रभु-आज्ञा में अनेक प्रकार के खेल तमाशे हो रहे हैं।

(सृष्टि) बना बना कर अपनी बड़ाई को स्वयं ही देखता है।

हे नानक! वह प्रभु सब में समा रहा है॥ १॥

यदि प्रभु को भा जाय तो मनुष्य गति को प्राप्त होता है।

यदि प्रभु को भावे तब पत्थरों को तरा देता है।

यदि प्रभु को भा जाय तब (जीव को) प्राण रहित (भी) रख लेता है।

यदि प्रभु को भावे तब जीव हरि-गुण गाता है।

यदि प्रभु को भा जाय तब पतितों का भी उद्धार करता है।

स्वयं करता है और स्वयं विचारता है।

दोनों ओर भाव भले और बुरे का स्वामी आप है।

अन्तर्यामी स्वयं ही संसार का खेल खेलता है (और स्वयं ही देख कर) प्रसन्न होता है।

जो उस को भाता है सो कार्य कराता है।

हे नानक! बिना उस के कोई दूसरा दृष्टि में नहीं आता ॥२॥

कहो मनुष्य से क्या हो सकता है?

जो उस प्रभु को भाता है सो कार्य्य कराता है।

इस कै हाथि होइ ता सभु किछु लेइ ॥
जो तिसु भावै सोई करेइ ॥
अनजानत बिखिआ महि रचै ॥
जे जानत आपन आप बचै ॥
भरमे भूला दहदिसि धावै ॥
निमख माहि चारि कुंट फिरि आवै ॥
करि किरपा जिसु अपनी भगति देइ ॥
नानक ते जन नामि मलेइ ॥ ३ ॥
खिन महि नीच कीट कउ राज ॥
पारब्रहम गरीब निवाज ॥
जाका द्रसटि कछु न आवै ॥
तिसु ततकाल दहदिस प्रगटावै ॥
जाकउ अपुनी करै बखसीस ॥
ताका लेखा न गनै जगदीस ॥
जीउ पिंडु सभु तिसकी रासि ॥
घटि घटि पूरन ब्रहम प्रगास ॥
अपनी बणत आपि बनाइ ॥
नानक जीवै देखि बडाई ॥ ४ ॥
इस का बलु नाही इसु हाथ ॥
करन करावन सरब को नाथ ॥
आगिआ कारी बपुरा जीउ ॥

यदि इस (जीव) के हाथ में हो तब सब पदार्थ छीन ले।
(परन्तु) जो उस प्रभु को भाता है, वही करता है।
अज्ञातपने में यह जीव माया में फंसता है।
यदि जाने तब अपने आप बच जाय।
भ्रम कर भूला हुआ दशों दिशा में दौड़ता है।
एक निमष में चारों दिशा घूम आता है।
जिस को प्रभु कृपा करके अपनी भक्ति देता है,
हे नानक ! सो जन नाम को प्राप्त हुए हैं ॥ ३ ॥
क्षण में छोटे कीड़े कीट (अति रंक) को राजा बना देता है।
पारब्रह्म ग़रीब-निवाज़ है।
जिस जीव का नामादि कुछ भी न दिखाई देता हो,
उस को तत्काल ही दशों दिशा में प्रकट कर देता है।
जगत का मालक प्रभु जिस पर अपनी बख़शिश करता है,
उस का लेखा नहीं करता।
जीव और शरीर उस प्रभु की पूंजी है।
घट घट में पूर्ण ब्रह्म का ही प्रकाश हो रहा है।
अपनी बनत प्रभु ने आप बनाई है।
हे नानक ! जीव उस की बडाई को देख कर जीता है ॥ ४ ॥
इस जीव का बल इस के (अपने) हाथ नहीं।
करने और कराने वाला परमेश्वर है जो सब का स्वामी है।
यह विचारा जीव तो आज्ञाकारी है।

जो तिसु भावै सोई फुनि थीउ ॥
कबहू ऊच नीच महि बसै ॥
कबहू सोग हरख रंगि हसै ॥
कबहू निंद चिंद बिउहार ॥
कबहू ऊभ अकास पइआल ॥
कबहू बेता ब्रहम बीचार ॥
नानक आपि मिलावनहार ॥ ५ ॥
कबहू निरति करै बहु भाति ॥
कबहू सोइ रहै दिन राति ॥
कबहू महा क्रोधु बिकराल ॥
कबहू सरब की होत रवाल ॥
कबहू होइ बहै बड राजा ॥
कबहू भेखारी नीच का साजा ॥
कबहू अप कीरति महि आवै ॥
कबहू भला भला कहावै ॥
जिउ प्रभु राखै तिव ही रहै ॥
गुर प्रसादि नानक सचु कहै ॥ ६ ॥
कबहू होइ पंडित करै बख्यानु ॥
कबहू मोनि धारी लावै धिआनु ॥
कबहू तट तीरथ इसनान ॥
कबहू सिध साधिक मुखि गिआन ॥

जो उस को भाता है पुनः सो होता है।

कभी यह जीव ऊंची और नीची (योनियों) में बसता है।
कभी शोक में है और कभी हर्ष के रंग में हंसता है।
कभी निन्दा और स्तुति के व्यवहार में लगता है।
कभी ऊपर आकाश और नीचे पाताल में जाता है।
कभी ज्ञानी हो कर ब्रह्म-विचार करता है।
हे नानक ! प्रभु आप मिलाने वाला है ॥ ५ ॥
कभी बहुत प्रकार की नृत्य करता है।
कभी दिन रात सो रहिता है।
कभी महाक्रोध में भयंकर रूप धारता है।
कभी सब के चरणों की धूलि होता है।
कभी बड़ा राजा हो कर बैठता है।
कभी नीच भीख-मंगे का साज बना लेता है।
कभी निन्दा में आता है।
कभी भला भला कहाता है।
'जिस प्रकार प्रभु रखता है उसी प्रकार यह जीव रहता है।
हे नानक ! गुरू कृपा से जीव ऐसे प्रभु का स्मरण करता है।६।
कभी पंडित हो कर व्याख्यान करता है।
कभी मौन धार कर ध्यान लगाता है।
कभी तीर्थों के किनारे बस कर उन में स्नान करता है।
कभी सिद्ध और साधक हो कर मुख से ज्ञान कथन करता है

कबहूं कीट हसत पतंग होइ जीआ ॥
अनिक जोनि भरमै भरमीआ ॥
नाना रूप जिउ स्वागी दिखावै ॥
जिउ प्रभ भावै तिवै नचावै ॥
जो तिसु भावै सोई होइ ॥
नानक दूजा अवरु न कोइ ॥ ७ ॥
कबहू साध संगति इहु पावै ॥
उसु असथान ते बहुरि न आवै ॥
अंतरि होइ गिआन परगासु ॥
उसु असथान का नही बिनासु ॥
मन तन नामि रते इक रंगि ॥
सदा बसहि पारब्रहम कै संगि ॥
जिउ जल महि जलु आइ खटाना ॥
तिउ जोती संगि जोति समाना ॥
मिटि गए गवन पाए बिस्राम ॥

नानक प्रभ कै सद कुरबान ॥ ८ ॥ ११ ॥

सलोकु

सुखी बसै मसकीनीआ आपु निवारि तले ॥

बडे बडे अहंकारीआ नानक गरबि गले ॥ १ ॥

कभी कीट हाथी और पतंग हो कर जीता है।
अनेक योनियों में भ्रमन कर रहा है,
जैसे स्वांगी कई रूप दिखाता है।
जैसे प्रभु को भाता है वैसे नचाता है।
जो उस को भाता है सो होता है।
हे नानक! प्रभु विना और दूसरा कोई नहीं ॥ ७ ॥
कभी यह जीव साधु संगति को प्राप्त करता है।
उस स्थान से पुनः जन्म कर संसार में नहीं आता।
(कारण कि) हृदय में ज्ञान का प्रकाश होता है।
उस (आत्म) स्थान का विनाश नहीं होता।
जो मन और तन कर एक नाम-रंग में रंगे हैं
और सदा पारब्रह्म के संग बसे हैं।
जैसे जल में जल आ कर मिलता है,
वह तैसे प्रमात्मा में जीव मिल जाता है।
उस का आना और जाना मिट गया क्योंकि उस ने विश्राम पालिया है।
श्री सत् गुरू जी कहिते हैं हम सदा प्रभु पर कुर्बान जाते हैं ॥ ८ ॥ ११ ॥

सलोकु

सुखी वसता है ग़रीब जिस ने आपा-भाव दूर करके नम्रता धारण की है।
हे नानक! बड़े बड़े जो अहंकारी हैं सो अपने अहंकार में गले हैं।

असटपदी ॥

जिसकै अंतरि राज अभिमानु ॥
सो नरक पातौ होवत सुआनु ॥
जो जानै मैं जोबनवंतु ॥
सो होवत बिसटा का जंतु ॥
आपस कउ करम वंतु कहावै ॥
जनमि मरै बहु जोनि भ्रमावै ॥
धन भूमि का जो करै गुमानु ॥
सो मूरखु अंधा अगिआनु ॥
करि किरपा जिसकै हिरदै गरीबी बसावै ॥
नानक ईहा मुकतु आगै सुखु पावै ॥ १ ॥
धनवंता होइ करि गरबावै ॥
तृण समान कछु संगि न जावै ॥
बहु लसकर मानुख ऊपरि करै आस ॥
पल भीतरि ताका होइ बिनास ॥
सभ ते आप जानै बलवंतु ॥
खिन महि होइ जाइ भसमंतु ॥
किसै न बदै आपि अहंकारी ॥

धरम राइ तिसु करे खुआरी ॥
गुर प्रसादि जाका मिटै अभिमानु ॥
सो जनु नानक दरगह परवानु ॥ २ ॥

असटपदी ॥

जिस मनुष्य के मन में राज का अभिमान है,
सो नरक में पडता और कुत्ता होता है ।
जो जानता है कि मैं युवावस्था वाला हूं,
सो विष्टा का कीडा होता है ।
जो अपने आप को (अच्छे) कर्म करने वाला कहाता है,
वह जन्मता मरता और बहुत योनियों में भ्रमता है ।
धन और भूमि का जो अहंकार करता है,
सो मूढ अन्धा अज्ञानी है ।
प्रभु कृपा करके जिस के हृदय में गरीबी बसाता है,
हे नानक ! वह जीवन-मुक्त हो कर परलोक में सुख पाता है।१।
धनवान हो कर जो अहंकार करता है (सो भूलता है),
(क्योंकि) तृण सम भी कुछ साथ नहीं जाता ।
बहुती फौज और मनुष्यों पर जो भरोसा करता है,
उस का नाश पल भर में हो जाता है ।
जो अपने आप को सब से बलवान जानता है,
सो क्षण में राख हो जाता है ।
जो किसी को अपने समान न जान कर अपने आप में अहंकारी है,
उस को धर्मराज खुवार करता है ।
गुरु की कृपा से जिस का अहंकार मिट जाय,
हे नानक ! सो जन प्रभु दरबार में परवान होता है ॥ २ ॥

कोटि करम करै हउ धारे ॥
स्रमु पावै सगले बिरथारे ॥
अनिक तपसिआ करे ग्रहंकार ॥
नरक सुरग फिरि फिरि अवतार ॥
अनिक जतन करि आतम नही द्रवै ॥
हरि दरगह कहु कैसे गवै ॥
आपस कउ जो भला कहावै ॥
तिसहि भलाई निकटि न आवै ॥
सरब की रेन जाका मनु होइ ॥
कहु नानक ताकी निरमल सोइ ॥ ३ ॥
जब लगु जानै मुझ ते कछु होइ ॥
तब इस कउ सुखु नाही कोइ ॥
जब इह जानै मै किछु करता ॥
तब लगु गरभ जोनि महि फिरता ॥
जब धारै कोऊ बैरी मीतु ॥
तब लगु निहचलु नाही चीतु ॥
जब लगु मोह मगन संगि माइ ॥
तब लगु धरम राइ देइ सजाइ ॥
प्रभ किरपा ते बंधन तूटै ॥
गुर प्रसादि नानक हउ छूटै ॥ ४ ॥
सहस खटे लख कउ उठि धावै ॥

कोटिश कर्म करता हुआ जो अहंकार करता है
सो केवल कष्ट पाता है, उस के सब कर्म व्यर्थ हैं।
जो अनेक प्रकार की तपस्या करता हुआ अहंकार करता है।
सो नरक और स्वर्ग में जा कर बार बार जन्म लेता है।
अनेक यत्न करने पर भी जिस का मन द्रव्यता नहीं,
कहो सो प्रभु दर्बार में किस प्रकार जा सकता है ?
जो अपने आप को भला कहाता है,
भलाई उस के समीप नहीं आती।
जिस का मन सब की धूलि बनता है,
हे नानक ! उस की सोभा निर्मल है ॥ ३ ॥
जब तक यह जीव जानता है कि मुझ से कुछ होता है,
तब तक उस को कोई सुख नहीं।
जब तक यह जानता है कि मैं कुछ करता हूं,
तब तक गरभ योनि में फिरता है।
जब तक यह किसी को शत्रु और मित्र जानता है,
तब तक निश्चल-चित्त नहीं है।
जब तक मोह माया में मग्न है, तब तक उस को धरमराज दंड देता है।
प्रभु कृपा कर बन्धन टूटते हैं।
हे नानक ! गुरू की कृपा से अहंता छूटती है ॥ ४ ॥
हज़ार कमा कर लाख निमित्त उठ कर दौडता है।

तृपति न आवै माइआ पाछै पावै ॥
अनिक भोग बिखिआ के करै ॥
नह तृपतावै खपि खपि मरै ॥
बिना संतोख नही कोऊ राजै ॥
सुपन मनोरथ बृथे सभ काजै ॥
नाम रंगि सरब सुखु होइ ॥
बडभागी किसै परापति होइ ॥
करन करावन आपे आपि ॥
सदा सदा नानक हरि जापि ॥ ५ ॥
करन करावन करनै हारु ॥
इस कै हाथि कहा बीचारु ॥
जैसी द्रसटि करे तैसा होइ ॥
आपे आपि आपि प्रभु सोइ ॥
जो किछु कीनो सु अपनै रंगि ॥
सभ ते दूरि सभहू कै संगि ॥

बूझै देखै करै बिबेक ॥
आपहि एक आपहि अनेक ॥
मरै न बिनसै आवै न जाइ ॥
नानक सद ही रहिआ समाइ ॥ ६ ॥
आपि उपदेसै समझै आपि ॥

माया को इकत्र करते तृप्त नहीं होता।
विषियों (माया) के अनेक भोग करता है।
तृप्त नहीं होता। खप खप के मरता है।
सन्तोष बिना कोई आदमी तृप्त नहीं होता।
स्वप्न-मनोरथ सम उस के सब कार्य व्यर्थ हैं।

नाम रंग कर सर्व सुख प्राप्त होते हैं,
परन्तु सो नाम रंग किसी बड़भागी पुरुष को प्राप्त होता है।
करने और कराने वाला आप ही आप है।
हे नानक! जीव सर्वदा नित्य प्रभु को जप॥ ५॥
करने कराने और करने वाला आप है।

इस (जीव) के हाथ कहां कोई विचार है।
प्रभु जैसी दृष्टि करता है जीव वैसा बनता है।
(क्योंकि) सो तीन काल में स्वयं ही है।

जो कछु उस ने किया है सो अपनी मौज में किया है।
(अज्ञानवश दृष्टि में नहीं आता, अतः एव) सब से दूर है
(व्यापक होने के कारण) सब के संग है।

स्वयं ही समझता है देखता है और विचार करता है।
स्वयं ही एक है और स्वयं ही अनेक है।
मरता नहीं, विनसता नहीं, न आता है, न जाता है।
हे नानक! प्रभु सर्वदा सब में समा रहा है॥ ६॥
आप ही उपदेश करता है और आप ही समझता है।

आपे रचिआ सभकै साथि ॥
आपि कीनो आपन बिसथारु ॥
सभु कछु उसका ओहु करनै हारु ॥
उसते भिंन कहहु किछु होइ ॥
थान थनंतरि एकै सोइ ॥
अपुने चलित आपि करणै हार ॥
कउतक करै रंग आपारु ॥
मन महि आपि मन अपुने माहि ॥
नानक कीमति कहनु न जाइ ॥ ७ ॥
सति सति सति प्रभु सुआमी ॥
गुरप्रसादि किनै वखिआनी ॥
सचु सचु सचु सभु कीना ॥
कोटि मधे किनै बिरलै चीना ॥
भला भला भला तेरा रूप ॥
अति सुंदर अपार अनूप ॥
निरमल निरमल निरमल तेरी बाणी ॥
घटि घटि सुनी स्रवन बख्याणी ॥

पवित्र पवित्र पवित्र पुनीत ॥

नामु जपै नानक मनि प्रीति ॥ ८ ॥ १२ ।

स्वयं ही सब के संग रच रहा है।

स्वयं ही किया है अपने आप का विस्तार।

सब कुछ उस का है, क्योंकि वह रचने वाला है।

उस से भिन्न कुछ होता है तब कहो?

हर स्थान में वह आप ही है।

अपने खेल आप ही कर रहा है।

अपार रंगों के कौतक करता है।

जीव में स्वयं बसता है और जीव उस में बसता है।

हे नानक! उस की कीमत नहीं कही जाती॥ ७॥

प्रभु स्वामी आदि मध्य और अन्त में सत्य है।

यह बात गुरु-कृपा से किसी एक महां पुरुष ने कही है।

आदि मध्य और अन्त में सब सत्य ही सत्य किया है।

यह सत्य स्वरूप करोडों में किसी एक ने जाना है।

आदि मध्य और अन्त में, हे प्रभु! तेरा रूप भला है।

अति सुन्दर अपार और अनुपम है।

तीनों काल में तेरी वाणी निर्मल है।

प्रत्येक हृदय में सुणी जाती है, अपने श्रवणों संग सुन कर मैं ने भी कथन किया है।

(कथन करने वाले, श्रवण करने वाले, धारण करने वाले और धारण कराने वाले) यह सब ही पवित्र हैं।

अतः एव, हे नानक! प्रभु का दास प्रीति पूर्वक नाम जपता है॥ ८॥ १२॥

सलोकु

संत सरनि जो जनु परै सो जनु उधरन हार ॥

संत की निंदा नानका वहुरि वहुरि अवतार ॥ १ ॥

असपटदी ॥

संत कै दूखनि आरजा घटै ॥
संत कै दूखनि जम ते नही छुटै ॥
संत कै दूखनि सुखु सभु जाइ ॥
संत कै दूखनि नरक महि पाइ ॥
संत कै दूखनि मति होइ मलीन ॥
संत कै दूखनि सोभा ते हीन ॥
संत के हते कउ रखै न कोइ ॥
संत कै दूखनि थान भ्रसटु होइ ॥
संत कृपाल कृपा जे करै ॥
नानक संत संगि निंदक भी तरै ॥ १ ॥

संत कै दूखनि ते मुखु भवै ॥
संतन कै दूखनि काग जिउ लवै ॥
संतन कै दूखनि सरप जोनि पाइ ॥
संत कै दूखनि त्रिगद जोनि किरमाइ ॥
संतन कै दूखनि तृसना महि जलै ॥

सलोकु

जो पुरुष सन्त-शरण में पड़ा है सो तरने योग्य है।

हे नानक! सन्त-निन्दा बार बार जन्म देने वाली है।

असटपदी ॥

सन्त को दूषण लगाने से आयु कम होती है।
सन्त को दूषण लगाने से जीव यम से नहीं छूटता।
सन्त को दूषण लगाने से सब सुख दूर हो जाता है।
सन्त को दूषण लगाने से नरक में डाला जाता है।
सन्त को दूषण लगाने से बुद्धि मलिन हो जाती है।
सन्त को दूषण लगाने से जीव शोभा से रहित हो जाता है।
सन्त के फटकारे हुवे की कोई रक्षा नहीं कर सकता।
सन्त को दूषण लगाने से जीव स्वस्थान से भ्रष्ट हो जाता है।
कृपालु सन्त यदि कृपा करें,
हे नानक! तब सन्त-निन्दक भी साधु-संग से तर जाता है ॥ १ ॥
सन्त को दूषण लगाने से मुख फिर जाता है।
सन्त को दूषण लगाने से काक सम बोलता है।
सन्त को दूषण लगाने से सर्प-योनि पाता है।
सन्त को दूषण लगाने से कीड़े आदि टेढ़ी योनि पाता है।
सन्त को दूषण लगाने से तृष्णा रूप अग्नि में जलता है।

संत कै दूखनि सभु को छलै ॥
संत कै दूखनि तेजु सभु जाइ ॥
संत कै दूखनि नीचु नीचाइ ॥
संत दोखी का थाउ को नाहि ॥
नानक संत भावै ता ओइ भी गति पाहि ॥ २ ॥
संत का निंदकु महा अतताई ॥
संत का निंदकु खिनु टिकनु न पाई ॥
संत का निंदकु महा हतिआरा ॥
संत का निंदकु परमेसुरि मारा ॥
संत का निंदकु राज ते हीनु ॥
संत का निंदकु दुखीआ अरु दीनु ॥
संत के निंदक कउ सरब रोग ॥
संत के निंदक कउ सदा बिजोग ॥
संत की निंदा दोख महि दोखु ॥
नानक संत भावै ता उस का भी होइ मोखु ॥ ३ ॥
संत का दोखी सदा अपवितु ॥
संत का दोखी किसै का नही मितु ॥
संत के दोखी कउ डानु लागै ॥
संत के दोखी कउ सभु तिआगै ॥
संत का दोखी महा अहंकारी ॥
संत का दोखी सदा बिकारी ॥

सन्त को दूषण लगाने वालेको हरएक जीव कपटीप्रतीत होताहै।
साधु को दूषण लगाने से सब प्रताप नष्ट हो जाता है।
साधु को दूषण लगाने से जीव महां नीच से नीच हो जाता है।
सन्त-दोषी का कोई ठिकाना नहीं है।
हे नानक! सन्त-निन्दक भी सन्त-कृपा से मुक्त होता है ॥ २ ॥
सन्त-निंदक अत्याचारी है।
सन्त-निंदक क्षण मात्र भी कहीं ठहरना नहीं पाता।
सन्त-निंदक महा हत्यारा है।
सन्त-निंदक परमेश्वर का मारा हुआ है।
सन्त-निंदक तेज प्रताप से विहीन होता है।
सन्त-निंदक दुःखी और दीन होता है।
साधु-निंदक को सब रोग लगते हैं।
साधु-निदक को सदा (प्रभु से) वियोग रहिता है।
सन्त-निंदा दोषों में सब से बड़ा दोष है।
हे नानक! सन्त-निंदक की भी सन्त-कृपा से मुक्ति होती है ।३।
सन्त-दोषी सदा अपवित्र है।
सन्त-दोषी किसी का मित्र नहीं बनता।
सन्त-दोषी को (धर्म राज का) दण्ड लगता है।
सन्त दोषी को सब त्यागते हैं।
सन्त दोषी महां अहंकारी है।
सन्त-दोषी सदा विकारों में रहता है।

संत का दोखी जनमै मरै ॥
संत की दूखना सुख ते टरै ॥
संत के दोखी कउ नाही ठाउ ॥
नानक संत भावै ता लए मिलाइ ॥ ४ ॥

संत का दोखी अध बीच ते टूटै ॥
संत का दोखी कितै काजि न पहूचै ॥
संत के दोखी कउ उदिआन भ्रमाईऐ ॥
संत का दोखी उझड़ि पाईऐ ॥
संत का दोखी अंतर ते थोथा ॥
जिउ सास बिना मिरतक की लोथा ॥
संत के दोखी की जड़ किछु नाहि ॥
आपन बीजि आपे ही खाहि ॥

संत के दोखी कउ अवर न राखनहारु ॥
नानक संत भावै ता लए उबारि ॥ ५ ॥

संत का दोखी इउ बिललाइ ॥
जिउ जल बिहून मछुली तड़फड़ाइ ॥
संत का दोखी भूखा नही राजै ॥
जिउ पावकु ईधनि नही ध्रापै ॥
संत का दोखी छुटै इकेला ॥

सन्त-दोषी जन्मता और मरता है।

सन्त को दूषण लगाने से जीव सुख-विहीन रहता है।

सन्त-दोषी का कोई ठिकाना नहीं है।

हे नानक! यदि सन्त चाहे तब उस (निंदक) को भी मिला लेता है ॥ ४ ॥

सन्त-दोषी अर्ध बीच से टूटता है।

सन्त-दोषी का कोई कार्य्य पूर्ण नहीं होता।

सन्त-दोषी उद्यान में रसता भूले हुये की तरह भटकता है, और कुमार्ग में पड़ा रहता है।

सन्त-दोषी अंदर से खाली होता है भाव सब-गुण-रहित है, जैसे स्वास बिन मृतक शरीर होता है।

सन्त-दोषी का कछु मूल नहीं होता।

सो अपना किये का फल आप ही भोगता है भाव मंद-कर्मों के मंद-फल को भोगता है।

सन्त-दोषी का और कोई रक्षक नहीं है।

हे नानक! यदि सन्त चाहे तब उस निंदक का भी उद्धार कर लेता है ॥ ५ ॥

सन्त-दोषी इस प्रकार विलाप करता है,

जैसे जल-विहीन मछली तड़पती है।

सन्त दोषी सर्वदा भूखा है तृप्त नहीं होता,

जैसे अग्नि काष्ट से तृप्त नहीं होती।

सन्त का दोषी इकेला ही रह जाता है।

जिउ बूआड़ु तिलु खेत माहि दुहेला ॥
संत का दोखी धरम ते रहत ॥
संत का दोखी सद मिथिआ कहत ॥
किरतु निंदक का धुरि ही पइआ ॥
नानक जो तिसु भावै सोई थिआ ॥ ६ ॥
संत का दोखी बिगड़रूपु होइ जाइ ॥
संत के दोखी कउ दरगह मिलै सजाइ ॥
संत का दोखी सदा सहकाईऐ ॥
संत का दोखी न मरै न जीवाईऐ ॥
संत के दोखि की पुजै न आसा ॥
संत का दोखी उठि चलै निरासा ॥
संत कै दोखी न त्रिसटै कोइ ॥
जैसा भावै तैसा कोई होइ ॥
पइआ किरतु न मेटै कोइ ॥
नानक जानै सचा सोइ ॥ ७ ॥
सभ घट तिसके ओहु करनैहारु ॥
सदा सदा तिस कउ नमसकारु ॥
प्रभ की उसतति करहु दिनु राति ॥
तिसहि धिआवहु सासि गिरासि ॥
सभु कछु वरतै तिस का कीआ ॥
जैसा करे तैसा को थीआ ॥

जैसे तिलों के खेत में बुआड़ दुःखी रहता ६।
सन्त-दोषी धर्म-रहित होता है।
सन्त-दोषी सर्वदा मिथ्या वचन बोलता है।
निंदक का यह निंदावाला स्वभाव आदि से ही चला आता है।
हे नानक ! जो प्रभु को भाता है सो होता है ॥ ६ ॥
सन्त का दोषी भ्रष्ट-मुख हो जाता है।
सन्त-दोषी को परलोक में दण्ड मिलता है।
सन्त का दोषी सदा सहकाईता है, अर्थात
सन्त-दोषी न मरता है, न जीता है, भाव अति दुःखी होता है।
सन्त-दोषी की आशा पूर्ण नहीं होती।
सन्त-दोषी (संसार से) निराश ही उठ कर जाता है।
सन्त को दूषण लगाने से कोई स्थिर नहीं होता।
जैसा प्रभु को भाता है वैसा हो जाता है।
कर्मानुसार जो संसकार बन गये हैं सो कोई नहीं मेट सकता।
हे नानक ! (इस बात को) प्रभु स्वयं ही जानता है ॥ ७ ॥
सब आकार उस प्रभु के बनाये हुए हैं, वही करने वाला है।
सदा उस को नमस्कार है।
दिन रात सदा प्रभु-स्तुति करो।
श्वास श्वास उस का ध्यान करो।
सब कछु उस का किया हो रहा है।
जैसा कोई कर्म करता है वैसा हो जाता है।

अपना खेलु आपि करनैहारु ॥
दूसर कउनु कहैं वीचारु ॥
जिसनो कृपा करै तिसु आपन नामु देइ ॥
वडभागी नानक जन सेइ ॥ ८ ॥ १३ ॥

सलोकु

तजहु सिआनप सुरि जनहु सिमरहु हरि हरि राइ ॥

एक आस हरि मनि रखहु नानक दूखु भरमु भउ जाइ॥

असपटदी ॥

मानुख की टेक बृथी सभ जानु ॥
देवन कउ एकै भगवानु ॥
जिसकै दीऐ रहै अघाइ ॥
बहुरि न तृसना लागै आइ ॥
मारै राखै एको आपि ॥
मानुख कै किछु नाही हाथि ॥
तिसका हुकमु बूझि सुखु होइ ॥
तिसका नामु रखु कंठि परोइ ॥
सिमरि सिमरि सिमरि प्रभु सोइ ॥
नानक बिघनु न लागै कोइ ॥ १ ॥
उसतति मन महि करि निरंकार ॥

अपना खेल आप ही करने वाला है।

दूसरा और कौन इस विचार को कथन करे?

प्रभु जिस पर कृपा करता है उस को अपना नाम देता है।

हे नानक! सो पुरुष बड़े भाग्यवाला है॥ ८॥ १३॥

सलोकु

हे बुद्धिमान पुरुषो! अपनी चतराई को त्याग कर केवल प्रभु स्मरण करो।

एक ईश्वर की आश मन में रक्खो, श्री जगत् गुरू जी कहते तब दुःख, भ्रम और भय दूर हो जायेगा॥ १॥

असटपदी॥

मनुष्य की टेक सब व्यर्थ जान।

देन वाला एक भगवान् है,

जिस के दिये दान से यह जीव तृप्त होता है,

(और) पुनः तृष्णा आकार नहीं व्यापती।

मारने और रखने वाला एक आप ही प्रभु है।

मनुष्य के हाथ में कुछ भी नहीं।

प्रभु-आज्ञा मानने में सुख होता है,

(अतः एव) प्रभु नाम को परो कर कंठ में धारण करो।

सदा प्रभु-स्मरण करो।

हे नानक! पुनः कोई विघ्न नहीं लगेगा॥ १॥

मन में ईश्वर-स्तुति कर।

करि मन मेरे सति निउहार ॥
निरमल रसना अंमृतु पीउ ॥
सदा सुहेला करि लेहि जीउ ॥
नैनहु पेखु ठाकुर का रंगु ॥
साध संगि बिनसै सभ संगु ॥
चरन चलउ मारगि गोबिंद ॥
मिटहि पाप जपीऐ हरि बिंद ॥
कर हरि करम स्रवनि हरि कथा ॥

हरि दरगह नानक ऊजल मथा ॥ २ ॥
वडभागी ते जन जग माहि ॥
सदा सदा हरि के गुन गाहि ॥
राम नाम जो करहि बीचारु ॥
से धनवंत गनी संसार ॥
मनि तनि मुखि बोलहि हरि मुखी ॥

सदा सदा जानहु ते सुखी ॥
एको एकु एकु पछानै ॥
इत उत की ओहु सोझी जानै ॥
नाम संगि जिसका मनु मानिआ ॥
नानक तिनहि निरंजनु जानिआ ॥ ३ ॥
गुर प्रसादि आपन आपु सुझै ॥

हे मेरे मन यह सच्चा व्यवहार कर।
निर्मल जिह्वा से अमृत पान कर।
इस प्रकार अपने मन को सदा सुखी कर ले।
नेत्रों से परमेश्वर रंग को देख।
साधु-संगति कर, जिस से सब कुसंगादि नाश हो जाय।
चरणों कर गोविन्द-प्राप्ति के मार्ग में चल।
क्षण मात्र हरिनाम जपने से पाप मिट जाते हैं।
हाथों से हरि-प्राप्ति का कर्म कर और कानों से हरि-कथा
श्रवण कर।
हे नानक! तेरा मस्तक हरि-लोक में उजला होगा॥ २॥
वह जन ससार में बड़भागी हैं,
जो सर्वदा वाहिगुरू-गुण गाते हैं।
जो राम-नाम का विचार करते हैं,
सो ससार में बलवान गिने जाते हैं।
जो मन, तन और मुख से हरिनाम उच्चारण करते हैं
वह प्रधान हैं,
और उन को ही सर्वदा सुखी जानो।
जो सदा केवल एक परमेश्वर को पहचानता है,
वह लोक परलोक की सूझ रखता है।
जिस का मन नाम में दृढ हो गया है,
हे नानक! उसी ने निरंजन को जान लिया है॥ ३॥
गुरू कृपा कर जिस को अपना आप दृष्टि में आया है,

तिसकी जानहु तृसना बुझै ॥
साध संगि हरि हरि जसु कहत ॥
सरब रोग ते ओहु हरि जनु रहत ॥
अनदिनु कीरतनु केवलु वख्यानु ॥
गृहसत महि सोई निरबानु ॥
एक ऊपरि जिसु जन की आसा ॥
तिसकी कटीऐ जम की फासा ॥
पारब्रहम की जिसु मनि भूख ॥
नानक तिसहि न लागै दूख ॥ ४ ॥
जिस कउ हरि प्रभु मनि चिति आवै ॥
सो संतु सुहेला नही डुलावै ॥
जिसु प्रभु अपुना किरपा करै ॥
सो सेवकु कहु किसते डरै ॥
जैसा सा तैसा द्रसटाइआ ॥
अपुने कारज महि आपि समाइआ ॥

सोधत सोधत सोधत सीझिआ ॥
गुर प्रसादि ततु सभु बूझिआ ॥
जब देखउ तब सभ किछु मूलु ॥
नानक सो सूखमु सोई असथूलु ॥ ५ ॥
नह किछु जनमै नह किछु मरै ॥
आपन चलितु आप ही करै ॥

निश्चै करो कि उस की तृष्णा शान्त हो गई है ।
जो साधु-संगति में मिल कर हरि-यश करता है ।
सो हरि-जन सब रोगों से रहित है ।
जो हर रोज केवल हरि-कीर्तन का व्याख्यान करता है,
सो गृहस्थ में रहिता हुआ भी निर्वाण है ।
जिस पुरुष की आशा एक-परमेश्वर पर है ।
उस की यम फांसी कट जाती है ।
जिस के मन में केवल पारब्रह्म की ही भूख है,
हे नानक ! उस को दुःख नहीं लगते ॥ ४ ॥
जिस को हरि-प्रभु मन में याद आता है,
सो सुखी सन्त है और डोलता नहीं ।
जिस पर अपना प्रभु कृपा करता है,
कहो सो सेवक किस से भय करे ?
उस को जैसा प्रभु था वैसा दृष्टि में आया है ।
उस को परमेश्वर अपनी सब सृष्टि में आप समाया हुआ दीखता है ।
उस ने पुनः पुनः विचार करने से निश्चै किया है,
और गुरु-कृपा से तत्तव स्वरूप को समझ लिया है ।
जब मैं देखता हूं तब सब कुछ वाहिगुरू ही दृष्टि में आता है ।
हे नानक ! सो वाहिगुरू ही निर्गुण और सगुण स्वरूप है ॥५॥
ना कछु जन्मता है न कछु मरता है ।
प्रभु अपने चरित्र आप करता है ।

आवनु जावनु द्रसटि अनद्रसटि ॥
आगिआकारी धारी सभ स्रसटि ॥
आपे आपि सगल महि आपि ॥
अनिक जुगति रचि थापि उथापि ॥
अबिनासी नाही किछु खंड ॥
धारण धारि रहिओ ब्रहमंड ॥
अलख अभेव पुरख परताप ॥
आपि जपाए त नानक जाप ॥ ६ ॥

जिन प्रभु जाता सु सोभावंत ॥
सगल संसारु उधरै तिन मंत ॥
प्रभ के सेवक सगल उधारन ॥
प्रभ के सेवक दूख बिसारन ॥
आपे मेलि लए किरपाल ॥
गुर का सबदु जपि भए निहाल ॥
उनकी सेवा सोई लागै ॥
जिसनो क्रिपा करहि बडभागै ॥
नामु जपत पावहि बिस्रामु ॥
नानक तिन पुरख कउ ऊतम करि मानु ॥ ७ ॥

आना जाना दृष्ट और अदृष्ट रूप

सब सृष्टि प्रभु ने अपनी आज्ञा-कर धारण की है।

आप ही आप है और सब में व्यापक आप है।

अनेक युक्तियों से रचना को रच के बनाता और नाश करता है।

परन्तु स्वयं अविनाशी है अतएव उस का कछु (खंड) टुकड़ा नहीं।

सब ब्रह्मंड की सृष्टि को धार रहा है।

उस पूर्ण पुरुष का प्रताप लखा नहीं जाता, और भेद भी नहीं पाया जाता।

हे नानक! यदि प्रभु आप अपना नाम किसी को जपाय तब जपा जाता है॥ ६॥

जिन्हों ने प्रभु को जाना है सो सोभा वाले हैं।

उन के उपदेश से सब संसार का उद्धार होता है।

प्रभु-सेवक सब का उद्धार करने वाले हैं,

प्रभु-सेवक दुःखों को दूर करने वाले हैं,

(क्योंकि) अपने सेवकों को परमेश्वर, जो कृपालु है, आप मिला लेता है।

(हरि सेवक) गुरू उपदेश को जप जप कर सब दुःखों से रहित हुए हैं।

उन सेवकों की सेवा में वही लगता है,

जिस बड़भागी पर प्रभु स्वयं कृपा करता है।

नाम जप कर जिन्हों ने विश्राम पाया है,

हे नानक! उन पुरुषों को उत्तम करके मानो॥ ७॥

जो किछु करै सु प्रभ कै रंगि ॥
सदा सदा वसै हरि संगि ॥
सहज सुभाइ होवै सो होइ ॥

करणै हारु पछाणै सोइ ॥
प्रभ का कीआ जन मीठ लगाना ॥
जैसा सा तैसा दसटाना ॥

जिसते उपजे तिस माहि समाए ॥

ओइ सुख निधान उनहू वनि आए ॥

आपस कउ आपि दीनो मानु ॥
नानक प्रभ जनु एको जानु ॥ ८ ॥ १४ ॥

सलोकु

सरब कला भरपूर प्रभ विरथा जाननहार ॥
जाकै सिमरनि उधरीऐ नानक तिसु बलिहार ॥ १ ॥

असटपदी ॥

टूटी गाढनहार गोपाल ॥
सरब जीआ आपे प्रतिपाल ॥
सगल की चिंता जिसु मन माहि ॥
तिसते बिरथा कोई नाहि ॥

(भक्तजन) जो कुछ करता है सो अपने प्रभु के रंग में करता है।
सो सदा प्रभु के संग बसता है।
स्वभाविक जो कुछ होता है सो होना है (भाव भक्त उस को प्रभू की रजा समझता है)।
करनहार परमेश्वर को ही पहचानता है।
प्रभु का किया भक्तजनों को मीठा लगे है,
क्योंकि उस ने परमेश्वर को जैसा सो (सर्वव्यापक) है वैसा देखा है।
वह भक्त जन जिस परमेश्वर से उत्पन्न होते हैं, उसी में लवलीन हो जाते हैं।
सो (सुख निधान) परमेश्वर उन भक्त जनों को ही बन आता भाव प्राप्त होता है।
प्रभु अपनें आप को आप मान देता है।
हे नानक! प्रभू और प्रभू-जन को एक समझो ॥ ८ ॥ १४ ॥

सलोकु

सर्व शक्तियों से प्रभु पूर्ण है और सब पीड़ा का जानने वाला है।
जिस के स्मरण से उद्धार हो, श्री सतगुरू जी कहिते हैं हम उस पर बलिहार जाते हैं।

असटपदी ॥

टूटी हुई को गांठने वाला स्वयं परमेश्वर ही है,
जो सब जीवों को स्वयं पालन करता है।
जिस के मन में सब सृष्टि की चिन्ता है,
उस परमेश्वर से खाली कोई नहीं रह सकता है।

रे मन मेरे सदा हरि जापि ॥
अविनासी प्रभु आपे आपि ॥
आपन कीआ कछू न होइ ॥
जे सउ प्राणी लोचै कोइ ॥
तिसु बिनु नाही तेरै किछु काम ॥
गति नानक जपि एकु हरि नामु ॥ १ ॥
रूपवंतु होइ नाही मोहै ॥
प्रभ की जोति सगल घट सोहै ॥
धनवंता होइ किआ को गरबै ॥
जा सभु किछु तिसका दीआ दरबै ॥
अति सूरा जो कोऊ कहावै ॥

प्रभ की कला बिना कह धावै ॥
जे को होइ बहै दातारु ॥
तिसु देनहारु जानै गावारु ॥

जिसु गुर प्रसादि तूटै हउ रोगु ॥
नानक सो जनु सदा अरोगु ॥ २ ॥
जिउ मंदर कउ थामै थंम्हनु ॥
तिउ गुर का सबदु मनहि असथंमनु ॥
जिउ पाखाणु नाव चड़ि तरै ॥
प्राणी गुर चरण लगत निसतरै ॥

हे मेरे मन तू सदा हरी को जप।
सो प्रभु अविनाशी और स्वयं-प्रकाश है।
जीव का अपना किया कछु नहीं होता,
यदि कोई प्राणी सौ वार भी चाहे।
हे जीव! प्रभू बिना और कोई पदार्थ तेरे काम नहीं।
हे नानक! एक हरि-नाम जपने से मुक्ति प्राप्त होगी॥ १॥
कोई रूपवान हो कर अपने रूप का अभिमान न करे।
प्रभू की ज्योति ही सब घटों में शोभा दे रही है।
धनवान हो कर कोई क्या अहंकार कर सकता है,
जब सब पदार्थ उस प्रभू के दिये हैं।
यदि कोई अपने आप को बहुत बहादुर कहाये (तब किस काम?)
(क्योंकि) प्रभु-शक्ति बिना किस पर धावा कर सकता है।
यदि कोई दाता बन बैठे,
तब उस मूढ को उचित है कि अपने देने वाले प्रभू को ही दाता समझे।
सतगुरू की कृपा से जिस का अहंता रूप रोग नाश हो,
हे नानक! सो जन सर्वदा निरोग है॥ २॥
जैसे मंदिर को खम्भा थामता है,
वैसे गुरू का शब्द (चंचल) मन को थामता है।
जैसे पत्थर नौका पर चढ के तरता है
वैसे प्राणी गुरू-चरणों में लग कर मुक्त होता है।

जिउ अंधकार दीपक परगासु ॥
गुर दरसनु देखि मनि होइ बिगासु ॥
जिउ महा उदिआन महि मारगु पावै ॥
तिउ साधू संगि मिलि जोति प्रगटावै ॥
तिन संतन की बाछउ धूरि ॥
नानक की हरि लोचा पूरि ॥ ३ ॥
मन मूरख काहे बिललाईऐ ॥
पुरब लिखे का लिखिआ पाईऐ ॥
दूख सूख प्रभ देवन हारु ॥
अवर तिआगि तू तिसहि चितारु ॥

जो किछु करै साई सुखु मानु ॥
भूला काहे फिरहि अजान ॥
कउन बसतु आई तेरै संग ॥
लपटि रहिओ रस लोभी पतंग ॥
राम नाम जपि हिरदै माहि ॥
नानक पति सेती घरि जाहि ॥ ४ ॥
जिसु वखर कउ लैनि तू आइआ ॥
राम नामु संतन घरि पाइआ ॥
तजि अभिमानु लेहु मन मोलि ॥
राम नामु हिरदे महि तोलि ॥
लादि खेप संतह संगि चालु ॥

जैसे अन्धेरे में दीपक का प्रकाश होता है,
वैसे गुरू का दर्शन करने से मन प्रफुल्लित होता है।
जैसे कोई भूला हुआ महां उद्यान में मार्ग पाके प्रसन्न होताहै,
वैसे साधु-संगति मिलने से ज्योतिस्वरूप प्रकट होता है।
मैं उन सन्तों की धूलि को मांगता हूं।
श्री सत् गुरू जी कहिते हैं, हे वाहिगुरू ! यह इच्छा पूर्ण करो॥३
हे मूढ़ मन क्यों विलाप करिये,
जब सब कछु प्रारब्धानुसार ही पाना है।
(कर्मानुसार) दुःख सुख देने वाला प्रभु है,
अतएव और सब का परित्याग करके तू उस प्रभु को याद कर।
जो कछु प्रभु करे तू उस को सुख करके मान।
हे अजान क्यों भूला फिरता है?
तेरे संग कौन वस्तु आई थी?
हे लोभी पतंग सम इन रसों में क्यों फंस रहा है?
हृदय में केवल राम नाम जप।
हे नानक ! इस तरह मान पूर्वक अपने घर को जा ॥ ४ ॥
जिस सौदे को तू लेने के लिये आया है सो राम-नाम-रूप सौदा सन्तों के घर में पाया जाता है।
अभिमान को त्याग के मन समर्पण कर इस मूल्य से उस सौदे को मोल ले, पुनः राम-नाम का हृदय में विचार कर।
इस खेप को लाद कर सन्तों के संग चल।

अवर तिआगि विखिआ जंजाल ॥
धंनि धंनि कहै सभु कोइ ॥
मुख ऊजल हरि दरगह सोइ ॥
इहु वापारु विरला वापारै ॥
नानक ताकै सद बलिहारै ॥ ५ ॥

चरन साध के धोइ धोइ पीउ ॥
अरपि साध कउ अपना जीउ ॥
साध की धूरि करहु इसनानु ॥
साध ऊपरि जाईऐ कुरबानु ॥
साध सेवा वडभागी पाईऐ ॥
साध संगि हरि कीरतनु गाईऐ ॥
अनिक बिघन ते साधू राखै ॥
हरि गुन गाइ अंमृत रसु चाखै ॥
ओट गही संतह दरि आइआ ॥
सरब सूख नानक तिह पाइआ ॥ ६ ॥
मिरतक कउ जीवालनहार ॥
भूखे कउ देवत आधार ॥
सरब निधान जाकी दसटी माहि ॥
पुरब लिखे का लहणा पाहि ॥
सभु किछु तिसका ओहु करनै जोगु ॥
तिसु बिनु दूसर होआ न होगु ॥

माया के और सब झगड़े त्याग दे ।
तब तुम को सब कोई धन्य धन्य कहेगा ।
हरि-लोक में उज्जल-मुख और शोभा होगी ।
इस व्यापार का कोई उत्तम व्यापारी व्यापार करता है ।
श्री सत् गुरु जी कहिते हैं हम उस पर सर्वदा बलिहार जाते हैं ॥ ५ ॥
साधु के चरण धो धो के पान कर ।
अपना मन साधु को समर्पण कर ।
साधु की धूलि में स्नान कर ।
साधु पर कुर्बान जाईये ।
साधु-सेवा बड़े भागों कर प्राप्त होती है ।
साधु-संग में हरि-कीर्तन गाईता है ।
अनेक विघ्नों से साधु बचा लेता है ।
उन के संग में हरि-गुण गा कर अमृत रस चक्खा जाता है ।
जिस ने सन्तों की ओट ली और द्वार पर आ पड़ा,
हे नानक ! सब सुख उस को प्राप्त हुये हैं ॥ ६ ॥
प्रभु मृतक को (आतमक) जिन्दगी देने वाला है,
और भूखे को आधार देता है ।
सब पदार्थों के भंडार जिस की दृष्टि में हैं,
जिस से जीव पूर्व लिखे अनुसार लेते हैं,
सब कुछ उस का है और वह करने को समर्थ है,
उस के बिना दूसरा ना कोई हुआ है और ना होगा ।

जपि जन सदा सदा दिनु रैणी ॥
सभ ते ऊच निरमल इह करणी ॥
करि किरपा जिस कउ नामु दीआ ॥
नानक सो जनु निरमलु थीआ ॥ ७ ॥
जाकै मनि गुर की परतीति ॥
तिसु जन आवै हरि प्रभु चीति ॥
भगतु भगतु सुनीऐ तिहु लोइ ॥
जाकै हिरदै एको होइ ॥
सचु करणी सचु ताकी रहत ॥
सचु हिरदै सति मुखि कहत ॥

साची द्रसटि साचा आकारु ॥
सचु वरतै साचा पासारु ॥

पारब्रहमु जिनि सचु करि जाता ॥
नानक सो जनु सचि समाता ॥ ८ ॥ १५ ॥

सलोकु

रूपु न रेख न रंगु किछु त्रिहु गुण ते प्रभ भिंन ॥

तिसहि बुझाए नानका जिसु होवै सु प्रसंन ॥ १ ॥

असटपदी ॥

अबिनासी प्रभु मन महि राखु ॥

हे भक्तजन दिन रात प्रभु को जप।
सब से ऊंची और निर्मल कमाई यह है।
जिस को प्रभु ने कृपा करके अपना नाम दिया है,
हे नानक! सो जन निर्मल हुआ है॥ ७॥
जिस के मन में गुरु-वचनों पर विश्वास है,
उस को हरि-प्रभु याद आता है।
तीन लोकों में वह भक्त भक्त करके सुना जाता है,
जिस के हृदय में एक प्रभु होता है।
उस की कमाई और रहित सब सच्ची है।
सत्य स्वरूप वाला ही उस के हृदय में है और मुख से भी सत्य ही कथन करता है।
सच्ची ही उस की दृष्टि है और सच्चा ही उस का रूप है।
सत्य में वर्तता है और सत्य ही संसार को जानता है (भाव हर जगह उस को प्रभु ही प्रभु दीखता है)।
परमेश्वर को जिस ने सत्यरूप कर जान लिया है,
हे नानक! सो पुरुष सत्य में ही विलीन हो जाता है॥८॥१५

सलोकु

जिस का कछु रूप रंग और चिन्ह नहीं सो वाहिगुरु त्रिगुणातीत है।
हे नानक! जिस के ऊपर प्रभु प्रसन्न होता है उस को अपना वास्तविक स्वरूप जनाता है।

असटपदी॥

हे मन! अविनाशी प्रभु को मन में धारण कर,

मानुख की तू प्रीति तिआगु ॥
तिसते परै नाही किछु कोइ ॥
सरब निरंतरि एको सोइ ॥
आपे बीना आपे दाना ॥
गहिर गंभीरु गहीरु सुजाना ॥
पारब्रहम परमेसुर गोबिंद ॥
कृपा निधान दइआल बखसंद ॥
साध तेरे की चरनी पाउ ॥
नानक कै मनि इहु अनराउ ॥ १ ॥
मनसा पूरन सरना जोगु ॥

जो करि पाइआ सोई होगु ॥
हरन भरन जाका नेत्र फोरु ॥

तिसका मंत्रु न जानै होरु ॥

अनद रूप मंगल सद जाकै ॥
सरब थोक सुनीअहि घरि ताकै ॥
राज महि राजु जोग महि जोगी ॥
तप महि तपीसरु गृहसथ महि भोगी ॥
धिआइ धिआइ भगतह सुखु पाइआ ॥
नानक तिसु पुरख का किनै अंतु न पाइआ ॥ २ ॥
जाकी लीला की मिति नाहि ॥

और मनुष्य-प्रीति को तूं त्याग दे।

उस परमेश्वर से परे कछु कोई वस्तु नहीं है।

सब से निरन्तर सो एक ही है।

स्वयं ही पहिचानने वाला और स्वयं ही जानने वाला है।

गहिर गम्भीर व्यापक और सुजान है।

पारब्रह्म परमेश्वर और गोविन्द है।

कृपा निधान दयालु और क्षमा करने वाला है।

हे प्रभो मैं तुमरे साधु के चरणों पर पड़ूं।

श्री जगत गुरू जी कहिते हैं मेरे मन में यह प्रेम है॥ १॥

प्रभु मन की इच्छा पूरी करने वाला व शरण पड़े की सहायता करने वाला है।

जो उस ने जीव के हाथ में दिया है सो होगा।

जिस के एक निमष मात्र में सृष्टि का संहार और उत्पत्ति होती है,

उस के मन्त्र भाव विचार को उस के बिना कोई दूसरा नहीं जानता।

स्वयं अनन्द-स्वरूप है और उस के घर में सदा मंगल हैं।

उस के घर सब पदार्थ सुनने में आये हैं।

वह राजों में राजा और योगियों में योगी है।

तपस्वियों में तपस्वी और गृहस्थों में गृहस्थी है।

भक्त जनों ने उस का ध्यान धर के सुख पाया है।

हे नानक! उस वाहिगुरू का किसी ने अन्त नहीं पाया॥ २॥

जिस की लीला का अन्त नहीं है।

सगल देव हारे अवगाहि ॥
पिता का जनमु कि जानै पूतु ॥
सगल परोई अपुनै सूति ॥
सुमति गिआनु धिआनु जिन देइ ॥
जन दास नामु धिआवहि सेइ ॥
तिहु गुण महि जाकउ भरमाए ॥
जनमि मरै फिरि आवै जाए ॥
ऊच नीच तिस के असथान ॥
जैसा जनावै तैसा नानक जान ॥ ३ ॥
नाना रूप नाना जाके रंग ॥
नाना भेख करहि इक रंग ॥
नाना विधि कीनो बिसथारु ॥
प्रभु अबिनासी एकंकारु ॥
नाना चलित करे खिन माहि ॥
पूरि रहिओ पूरनु सभ ठाइ ॥
नाना बिधि करि बनत बनाई ॥
अपनी कीमति आपे पाई ॥
सभ घट तिसके सभ तिसके नाउ ॥
जपि जपि जीवै नानक हरि नाउ ॥ ४ ॥

नाम के धारे सगले जंत ॥
नाम के धारे खंड ब्रहमंड ॥

जिस का अन्त लेते हुये सब देवते थकित हुए हैं।

पिता-जन्म को पुत्र क्या जान सकता है ?

सब सृष्टि प्रभु ने अपने सूत में परोई है।

सुमति-ज्ञान और ध्यान जिन को प्रभु देता है !

ऐसे जो भक्त जन उस के नाम को ध्याते हैं।

जिस को तीन गुणों में भ्रमाता है

सो जन्म कर आता है और मर कर जाता है।

ऊंच नीच आदि स्थान उस के रचे हुए हैं।

हे नानक ! जैसा जिस को जनाता है वैसा कोई जानता है॥३॥

अनेक रूप और अनेक जिस के रंग हैं,

वह अनेक वेष कर्ता हुया पुनः एक रंग में रहता है।

अनेक प्रकार का विस्तार जिस ने किया है,

सो प्रभु अविनाशी और एकंकार भाव एक रस है।

अनेक चरित्र क्षण में करता है।

सो पूर्ण प्रभु सब स्थानों में पूर्ण हो रहा है।

अनेक युक्तियों से संसार की जिस ने रचना बनाई है,

अपनी कीमत (बड़ाई) आप ही जानता है।

सब घट और सब स्थान उस के हैं।

हे नानक ! जीव उस का नाम जप कर जीता हैं (अथ जीवन प्राप्त करता है) ॥ ४ ॥

सब जन्तु नाम (सर्व व्यापक ईश्वर) के आधार (आश्रय) हैं।

सब खंड और ब्रह्मंड नाम के आश्रय हैं।

नाम के धारे सिम्रिति बेद पुरान ॥
नाम के धारे सुनन गिआन धिआन ॥
नाम के धारे आगास पाताल ॥
नाम के धारे सगल आकार ॥
नाम के धारे पुरीआ सभ भवन ॥
नाम कै संगि उधरे सुनि स्रवन ॥

करि किरपा जिसु आपनै नामि लाए ॥
नानक चउथे पद महि सो जनु गति पाए ॥ ५ ॥
रूपु सति जाका सति असथानु ॥
पुरखु सति केवल परधानु ॥
करतूति सति सति जाकी बाणी ॥
सति पुरखु सभ माहि समाणी ॥
सति करमु जाकी रचना सति ॥
मूलु सति सति उतपति ॥
सति करणी निरमल निरमली ॥
जिसहि बुझाए तिसहि सभ भली ॥

सतिनामु प्रभ का सुखदाई ॥
बिस्वासु सति नानक गुर ते पाई ॥ ६ ॥
सति बचन साधू उपदेस ॥
सति ते जन जाकै रिदै प्रवेस ॥

वेद पुराण व स्मृतियां आदि धर्म्म पुस्तक नाम-आधार पर हैं ।
सुनना, ज्ञान और ध्यान सब नाम के आश्रय हैं ।
आकाश और पाताल सब नाम के आधार पर हैं ।
सब स्वरूप नाम के आधार पर हैं ।
सब पुरियां और लोक नाम के आश्रय हैं ।
कानों से सुन कर नाम के संग से जीव संसार समुद्र से तर गये हैं ।
वाहिगुरू कृपा करके जिस को अपने नाम में लगाए,
हे नानक ! चतुर्थ पद में जा कर सो पुरुष मुक्ति पाता है ॥५॥
जिस का रूप और स्थान सत्य है ।
सो सत्य पुरुष ही केवल प्रधान है ।
जिस की (करतूत) करणी और वाणी सत्य है,
सो सत्य पुरुष सब में समा रहा है ।
जिस कर्म और रचना भी सत्य है,
सो कारणरूप से और कार्यरूप से भी सत्य है ।
जिस की करणी सत्य है और जो निर्मल से निर्मल है,
वह प्रभु जिस जीव को सुझाता है, उस जीव को सब भली प्रतीति होती है ।
ऐसे प्रभु का सति-नाम सुखदाई है ।
हे नानक ! यह सत्य विश्वास संतगुरू से प्राप्त होता है ॥ ६ ॥
साधु का उपदेश ही सत्य वचन है ।
सो पुरुष सत्य है जिस के हृदय में सत्य का प्रवेश है ।

सति निरति बूझै जे कोइ ॥
नामु जपत ताकी गति होइ ॥
आपि सति कीआ सभु सति ॥
आपे जानै अपनी मिति गति ॥
जिसकी स्रसटि सु करनैहारु ॥
अवर न बूझि करत बीचारु ॥
करते की मिति न जानै कीआ ॥
नानक जो तिसु भावै सो वरतीआ ॥ ७ ॥
बिसमन बिसम भए बिसमाद ॥
जिनि बूझिआ तिसु आइआ स्वाद ॥
प्रभ कै रंगि राचि जन रहे ॥
गुर कै बचनि पदारथ लहे ॥
ओइ दाते दुख काटनहार ॥
जाकै संगि तरै संसार ॥
जन का सेवकु सो वडभागी ॥
जन कै संगि एक लिव लागी ॥
गुन गोबिदु कीरतनु जनु गावै ॥
गुर प्रसादि नानक फलु पावै ॥ ८ ॥ १६ ॥

सलोकु

आदि सचु जुगादि सचु ॥
है भि सचु नानक होसी भि सचु ॥ १ ॥

यदि कोई सत्य को निर्णय करके समझ ले,
तब नाम जप कर उस की गति होती है।
स्वयं प्रभु सत्य है उस की रचना भी सब सत्य स्वरूप है।
सो वाहिगुरू अपनी मर्य्यादा और गति को स्वयं ही जानता है।
जिस की यह सृष्टि है सो स्वयं ही करने वाला है।
और कोई उस को समझ नहीं सकता यदि विचार भी करे।
कर्ता की मर्याद को किया हुआ (जीव) नहीं जानता।
हे नानक! जो प्रभु को भाता है सो वर्तता है ॥ ७ ॥
जीव बहुत ज्यादा आश्चर्य और हैरान हुये हैं,
(परन्तु) जिस ने उस को समझा है उसी को आनन्द आया है।
सो जन प्रभु-रंग में राच रहे हैं।
गुरू-वचन द्वारा उन्हों ने नाम-पदार्थ पाया है।
वह औरों को भी नाम की दात दे कर दुःख काटने वाले हैं।
जिन के संग लग कर संसार तरता है।
जो ऐसे भक्तजनों का सेवक है सो वड़भागी है।
ऐसे भक्तजनों के संग से एक रस लिव लगती है।
पुनः वह सेवक गोविन्द-गुण और कीर्तन को गाता है।
श्री सतगुरू जी कहिते हैं सतगुरू-कृपा से मुक्ति रूप फल पाता
है ॥ ८ ॥ १६ ॥

सलोकु

वाहिगुरू आदि में सत्य था। युगों के आदि में भी सत्य था।
अब भी सत्य है। हे नानक! आगे भी सत्य होगा।

असटपदी ॥

चरन सति सति परसन हार ॥
पूजा सति सति सेवदार ॥
दरसनु सति सति पेखनहार ॥
नामु सति सति धिआवनहार ॥
आपि सति सति सभ धारी ॥

आपे गुण आपे गुणकारी ॥
सबदु सति सति प्रभु बकता ॥
सुरति सति सति जसु सुनता ॥
बुझनहार कउ सति सभ होइ ॥
नानक सति सति प्रभु सोइ ॥ १ ॥
सति सरूपु रिदै जिनि मानिआ ॥
करन करावन तिनि मूलु पछानिआ ॥

जा कै रिदै बिस्वासु प्रभ आइआ ॥
ततु गिआनु तिसु मनि प्रगटाइआ ॥
भै ते निरभउ होइ बसाना ॥
जिस ते उपजिआ तिसु माहि समाना ॥
बसतु माहि ले बसत गडाई ॥
ता कउ भिंन न कहना जाई ॥
बूझै बूझनहारु बिबेक ॥

असटपदी ॥

प्रभु के चरण भी सत्य हैं और स्पर्श करने वाले भी सत्य हैं।

हरि पूजा भी सत्य है और सेवा करने वाले भी सत्य हैं।

वाहिगुरू-दर्शन भी सत्य है और दर्शन करने वाले भी सत्यहै

गोविन्द-नाम भी सत्य है और ध्याने वाले भी सत्य हैं।

प्रभु स्वयं भी सत्य हैं और सब सृष्टि जो उस ने धारन की है वह भी सत्य है।

स्वयं ही गुण-रूप हैं और स्वयं ही गुण करने वाला है।

शब्द भी सत्य है और प्रभु-सुयश करने वाला वक्ता भी सत्यहै।

ध्यान सत्य है और प्रभु-सुयश श्रवण करने वाला भी सत्य है।

आत्म दर्शी पुरुष के लिए सब सत्य ही है।

हे नानक ! सो प्रभु सर्वदा सत्य ही है ॥ १ ॥

सत्य स्वरूप को जिस ने हृदय में धारण किया है,

उस ने मूल रूप वाहिगुरू को करने और कराने वाला पहचाना है।

जिस के हृदय में प्रभु-विश्वास आ गया है,

उस के मन में तत्तव ज्ञान प्रकट हुआ है।

भय से निर्भय हो कर सो संसार में बसता है।

जिस से वह उत्पन्न हुआ था उस में लिव-लीन हो गया है।

एक वस्तु में जब वस्तु मिला दी गई,

तब उस को उस से भिन्न नहीं कहा जाता।

इस बात को ज्ञान द्वारा समझने वाला समझता है।

नाराइन मिले नानक एक ॥ २ ॥

ठाकुर का सेवकु आगिआकारी ॥
ठाकुर का सेवकु सदा पूजारी ॥
ठाकुर के सेवक कै मनि परतीति ॥
ठाकुर के सेवक की निरमल रीति ॥
ठाकुर कउ सेवकु जानै संगि ॥
प्रभ का सेवकु नाम कै रंगि ॥
सेवक कउ प्रभ पालनहारा ॥
सेवक की राखै निरंकारा ॥
सो सेवकु जिसु दइआ प्रभु धारै ॥
नानक सो सेवकु सासि सासि समारै ॥ ३ ॥

अपुने जन का परदा ढाकै ॥
अपने सेवक की सरपर राखै ॥
अपने दास कउ देइ वडाई ॥
अपने सेवक कउ नामु जपाई ॥
अपने सेवक की आपि पति राखै ॥
ता की गति मिति कोइ न लाखै ॥
प्रभ के सेवक कउ को न पहूचै ॥
प्रभ के सेवक ऊच ते ऊचे ॥
जो प्रभि अपनी सेवा लाइआ ॥
नानक सो सेवकु दहदिसि प्रगटाइआ ॥ ४ ॥

हे नानक ! वह एक नारायण में मिले हैं ॥ २ ॥

प्रभु का सेवक प्रभु-आज्ञा में चलता है ।
वाहिगुरू का सेवक सदा उस की पूजा में रहता है ।
ठाकुर के सेवक के मन में पूर्ण प्रतीति होती है ।
वाहिगुरू के सेवक की रीति अति निर्मल होती है ।
गोविन्द का सेवक गोविन्द को संग जानता है ।
वाहिगुरू का सेवक सदा नाम रंग में रंगा है ।
ऐसे सेवक का पालक स्वयं प्रभु है ।
सेवक की लज्जा निरंकार स्वयं रखता है ।
सेवक सो है जिस पर स्वयं प्रभु कृपा करता है ।
हे नानक ! सो सेवक श्वास श्वास प्रभु-स्मरण करे है ॥ ३ ॥

वाहिगुरू अपने सेवक का पड़दा स्वयं ढांकता है ।
वाहिगुरू अपने सेवक की लज्जा अवश्य राखता है ।
वाहिगुरू अपने सेवक को स्वयं बड़ाई देता है ।
वाहिगुरू अपने सेवक से अपना नाम जपाता है ।
वाहिगुरू अपने सेवक का मान आप रखता है ।
उस वाहिगुरू की गति और मर्य्याद को कोई जान नहीं सकता।
प्रभु के सेवक की समता कोई नहीं कर सकता ।
(कारण कि) प्रभु-सेवक ऊंचे से ऊंचे हैं ।
जिस को प्रभु ने अपनी सेवा में लगाया है,
हे नानक ! सो सेवक दशों दिशा में प्रकट हो जाता है ॥ ४ ॥

नीकी कीरी महि कल राखै ॥
भसम करै लसकर कोटि लाखै ॥
जिस का सासु न काढत आपि ॥
ता कउ राखत दे करि हाथ ॥
मानस जतन करत बहु भाति ॥
तिस के करतब बिरथे जाति ॥
मारै न राखै अवरु न कोइ ॥
सरब जीआ का राखा सोइ ॥
काहे सोच करहि रे प्राणी ॥
जपि नानक प्रभ अलख विडाणी ॥ ५ ॥

बारंबार बार प्रभु जपीऐ ॥
पी अंमृतु इहु मनु तनु ध्रपीऐ ॥
नाम रतनु जिनि गुरमुखि पाइआ ॥
तिसु किछु अवरु नाही द्रिसटाइआ ॥
नामु धनु नामो रूपु रंगु ॥
नामो सुखु हरि नाम का संगु ॥
नाम रसि जो जन त्रिपताने ॥
मन तन नामहि नामि समाने ॥
ऊठत बैठत सोवत नाम ॥
कहु नानक जन कै सद काम ॥ ६ ॥
बोलहु जसु जिहवा दिनु राति ॥

प्रभि अपनै जन कीनी दाति ॥
करहि भगति आतम कै चाइ ॥

प्रभ अपने सिउ रहहि समाइ ॥
जो होआ होवत सो जानै ॥
प्रभ अपने का हुकमु पछानै ॥
तिस की महिमा कउन वखानउ ॥
तिस का गुनु कहि एक न जानउ ॥
आठ पहर प्रभ बसहि हजूरे ॥
कहु नानक सेई जन पूरे ॥ ७ ॥
मन मेरे तिन की ओट लेहि ॥
मनु तनु अपना तिन जन देहि ॥
जिनि जनि अपना प्रभू पछाता ॥
सो जनु सरब थोक का दाता ॥
तिसकी सरनि सरब सुख पावहि ॥
तिसकै दरसि सभ पाप मिटावहि ॥
अवर सिआनप सगली छाडु ॥
तिसु जन की तू सेवा लागु ॥
आवनु जानु न होवी तेरा ॥
नानक तिसु जन के पूजहु सद पैरा ॥ ८ ॥ १७ ॥

यह दात प्रभु ने अपने दास पर की है।

गुरुमुख पुरुष मन की प्रसन्नता पूर्वक वाहिगुरू को भक्ति करते हैं।

भक्तजन अपने प्रभु संग समाया रहता है।

जो कछु हुआ है उस को होनहार जानता है,

और अपने प्रभु की आज्ञा पहिचानता है।

मैं उस वाहिगुरू की महिमा को कैसे वर्णन करू।

उस का एक गुण भी मैं वर्णन नहीं कर सकता।

जो सदा प्रभु के हजूर बसते हैं,

कहो हे नानक! सो पूर्ण पुरूष हैं॥ ७॥

हे मेरे मन उन महापुरुषों की ओट ले।

मन और तन उन को समर्पण कर।

जिन जनों ने अपना प्रभु पहचान लिया है,

सो जन सब पदार्थों के दाता अर्थात सर्व-समर्थ हो जाते हैं।

(हे मन!) उस जन की शरण में सब सुख पायंगा।

उस के दर्शन से तूं अपने सब पाप मिटायंगा।

और सब चतुरता को तूं त्याग

पुनः उस महापुरुष की सेवा में तूं तत्पर हो,

इस तरह तब तुमारा आना जाना नहीं होगा।

हे नानक! उस महा पुरुष के चरणों की सर्वदा पूजा करो।

८॥ १७॥

सलोकु

सति पुरखु जिनि जानिआ सतिगुरु तिस का नाउ ॥

तिसकै संगि सिखु उधरै नानक हरि गुन गाउ ॥ १ ॥

असटपदी ॥

सतिगुरु सिख की करै प्रतिपाल ॥
सेवक कउ गुरू सदा दइआल ॥
सिख की गुरु दुरमति मलु हिरै ॥
गुर बचनी हरि नामु उचरै ॥
सतिगुरु सिख के बंधन काटै ॥
गुर का सिखु बिकार ते हाटै ॥
सतिगुरु सिख कउ नाम धनु देइ ॥
गुर का सिखु वडभागी हे ॥
सतिगुरु सिख का हलतु पलतु सवारै ॥
नानक सतिगुरु सिख कउ जीअ नालि समारै ॥ १ ॥

गुर कै गृहि सेवकु जो रहै ॥
गुर की आगिआ मन महि सहै ॥
आपस कउ करि कछु न जनावै ॥
हरि हरि नामु रिदै सद धिआवै ॥
मनु बेचै सतिगुर कै पासि ॥

सलोकु

जिस ने सत्य-स्वरूप वाहिगुरू को जान लिया है उस का नाम सद्गुरु है ।

हे नानक ! उन के संग में हरिगुण गा कर शिष्य का उद्धार होता है ॥

असटपदी ॥

सतगुरू शिष्य का पालन करता है ।

सतगुरु अपने सेवक पर सदा दयालु रहता है ।

सतगुरू अपने शिष्य की दुर्मत रूपी मल को विनष्ट करता है ।

वह शिष्य सत गुरू वचन द्वारा हरिनाम का उच्चारण करता है।

सतगुरू अपने शिष्य के बन्धन को काट देता है और सतगुरू का शिष्य विकारों को त्याग देता है ।

सतगुरू अपने शिष्य को नामधन देता है ।

सतगुरू का शिष्य बडभागी है ।

सतगुरू अपने शिष्य का लोक और परलोक सुधारता है ।

हे नानक ! सतगुरू अपने शिष्य को सदा हृदय में याद रखता है ॥ १ ॥

जो सेवक गुरू-गृह में रहता है ।

(भाव) गुरू आज्ञा का पालन करता है ॥

अपने आप को कुछ कर के नहीं जनाता है ।

सदा वाहिगुरू नाम का हृदय में ध्यान करता है ।

अपना मन सतगुरू के अर्पण करता है ।

तिसु सेवकु के कारज रासि ॥
सेवा करत होइ निहकामी ॥
तिस कउ होत परापति सुआमी ॥
अपनी कृपा जिसु आपि करेइ ॥
नानक सो सेवकु गुर की मति लेइ ॥ २ ॥
बीस बिसवे गुर का मनु मानै ॥

सो सेवकु परमेसुर की गति जानै ॥
सो सतिगुरु जिसु रिदै हरिनाउ ॥
अनिक बार गुर कउ बलि जाउ ॥
सरब निधान जीअ का दाता ॥
आठ पहर पारब्रहम रंगि राता ॥
ब्रहम महि जनु जन महि पारब्रहमु ॥
एकहि आपि नही कछु भरमु ॥
सहस सिआनप लइआ न जाईऐ ॥
नानक ऐसा गुरु वडभागी पाईऐ ॥ ३ ॥
सफल दरसनु पेखत पुनीत ॥

परसत चरन गति निरमल रीति ॥
भेटत संगि राम गुन रवे ॥
पारब्रहम की दरगह गवे ॥
सुनि करि बचन करन आघाने ॥

उस सेवक के सब कार्य्य पूर्ण होते हैं ।
फल की इच्छा से रहित हो कर जो सेवा करता है,
उस को स्वामी वाहिगुरू प्राप्त होता है ।
वाहिगुरू अपनी कृपा जिस पर स्वयं करे,
हे नानक ! सो सेवक गुरू-शिक्षा को लेता है ॥ २ ॥
जिस शिष्य पर गुरू का मन (बीस विसवे) पूरी तौर से मान जाय,
सो सेवक परमेश्वर-गति को जानता है ।
सतगुरू सो है जिस के हृदये में वाहिगुरू नाम है ।
ऐसे सतगुरू पर मैं अनेक बार बलिहार जाता हूं ।
सो सतगुरू सर्वनिधान और जीवन का दाता है ।
जो आठों पहर पार-ब्रह्म के रंग में रंगा रहता है ।
प्रभु में उस सा सेवक और सेवक में प्रभु लीन है ।
दोनों ओर एक आप ही आप है इस में कछु भ्रम नहीं है ।
हजारों चतुराईयां करने पर भी सतगुरू प्राप्त नहीं होता ।
हे नानक ! ऐसे सतगुरू बड़े भागों से प्राप्त होता है ॥३ ॥
सतगुरू का दर्शन सफल है, दर्शन मात्र से (जीव) पवित्र हो जाता है ।
चरण-स्पर्श करने से मुक्ति की निर्मल युक्ति प्राप्त होती है ।
सतगुरू के संग में मिल कर जिस ने राम गुण गाए हैं,
सो पारब्रह्म-लोक में प्राप्त होता है ।
पूर्ण गुरू के बचन सुन कर कान तृप्त हो गये ।

मनि संतोखु आतम पतीआने ॥
पूरा गुरु अख्यउ जा का मंत्र ॥
अंमृत द्रसटि पेखै होइ संत ॥
गुण बिअंत कीमति नही पाइ ॥
नानक जिसु भावै तिसु लए मिलाइ ॥ ४ ॥

जिहवा एक उसतति अनेक ॥

सति पुरखु पूरन बिबेक ॥

कांहू बोल न पहुचत प्रानी ॥
अगम अगोचर प्रभ निरबानी ॥

निराहार निरवैर सुखदाई ॥
ता की कीमति किनै न पाई ॥
अनिक भगत बंदन नित करहि ॥
चरन कमल हिरदै सिमरहि ॥
सद बलिहारी सतिगुर अपने ॥
नानक जिसु प्रसादि ऐसा प्रभु जपने ॥ ५ ॥

इहु हरि रसु पावै जनु कोइ ॥
अंमृतु पीवै अमरु सो होइ ॥
उसु पुरख का नाही कदे बिनास ॥
जाकै मनि प्रगटे गुनत.

पुनः मन में सन्तोष और पूर्ण विश्वास आ गया ।

सो पूर्ण गुरू हैं जिन का उपदेश अटल है ।

जिस की अमृत दृष्टि देखने से यह जीव साधु बन जाय,

ऐसे सतगुरू के गुण अनन्त हैं और वह अमुल्य हैं ।

हे नानक ! जिस को चाहता है उस को सत्गुरू अपने संग मिला लेता है ॥ ४ ॥

(जीव की) जिह्वा एक है (अनन्त-रूप वाहिगुरू की) स्तुति अनन्त हैं ।

वह प्रभु सत्य है पुरुष (जीवों में व्यापक है) है, पूर्ण है और ज्ञान स्वरूप है ।

किसी वचनादि करके प्राणी उस को नहीं पहुंच सकता ।

वाहिगुरू अगम्य अगोचर है और वाणी द्वारा उस तक पहुंचा नहीं जा सकता,

पुनः निराहार निर्वैर और सुखदाई है ।

उस का मूल्य किसी ने भी नहीं पाया ।

अनेक भक्तजन सदा प्रभु को नमस्कार करते हैं

और हृदये में चरण-कमलों का स्मरण करते हैं ।

मैं (ऐसे) अपने सतगुरू पर सदा बलिहार जाता हूं ।

जिस (गुरु) की कृपा से कि, श्री सत्गुरु जी कहते हैं, ऐसा प्रभु जपा जाता है ॥ ५ ॥

इस हरि-नाम रस को कोई बड़भागी पुरुष पाता है ।

जो (नाम-) अमृत पान करता है सो अमर होता है ।

उस पुरुष का कभी भी विनाश नहीं होता,

जिस के मन में गुणों का समुद्र प्रभु प्रकट हुआ है ।

आठ पहर हरि का नामु लेइ ॥
सचु उपदेसु सेवक कउ देइ ॥
मोह माइआ कै संगि न लेपु ॥
मन महि राखै हरि हरि एकु ॥
अंधकार दीपक परगासे ॥

नानक भरम मोह दुख तह ते नासे ॥ ६ ॥

तपति माहि ठाढि वरताई ॥
अनदु भइआ दुख नाठे भाई ॥
जनम मरन के मिटे अंदेसे ॥
साधू के पूरन उपदेसे ॥
भउ चूका निरभउ होइ बसे ॥
सगल बिआधि मन ते खै नसे ॥
जिस का सा तिनि किरपा धारी ॥
साध संगि जपि नामु मुरारी ॥
थिति पाई चूके भ्रम गवन ॥
सुनि नानक हरि हरि जसु स्रवन ॥ ७ ॥

निरगुनु आपि सरगुनु भी ओही ॥
कला धारि जिनि सगली मोही ॥
अपने चरित प्रभि आपि बनाए ॥

जो (गुरु) आठों पहर हरिनाम को लेता है।
अपने सेवक को उपदेश सच्चा देता है।
(जो गुरु) मोह और माया के संग में लंपट नहीं होता,
(जो गुरु) मन में एक वाहिगुरु-नाम को रखता है।
(जो गुरु) अज्ञान रूप अन्धकार में ज्ञान रूप दीपक का प्रकाश करता है।
हे नानक! उस (गुरु-) द्वारा भ्रम, मोह और दुख दूर होते हैं॥ ६॥
सतगुरु ने हमारे संतप्त हृदय को शीतल कर दिया है।
हे भाई! दुःख नष्ट हो गये हैं, सुख प्राप्त हो गया है।
सतगुरु के पूर्ण उपदेश द्वारा जन्म और मरण के संशय मिट गये हैं।
भय दूर हो गया है और निर्भय हो कर बस रहे हैं।
सब व्याधियां मन से नष्ट हो गई हैं।
जिस वाहिगुरु का दास यह जीव था, जब उस ने कृपा की
तब सतगुरु साधु संग में मिल कर उस ने मुरारि-नाम को जपा।
श्री सतगुरु जी कहते हैं वाहिगुरु-यश को श्रवण द्वारा सुन कर स्थिरता पा ली और भ्रम कर जो आना जाना था सो छूट गया॥ ७॥
निर्गुण और सगुण दोनों स्वरूप (प्रभु) आप ही है,
जिस ने शक्ति धार कर सब को मोह लिया है।
अपने चरित्र वाहिगुरु ने आप बनाये हैं।

अपुनी कीमति आपे पाए ॥
हरि बिनु दूजा नाही कोइ ॥
सरब निरंतरि एको सोइ ॥
ओति पोति रविआ रूप रंग ॥
भए प्रगास साध कै संग ॥
रचि रचना अपनी कल धारी ॥
अनिक बार नानक बलिहारी ॥ ८ ॥ १८ ॥

सलोकु

साथि न चालै बिनु भजन बिखिआ सगली छारु ॥

हरि हरि नामु कमावना नानक इहु धनु सारु ॥ १ ॥

असटपदी ॥

संत जना मिलि करहु बीचारु ॥
एकु सिमरि नाम आधारु ॥
अवरि उपाव सभि मीत बिसारहु ॥
चरन कमल रिद महि उरिधारहु ॥
करन कारन सो प्रभु समरथु ॥
द्रिड़ करि गहहु नामु हरि वथु ॥
इहु धनु संचहु होवहु भगवंत ॥
संत जना का निरमल मंत ॥

अपने मूल्य को आप ही पाता है।

हरि बिना दूसरा कोई नहीं है।

सब में निरन्तर सो एक ही है।

ओत पोत हो कर सब रूप और रंगों में रम रहा है।

यह (उपरोक्त) प्रकाश सत्गुरु साधु संग कर प्राप्त होता है।

जिस ने सृष्टि बना कर अपनी शक्ति द्वारा धारण की है,

श्री सत्गुरु जी कहते हैं उस प्रभु पर अनेक बार हम बलिहार जाते हैं ॥ ८ ॥ १८ ॥

सलोकु

भजन बिन संग कछु नही जाता, (नाम बिना) सारी माया व्यर्थ है।

हे नानक! हरिनाम का कमाना यह श्रेष्ट धन है।

असटपदी ॥

सन्त जनों के संग मिल के विचार करो,

एक नाम का स्मरण करो जो सब का आधार है।

हे मित्र और सब उपा बिसार दो।

वाहिगुरू-चरण-कमलों को अपने हृदय में धारो।

सो प्रभु करने और कराने को समर्थ है।

उस प्रभु की नाम-रूप वस्तु को दृढ़ कर पकड़ो।

इस हरि-नाम धन को इकत्र करके वडभागी बनो।

यह संत जनो का निर्मल उपदेश है।

एक आस राखहु मन माहि ॥
सरब रोग नानक मिटि जाहि ॥ १ ॥

जिसु धन कउ चारि कुट उठि धावहि ॥
सो धनु हरि सेवा ते पावहि ॥
जिसु सुख कउ नित वाछहि मीत ॥
सो सुखु साधू संगि परीति ॥
जिसु सोभा कउ करहि भली करनी ॥
सा सोभा भजु हरि की सरनी ॥
अनिक उपावी रोगु न जाइ ॥
रोगु मिटै हरि अवखधु लाइ ॥
सरब निधान महि हरि नामु निधानु ॥
जपि नानक दरगहि परवानु ॥ २ ॥

मनु परबोधहु हरि कै नाइ ॥
दहदिसि धावत आवै ठाइ ॥
ता कउ बिघनु न लागै कोइ ॥
जा कै रिदै बसै हरि सोइ ॥
कलि ताती ठाढा हरि नाउ ॥
सिमरि सिमरि सदा सुख पाउ ॥
भउ बिनसै पूरन होइ आस ॥
भगति भाइ आतम परगास ॥

एक वाहिगुरू-आश को मन में धारो।
श्री सतगुरु जी कहते हैं तब तुम्हारे सब रोग मिट जायगे ॥१॥
जिस धन प्राप्ति निमित्त तूं उठ कर चारों दिशा में दौड़ता है
उस धन को हरि-सेवा कर तू पा सकता है।
हे मित्र जिस सुख को तू सदा चाहता है,
सो सुख साधु-संग में प्रीति करने से मिलता है।
जिस शोभा की प्राप्ति निमित्त तू भले काम करता है।
सो शोभा हरि-शरण सेवन से मिलती है।
अनेक उपाय करने पर भी जो रोग नहीं जाता
सो हरि-नाम रूप औषधि लगाने से मिट जाता है।
सब निद्धियों में हरिनाम ही श्रेष्ट निद्धि है।
श्री जगतगुरू जी कहते हैं वाहिगुरू नाम को जप, जिस से
परलोक में मान हो ॥ २ ॥
वाहिगुरू-नाम द्वारा मन को समझाओ।
जिस से दशों दिशा में दौड़ता हुआ मन ठिकाने आ जाय।
उस (जीव) को कोई विघ्न नहीं व्यापता,
जिस के हृदये में सो वाहिगुरू वसता है।
कलियुग तप्त है और हरिनाम शीतल है।
(हे भाई) प्रभु-स्मरण करके नित्य सुख पाओ।
(इस से) भय विनाश होगा और आशा पूर्ण होगी।
भक्ति भाव से आत्म-प्रकाश होता है,

तितु घरि जाइ बसै अबिनासी ॥
कहु नानक काटी जम फासी ॥ ३ ॥

ततु बीचारु कहै जनु साचा ॥
जनमि मरै सो काचो काचा ॥
आवा गवनु मिटै प्रभ सेव ॥
आपु तिआगि सरनि गुरदेव ॥
इउ रतन जनम का होइ उधारु ॥
हरि हरि सिमरि प्रान आधारु ॥
अनिक उपाव न छूटनहारे ॥

सिमृति सासत बेद बीचारे ॥
हरि की भगति करहु मनु लाइ ॥
मनि बंछत नानक फल पाइ ॥ ४ ॥

संगि न चालसि तेरै धना ॥
तूं किआ लपटावहि मूरख मना ॥
सुत मीत कुटंब अरु बनिता ॥
इन ते कहहु तुम कवन सनाथा ॥
राज रंग माइआ बिसथार ॥
इन ते कहहु कवन छुटकार ॥
असु हसती रथ असवारी ॥
झूठा डंफु झूठु पासारी ॥

पुनः जीव उस अविनाशी घर में जा कर बसता है।
श्री जगत्-गुरू जी कहते हैं, जहां यम-फांसी कटी हुई है॥ ३॥

सच्चा पुरुष तत्व् विचार कथन करता है।
जो जन्मता और मरता है सो अति कच्चा है।
आना और जाना प्रभु-सेवा से मिटता है।
आपा भाव त्याग के गुरुदेव की शरण में आ
इस प्रकार इस रत्न जन्म का उद्धार होता है।
वाहिगुरू नाम का स्मरण कर, जो प्राणों का आधार है।
(अन्य) जो अनेक उपाय हैं उन कर जीव माया के बन्धनों से
छूट नहीं सकता।
स्मृति शास्त्र और वेद भी विचार कर देख लिये हैं।
हरि-भक्ति ही मन लगा कर करो।
श्री सत्गुरु जी कहते हैं, जिस से मन वांछित फल पावोगे॥४

तुमरे संग धन ने नहीं जाना।
हे मुग्ध-मन तू इस संग क्यों लंपटा हुआ है।
पुत्र, मित्र, कुटुम्ब और स्त्री
आदि से तुम ही बतायो कौन सनाथ हुआ है?
राज्य, रंग और मायक-विस्तार
आदि से बता तो किस को माया के बन्धनों से खलासी हुई है?
घोड़े, हाथी, रथ और जो (अन्य) वाहन हैं
यह सब झूठा दम्भ और झूठा पसारा है।

जिनि दीए तिसु बुझै न बिगाना ॥

नामु बिसारि नानक पछुताना ॥ ५ ॥
गुर की मति तूं लेहि इआने ॥
भगति बिना बहु डूबे सिआने ॥
हरि की भगति करहु मन मीत ॥
निरमल होइ तुमारो चीत ॥
चरन कमल राखहु मन माहि ॥
जनम जनम के किलबिख जाहि ॥
आपि जपहु अवरा नामु जपावहु ॥
सुनत कहत रहत गति पावहु ॥
सार भूत सति हरि को नाउ ॥
सहजि सुभाइ नानक गुन गाउ ॥ ६ ॥

गुन गावत तेरी उतरसि मैलु ॥
बिनसि जाइ हउमै बिखु फैलु ॥
होहि अचिंतु बसहि सुख नालि ॥
सासि ग्रासि हरि नामु समालि ॥
छाडि सिआनप सगली मना ॥
साध संगि पावहि सचु धना ॥
हरि पूंजी संचि करहु बिउहारु ॥
ईहा सुखु दरगह जैकारु ॥

जिस वाहिगुरू ने यह सब पदार्थ दिये हैं उस को (यह) मूढ़ नहीं पहचानता।
हे नानक! नाम को भूल कर यह जीव पश्चाताप करता है ॥५
हे मूढ़ गुरु की शिक्षा ग्रहण कर, क्यों कि
भक्ति बिना बहुत बुद्धिमान् डूब गये हैं।
हे मित्र मन में हरि-भक्ति कर जिस से
तुमारा चित्त निर्मल हो जाय।
प्रभु-चरण-कमलों को मन में धारण कर
जिस से जन्म जन्मान्तरों के पाप चले जायं।
स्वयं वाहिगुरू नाम जपो दूसरों से जपाओ।
वाहिगुरू-नाम सुनते, कहते और धारण करते मुक्ति प्राप्त करो।
सत्य और श्रेष्ठ पदार्थ (केवल) हरिनाम है।
श्री जगत् गुरु जी कहते हैं स्वभाविक अथवा शान्ति पूर्वक हरि-गुण गाओ ॥ ६ ॥
वाहिगुरू-गुण गान करने से तुमारी मल निवृत्त होगी।
अहन्ता-रूप विष का प्रभाव नाश हो जायगा।
चिन्ता-रहित हो कर (तू) सुख पूर्वक (अपने स्वरूप में) बसेगा।
(सासि ग्रासि) सदा हरिनाम स्मरण कर।
हे मन सब बुद्धिमता को त्याग दे।
साधु संगति में मिल कर सच्चा धन पायगा।
वाहिगुरू-नाम की पूंजी इकत्र करके व्यवहार कर।
इस लोक में सुख और परलोक में जयकार होगा।

सरब निरंतरि एको देखु ॥
कहु नानक जा कै मसतकि लेखु ॥ ७ ॥

एको जपि एको सालाहि ॥
एकु सिमरि एको मन आहि ॥
एकस के गुन गाउ अनंत ॥
मनि तनि जापि एक भगवंत ॥
एको एकु एकु हरि आपि ॥
पूरन पूरि रहिउ प्रभु बिआपि ॥
अनिक बिसथार एक ते भए ॥
एकु अराधि पराछत गए ॥
मन तन अंतरि एकु प्रभु राता ॥
गुरप्रसादि नानक इकु जाता ॥ ८ ॥ १९ ॥

सलोकु

फिरत फिरत प्रभ आइआ परिआ तउ सरनाइ ॥

नानक की प्रभ बेनती अपनी भगती लाइ ॥ १ ॥

असटपदी ॥

जाचक जनु जाचै प्रभ दानु ॥
करि किरपा देवहु हरि नामु ॥

सब म निरन्तर एक वाहिगुरू को देख ।

श्री सतगुरु जी कहते हैं (यह दृष्टि उस को प्राप्त होती है) जिस के मस्तक में उत्तम लेख हो ॥ ७ ॥

एक वाहिगुरू को जप और एक उस की ही महिमा कर।

एक का स्मरण और एक ही की मन में इच्छा कर।

एक अनन्त ही के गुण गान कर।

मन और तनु कर एक भगवंत को जप।

सदा-स्थिर एक वाहिगुरू ही है।

यह व्यापक और पूर्ण प्रभु सब में पूर्ण हो रहा है।

यह अनेक विस्तार एक से हुये हैं।

उस एक के स्मरण करने से पाप दूर हो जाते हैं)

(जिस के) मन और तन के अन्दर एक प्रभु रच रहा है,

हे नानक! गुरु कृपा कर उस ने एक को जान लिया है ॥ ८ ॥ १६ ॥

सलोकु

हे प्रभो फिरता फिरता मैं आया हूँ और तुमारी शरण में पड़ा हूँ।

श्री सतगुरु जी कहते हैं हे प्रभो! मेरी विनती है कि आप मुझे अपनी भक्ति में लगा लो।

असटपदी ॥

मांगने वाला दास है प्रभो! दान मांगता है।

कृपा कर हरिनाम का दान दो।

साध जना की मागउ धूरि ॥
पारब्रहम मेरी सरधा पूरि ॥
सदा सदा प्रभ के गुन गावउ ॥
सासि सासि प्रभ तुमहि धिआवउ ॥
चरन कमल सिउ लागै प्रीति ॥
भगति करउ प्रभ की नित नीति ॥
एक ओट एको आधारु ॥
नानकु मागै नामु प्रभ सारु ॥ १ ॥

प्रभ की द्रसटि महा सुखु होइ ॥
हरि रसु पावै बिरला कोइ ॥
जिन चाखिआ से जन तृपताने ॥
पूरन पुरख नही डोलाने ॥
सुभरि भरे प्रेम रस रंगि ॥
उपजै चाउ साध कै संगि ॥
परे सरनि आन सभ तिआगि ॥
अंतरि प्रगास अनदिनु लिव लागि ॥

वडभागी जपिआ प्रभु सोइ ॥
नानक नामि रते सुखु होइ ॥ २ ॥
सेवक की मनसा पूरी भई ॥
सतिगुर ते निरमल मति लई ॥

साधु जन की धुलि मागता हूं।
हे पारब्रह्म यह मेरी इच्छा पूर्ण करो।
सदा मैं प्रभु-गुण गाऊं।
श्वास श्वास हे प्रभो ! मैं तुमारा ही ध्यान करूं।
आप के चरण कमलों संग मेरी प्रीति बने।
सदीव काल प्रभु-भक्ति ही को करूं।
एक तुम ही मेरी ओट हो और एक तुम ही मेरा आधार हो।
श्री सतगुरु जी कहते हैं हे प्रभु मैं आप का श्रेष्ट नाम मागता हूं॥ १॥
प्रभु की कृपा-दृष्टि होने पर महा सुख होता है।
हरि-रस को कोई वडभागी पुरुष पाता है।
जिन्हों ने इस रस को चखा हैं सो तृप्त हुये हैं।
सो पूर्ण पुरुष कभी नहीं डोलते।
प्रेम-रस के आनन्द में सो लवालव पूर्ण हैं।
उन को साधु-संग से चाउ उत्पन्न होता है।
अन्य सब कछु त्याग के सो आप की शरण में पडे हैं।
उन के हृदय में प्रकाश है अत एव दिन रात उन की लिव लगी रहती है।
वडभागी पुरुषों ने सो प्रभु नाम जपा है।
हे नानक। नाम में प्रीति करने से सुख होता है॥ २॥
सेवक की इच्छा पूरी हुई,
जब सतगुरु से निर्मल शिक्षा प्राप्त की।

जन कउ प्रभु होइओ दइआलु ॥
सेवकु कीनो सदा निहालु ॥
बंधन काटि मुकति जनु भइआ ॥
जनम मरन दूखु भ्रमु गइआ ॥
इछ पुंनी सरधा सभ पूरी ॥
रवि रहिआ सद संगि हजूरी ॥

जिस का सा तिनि लीआ मिलाइ ॥
नानक भगती नामि समाइ ॥ ३ ॥

सो किउ विसरै जि घाल न भानै ॥

सो किउ विसरै जि कीआ जानै ॥
सो किउ विसरै जिनि सभु किछु दीआ ॥
सो किउ विसरै जि जीवन जीआ ॥
सो किउ विसरै जि अगनि महि राखै ॥
गुर प्रसादि को विरला लाखै ॥
सो किउ विसरै जि बिखु ते काढै ॥
जनम जनम का टूटा गाढै ॥

गुरि पूरै ततु इहै बुझाइआ ॥
प्रभु अपना नानक जन धिआइआ ॥ ४ ॥

(अपने) दास पर स्वयं प्रभु दयालु हुआ है (अपने)
सेवक को सदा के लिये सुखी किया है।
(प्रभु का) दास अपने बन्धन काट कर मुक्त हुआ है।
(जन का) जन्म मरन का दुःख और भ्रम दूर हुआ है।
सब इच्छा और आशा पूर्ण हुई है।
क्योंकि व्यापक जो परमेश्वर है सो सदा जन को संग और
प्रत्यक्ष दृष्टि में आ रहा है।
जिस वाहिगुरू का दास था, उस ने अपने संग मिला लिया है।
हे नानक ! (प्रभु का सेवक) भक्ति कर नामी में अभेद हुआ
है ॥ ३ ॥
सो वाहिगुरू क्यों भूले जो किये हुये परिश्रम को व्यर्थ
नहीं करता ?
सो वाहिगुरू क्यों भूले जो किया जानता है ?
सो वाहिगुरू क्यों भूले जिस ने सब कुछ दिया है ?
सो वाहिगुरू क्यों भूले जो जीवन का जीवन है ?
सो वाहिगुरू क्यों भूले जो जठराग्नि में बचाता है ?
गुरु-कृपा से उस को कोई वडभागी जानता है।
सो वाहिगुरू क्यों भूले जो पाप-रूप विष से निकालता है,
(और) जन्म जन्मान्तरों के वियोगी जीव को अपने संग मिला
लेता है ?
पूर्ण गुरु ने हम को यह तत्व निश्चय कराया है (कि मत भूलो)
हे नानक ! (इस लिये) दासों ने प्रभु का ध्यान दिया है। ४॥

साजन संत करहु इहु कामु ॥
आन तिआगि जपहु हरि नामु ॥
सिमरि सिमरि सिमरि सुख पावहु ॥
आपि जपहु अवरह नामु जपावहु ॥
भगति भाइ तरीऐ संसारु ॥
बिनु भगती तनु होसी छारु ॥
सरब कलिआण सूख निधि नामु ॥
बूडत जात पाए बिसरामु ॥
सगल दूख का होवत नासु ॥
नानक नामु जपहु गुनतासु ॥ ५ ॥
उपजी प्रीति प्रेम रसु चाउ ॥
मन तन अंतरि इही सुआउ ॥
नेत्रहु पेखि दरसु सुखु होइ ॥
मनु बिगसै साध चरन धोइ ॥
भगत जना कै मनि तनि रंगु ॥
बिरला कोऊ पावै संगु ॥
एक बसतु दीजै करि मइआ ॥
गुर प्रसादि नामु जपि लइआ ॥
ता की उपमा कही न जाइ ॥
नानक रहिआ सरब समाइ ॥ ६ ॥
प्रभ बखसंद दीन दइआल ॥

हे सज्जनों ! हे सन्तो ! यह काम करो ।
अन्य सब (ओट) त्याग के हरिनाम जपो ।
पुनः पुनः स्मरण कर के सुख प्राप्त करो ।
स्वयं भी नाम जपो और दूसरों को भी नाम जपाओ ।
भक्ति-भाव कर संसार से तरना होता है ।
बिना भक्ति के शरीर व्यर्थ होगा ।
सब मुक्ति और सुख की निधि नाम है ।
डूबता हुआ भी नाम कर सुख पाता है ।
नाम कर सब दुःखों का विनाश होता है ।
श्री सतगुरु जी कहते हैं गुणों के समुद्र नाम को जपो ॥ ५ ॥

मेरे अन्दर प्रीति और प्रेम रस का भाव उत्पन्न हुआ है ।
मेरे मन और तन में एक यही प्रयोजन दृढ़ हो रहा है ।
नेत्रों से महा पुरुषों का दर्शन कर के सुख होता है ।
साधु-चरण धो कर मन प्रफुल्लित होता है ।
भक्त-जनों के मन और शरीर में आनन्द होता है,
कोई बड़भागी ही साधु-संग को पाता है ।
हे प्रभो कृपा करके एक वस्तु दीजिये ।
गुरु-कृपा कर मैं नाम को जप लूं ।
उस वाहिगुरू की उपमा कही नहीं जाती ।
श्री सतगुरु जी कहते हैं सो प्रभु सब में समा रहा है ॥ ६ ॥
प्रभु बख्शनेवाला और दीन-दयालु है ।

भगति वछल सदा किरपाल ॥
अनाथ नाथ गोबिंद गुपाल ॥
सरब घटा करत प्रतिपाल ॥
आदि पुरख कारण करतार ॥
भगत जना के प्रान अधार ॥
जो जो जपै सु होइ पुनीत ॥
भगति भाइ लावै मन हीत ॥
हम निरगुनीआर नीच अजान ॥
नानक तुमरी सरन पुरख भगवान ॥ ७ ॥

सरब बैकुंठ मुकति मोख पाए ॥
एक निमख हरि के गुन गाए ॥
अनिक राज भोग वडिआई ॥
हरि के नाम की कथा मनि भाई ॥
बहु भोजन कापर संगीत ॥

रसना जपती हरि हरि नीत ॥
भली सु करनी सोभा धनवंत ॥
हिरदै बसै पूरन गुरमंत ॥
साध संगि प्रभ देहु निवास ॥
सरब सूख नानक परगास ॥ ८ ॥ २० ॥

भक्ति का प्यार करने वाला और सदा कृपालु है।
अनाथ का नाथ, गोविन्द और गोपाल है।
सब जीवों का पालन करता है।
आदि पुरुष, (सृष्टि का कारण) और कर्तार है।
भक्तजनों के प्राणों का आधार है।
जो जो जीव उस को जपता हैं सो सो पवित्र होता है।
भक्ति-भाव द्वारा हित पूर्वक मन को वाहिगुरू में लगाता है।
हे प्रभु हम निर्गुण, नीच और अजान हैं।
श्री सतगुरु जी कहते हैं हे (अकाल) पुरुष हम तुमरी शरण हैं ॥ ७ ॥
उस ने वैकुण्ठ जीवन, मुक्ति और मोक्ष को पा लिया है,
जिस ने एक निमिष मात्र हरि गुण गाया है।
उस ने अनेक राज्य-भोग और वडाई को पा लिया है,
जिस के मन में हरिनाम कथा भाई है।
उस ने बहुत प्रकार के भोजन, वस्त्र, और संगीत का आनन्द लिया है,
जिस की जिह्वा सदा हरिनाम जपती है।
उन की करणी और शोभा भली है, सो धनाढ्य हैं,
जिन के हृदये में पूर्ण गुरु का (उपदेश) वसता है।
हे प्रभो! साधु संग में स्थान दे।
श्री जगत् गुरु जी कहते हैं जिस से सब सुखों का प्रकाश होता है ॥ ८ ॥ २० ॥

सलोकु

सरगुन निरगुन निरंकार सुंन समाधी आपि ॥

आपन कीआ नानका आपे ही फिरि जापि ॥ १

असटपदी ॥

जब अकारु इहु कछु न द्रसटेता ॥
पाप पुंन तब कह ते होता ॥
जब धारी आपन सुंन समाधि ॥
तब वैर विरोध किसु संगि कमाति ॥
जब इस का बरनु चिहनु न जापत ॥
तब हरख सोग कहु किसहि बिआपत ॥
जब आपन आप आपि पारब्रहम ॥
तब मोह कहा किसु होवत भरम ॥
आपन खेलु आपि वरतीजा ॥
नानक करनैहारु न दूजा ॥ १ ॥
जब होवत प्रभ केवल धनी ॥

तब बंध मुकति कहु किस कउ गनी ॥
जब एकहि हरि अगम अपार ॥
तब नरक सुरग कहु कउन अउतार ॥

सलोकु

वह निरंकार सर्गुण, निर्गुण व निर्विकल्प समाधि रूप भी आप ही हैं।
हे नानक ! वह अपने किये हुये जगत को आप ही ध्यान में राखता है।

असटपदी ॥

जब इस जगत् का आकार कछु दृष्टि गोचर न था,
तब पाप और पुण्य किस से होता था ?
जब प्रभू आप शून्य समाधि में स्थित था,
तब कोई वैर विरोध किस संग कमाता था ?
जब इस (जगत) का (कोई) रूप रंग न था,
तब बताओ हर्ष और शोक किस को व्यापता था ?
जब अपने आप में आप पारब्रह्म था
तब मोह और भ्रम किस को होता था ?
अपना खेल रूप संसार प्रभु ने आप बनाया है।
हे नानक ! सृष्टि का कर्त्ता कोई दूसरा नहीं है ॥ १ ॥
जब मालक प्रभु केवल आप ही आप है (भाव जब कोई जीव उत्पन्न न हुए हों),
तब बताओ किस को कर्म(-बन्ध) गिना जाय और किस को मुक्त।
जब अगम्य और अपार प्रभु एक आप ही हो,
तब बताओ नरक और स्वर्ग में कौन जन्म लेता है भाव उस समय कोई नरक व स्वर्ग हो ही नहीं सकता।

जब निरगुन प्रभ सहज सुभाइ ॥

तब सिव सकति कहहु कितु ठाइ ॥
जब आपहि आपि अपनी जोति धरै ॥

तब कवन निडरु कवन कत डरै ॥
आपन चलित आपि करनैहार ॥
नानक ठाकुरु अगम अपार ॥ २ ॥
अविनासी सुख आपन आसन ॥
तह जनम मरन कहु कहा विनासन ॥

जब पूरन करता प्रभु सोइ ॥
तब जम की त्रास कहहु किसु होइ ॥
जब अविगत अगोचर प्रभ एका ॥
तब चित्र गुपत किसु पूछत लेखा ॥
जब नाथ निरंजन अगोचर अगाधे ॥
तब कउन छुटे कउन बंधन बाधे ॥
आपन आप आप ही अचरजा ॥
नानक आपन रूप आप ही उपरजा ॥ ३ ॥
जह निरमल पुरखु पुरखपति होता ॥
तह विनु मैल कहहु किआ धोता ॥
जह निरंजन निरंकार निरवान ॥

जब प्रभु निर्गुण अवस्था में अपने सहज स्वरूप के मध्य होता है,

तब बताओ जीव और माया कौन स्थान में होती है ?

जब अपने में अपनी ज्योति धारण करता है भाव जब केवल आप ही है,

तब कौन भय रहित और कौन किसी से भय करता है ?

अपने चरित्र रूप संसार को आप करने वाला है।

हे नानक ! वाहिगुरु अगम्य और अपार है ॥ २ ॥

जब अविनाशी प्रभु अपने आप में ही आनन्द है,

तब बताओ वहा (जीवों का) जन्म, मरण और विनाश कहा होता है ?

जब पूर्ण कर्ता प्रभु स्वय ही है,

तब बताओ यम का भय किस को हो ?

जब अट व अगोचर प्रभु एक आप ही है,

तब चित्र गुप्त किस को लेखा पूछे ?

जब माया रहित, अगोचर व अगाध नाथ स्वय ही है,

तब कौन मुक्त और कौन बन्धनों में बांधे होते हैं ?

अपने आप में आप ही आश्चर्य रूप है।

हे नानक ! (उस ने) अपना रूप आप ही उत्पन्न किया है ।3।

जब पुरुष पति निर्मल प्रभु स्वय ही होता है,

तब बताओ मल अभाव होने के कारण (कोई) क्या धोता है ?

जहा माया रहित निर्वाण निरकार ही होता है,

तह कउन कउ मान कउन अभिमान ॥
जह सरूप केवल जगदीस ॥
तह छल छिद्र लगत कहु कीस ॥
जह जोति सरूपी जोति संगि समावै ॥
तह किसहि भूख कवनु त्रिपतावै ॥
करन करावन करनै हारु ॥
नानक करते का नाहि सुमारु ॥ ४ ॥

जब अपनी सोभा आपन संगि बनाई ॥
तब कवन माइ बाप मित्र सुत भाई ॥
जह सरब कला आपहि परबीन ॥
तह बेद कतेब कहा कोऊ चीह्न ॥
जब आपन आपु आपि उरधारै ॥
तउ सगन अपसगन कहा बीचारै ॥
जह आपन ऊच आपन आपि नेरा ॥
तह कउन ठाकुरु कउनु कहीऐ चेरा ॥
बिसमन बिसम रहे बिसमाद ॥
नानक अपनी गति जानहु आपि ॥ ५ ॥

जह अछल अछेद अभेद समाइआ ॥
उहा किसहि बिआपत माइआ ॥
आपस कउ आपहि आदेसु ॥

तहां किस को मान और किस को अभिमान होता है ?
जहां केवल जगदीश स्वरूप ही है,
वहां बताओ छल और छिद्र किस को लगता है ?
जहां ज्योति-स्वरूप अपनी ज्योति में समाया है,
वहां किस को भूख होती है और कौन तृप्त करानेवाला है ?
कर्तार ही करने और कराने वाला है।
हे नानक ! कर्ता की संख्या नहीं है भाव अनन्त-स्वरूप है ॥४॥
जब अपनी शोभा प्रभु ने अपने संग ही बनाई थी,
तब कौन माता पिता मित्र पुत्र और भाई था ?
जहां सब शक्तियां कर स्वयं ही प्रवीन था,
तब वेद और कतेब कहां और कौन उन के जानने वाला था ?
जब अपने आप को आप अपने हृदय में धारता है,
तब मंगल और अमंगल कौन और कहां विचारता है ?
जब आप ही ऊंचा और आप ही समीप है,
तब कौन स्वामी है और किस को सेवक कहिये ?
हम आश्चर्य्य स्वरूप को देख कर अति आश्चर्य्य हो रहे हैं।
श्री जगत्-गुरु जी कहते हैं हे वाहिगुरु तुम अपनी गति को
आप ही जानते हो ॥ ५ ॥
जहां छल छेद और भेद विहीन प्रभु स्थित है,
वहां माया किस को व्यापे है ?
वहां अपने को आप ही नमसकार करता था।

तिहु गुण का नाही परवेसु ॥
जह एकहि एक एक भगवंता ॥
तह कउनु अचितु किसु लागै चिंता ॥
जह आपन आपु आपि पतीआरा ॥
तह कउनु कथै कउनु सुननैहारा ॥
बहु बेअंत ऊच ते ऊचा ॥
नानक आपस कउ आपहि पहूचा ॥ ६ ॥

जह आपि रचिओ परपंचु अकारु ॥
तिहु गुण महि कीनो बिसथारु ॥
पापु पुंनु तह भई कहावत ॥
कोऊ नरक कोऊ सुरग बंछावत ॥

आल जाल माइआ जंजाल ॥
हउमै मोह भरम भै भार ॥
दूख सूख मान अपमान ॥
अनिक प्रकार कीउ बख्यान ॥
आपन खेलु आपि करि देखै ॥
खेलु संकोचै तउ नानक एकै ॥ ७ ॥

जह अबिगतु भगतु तह आपि ॥

वहा तीन गुणों का प्रवेश भी नहीं था।

जहा एक ही एक केवल एक भगवंत है,

वहा कौन चिन्ता-रहित और किस को चिन्ता लगे है ?

जहां अपने आप से आप पतीजता है,

वहा कौन वक्ता और कौन श्रोता होता है ?

वाहिगुरू अन्त-रहित और ऊंचों से ऊंचा है।

हे नानक ! अपने आप को वह आप ही पहुंचा है, भाव अपनी बडाई वह आप ही जानता है ॥ ६ ॥

जब वाहिगुरू ने स्वयं ही सृष्टि का स्वरूप बनाया,

और तीन गुणों में विस्तार किया,

तब पाप और पुण्य की कथा बन गई,

कोई नरक (से भय करता है) और कोई स्वर्ग की इच्छा करता है।

(आल जाल) गृह धन्धे, माया में आसक्ति,

अहन्ता, मोह, भ्रम, भय और भार,

दुःख, सुख, मान और अपमानादि

अनेक प्रकार कर के (पुस्तकादिकों में) वर्णन चल पड़े।

वाहिगुरू अपना खेल आप बना कर देखता है।

हे नानक ! जब खेल संकोच ले तब एक स्वयं ही रह जाता है ॥ ७ ॥

जहां अविनाशी वाहिगुरू है वहां भक्त और जहा भक्त वहा स्वयं वाहिगुरू है।

जह पसरै पासारु संत परतापि ॥

दुहू पाख का आपहि धनी ॥

उन की सोभा उनहू बनी ॥
आपहि कउतक करै अनद चोज ॥
आपहि रस भोगन निरजोग ॥
जिसु भावै तिसु आपन नाइ लावै ॥
जिसु भावै तिसु खेल खिलावै ॥
बेसुमार अथाह अगनत अतोलै ॥
जिउ बुलावहु तिउ नानक दास बोलै ॥ ८ ॥ २१ ॥

सलोकु

जीअ जंत के ठाकुरा आपे वरतणहार ॥
नानक एको पसरिआ दूजा कहि द्रिसटार ॥ १ ॥

असटपदी ॥

आपि कथै आपि सुननैहारु ॥
आपहि एकु आपि बिसथारु ॥
जा तिसु भावै ता स्रिसटि उपाए ॥

जहां विस्तार सृष्टि का करता है वहां सन्तों के प्रताप हित ही करता है।

(दृष्ट पक्ष) निर्गुणता और सगुणता का आप ही स्वामी है भाव प्रभु जब निर्गुण होता है तब भक्त जन निर्गुणता में लव लीन होते हैं जब दृश्य का विस्तार करता है तब वह सन्त रूप हो कर प्रभु महिमा को प्रकट करते हैं।

उन की शोभा उन को ही बने है।

आप ही कौतक, अनन्द और चोज करता है।

आप ही रसों को भोगता हुआ असंग रहता है।

जिस को चाहता है उस को अपने नाम में लगा लेता है।

जिस को चाहता है उस को संसार-रूप खेल में खिलाता है।

अनन्त, अथाह, संख्या-रहित और अतोल है।

श्री सतगुरु जी कहते हैं हे प्रभो जिस प्रकार आप बुलाते हो उसी प्रकार हम बोलते हैं ॥ ८॥ २१ ॥

सलोकु

हे जीव-जन्तु के स्वामी तू आप ही सब में विराजमान हैं।

श्री गुरु नानक देव जी कहते हैं एक तुम ही सब में व्यापक हो, दूसरा कोई कहा दृष्टि में आता है ॥ १ ॥

असटपदी ॥

(प्रभु) स्वयं ही वक्ता और स्वयं ही श्रोता है।

स्वयं ही एक और स्वयं ही अनेक रूप है।

जब प्रभु को भाता है तब सृष्टि उत्पन्न करता है।

आपनै भाणैं लए समाए ॥
तुम ते भिन नही किछु होइ ॥
आपन सूति सभु जगतु परोइ ॥
जाकउ प्रभ जीउ आपि बुझाए ॥
सचु नामु सोई जनु पाए ॥
सो समदरसी तत क वेता ॥
नानक सगल सृसटि का जेता ॥ १ ॥
जीअ जत्र सभ ताकै हाथ ॥
दीन दइआल अनाथ को नाथु ॥
जिसु राखै तिसु कोइ न मारै ॥
सो मूआ जिसु मनहु बिसारै ॥
तिसु तजि अवर कहा को जाइ ॥
सभ सिरि एकु निरंजनराइ ॥
जीअ की जुगति जाकै सभ हाथि ॥

अंतरि बाहरि जानहु साथि ॥

गुन निधान बेअंत अपार ॥
नानक दास सदा बलिहार ॥ २ ॥

पूरन पूरि रहे दइआल ॥
सभ ऊपरि होवत किरपाल ॥

पुनः अपनी आज्ञानुसार उस को अपने में समेट लेता है।
हे प्रभो! तुम से भिन्न तो कछु भी नहीं होता।
अपने सूत में तुम ने सब जगत् को परो रक्खा है।
जिस को प्रभु जी स्वयं सुझा देते हैं
सचा नाम वही जन पाता है।
वही समदर्शी और तत्ववेत्ता है।
हे नानक! वही सब सृष्टि को जीतने वाला है ॥ १ ॥
जीव-जन्तु सब प्रभु-आधीन हैं।
वाहिगुरू दीनों पर दया करने वाला और अनाथों का नाथ है।
जिस को प्रभु राखता है उस को कोई नहीं मार सकता।
उस को मरा हुआ निश्चै करो
जिस को प्रभु ने अपने मन से भुला दिया है।
प्रभु को त्याग के और कहां कोई जाय?
कारण कि सब के शिर पर एक माया-रहित वाहिगुरू ही स्वामी है।
जीवों की (उत्पत्ति, पालन, संहारादि सब) युक्ति जिस के हाथ है उस को अन्दर बाहर अपने संग जानो।
वाहिगुरू गुण-निधान, अनन्त और अपार है।
श्री जगत गुरु जी कहते हैं हम दास सर्वदा उस पर बलिहार हैं ॥ २ ॥
दयालु और पूर्ण वाहिगुरू सब में पूर्ण हो रहा है।
सब के ऊपर प्रभु कृपालु होते हैं।

अपने करतव जानै आपि ॥
अंतरजामी रहिओ बिआपि ॥
प्रतिपालै जीअन बहु भाति ॥
जो जो रचिओ सु तिसहि धिआति ॥
जिसु भावै तिसु लए मिलाइ ॥
भगति करहि हरि के गुण गाइ ॥
मन अंतरि बिस्वासु करि मानिआ ॥
करनहारु नानक इकु जानिआ ॥ ३ ॥
जनु लागा हरि एकै नाइ ॥
तिस की आस न बिरथी जाइ ॥
सेवक कउ सेवा बनि आई ॥
हुकमु बूझि परम पदु पाई ॥
इस ते ऊपरि नही बीचारु ॥
जा कै मनि बसिआ निरंकारु ॥
बंधन तोरि भए निरवैर ॥
अनदिनु पूजहि गुर के पैर ॥
इह लोक सुखीए परलोक सुहेले ॥
नानक हरि प्रभि आपहि मेले ॥ ४ ॥
साध संगि मिलि करहु अनंद ॥
गुन गावहु प्रभ परमानंद ॥
राम नाम ततु करहु बीचारु ॥

अपने कर्तव्य को आप जानता है।
वह अन्तर्यामी सब में व्यापक है।
जीवों को अनेक प्रकार पालता है।
जो जो उस ने रचा है सो उस उस का ध्यान करता है।
जिस को चाहता है उस उस को मिला लेता है।
सो भक्ति करते और हरि-गुण गाते हैं।
हे नानक ! उन्हों ने मन अन्दर विश्वास कर मान लिया है,
और एक वाहिगुरू को ही करनेवाला जाना है ॥ ३ ॥
जो जन एक हरिनाम जपने में लगा है,
उस की आशा व्यर्थ नहीं जाती।
सेवक को सेवा करनी ही योग्य है।
स्वामी-आज्ञा को समझने से परम पद की प्राप्ति होती है।
इस से अधिक और विचार नहीं है।
जिन के मन में निरंकार वसा है,
सो बन्धन तोड कर निर्वैर हो जाते हैं,
वह हर रोज़ गुरु-चरण पूजते हैं।
(वह) इस लोक में और परलोक में सुखी होते हैं।
हे नानक ! हरि प्रभु ने उन को आप मिला लिया है ॥ ४ ॥
साधु-संग में मिल कर आनन्द करो।
परमानन्द स्वरूप प्रभु के गुण गाओ।
राम-नाम रूप तत्व का विचार करो।

दुलभ देह का करहु उधारु ॥
अंमृत वचन हरि के गुन गाओ ॥
प्रान तरन का इहै सुआओ ॥
आठ पहर प्रभ पेखहु नेरा ॥
मिटै अगिआनु बिनसै अंधेरा ॥
सुनि उपदेसु हिरदै बसावहु ॥
मन इछे नानक फल पावहु ॥ ५ ॥
हलतु पलतु दुइ लेहु सवारि ॥
राम नामु अंतरि उरिधारि ॥
पूरे गुर की पूरी दीखिआ ॥
जिसु मनि बसै तिसु साचु परीखिआ ॥
मनि तनि नामु जपहु लिव लाइ ॥
दूखु दरदु मन ते भउ जाइ ॥
सचु वापारु करहु वापारी ॥
दरगह निबहै खेप तुमारी ॥
एका टेक रखहु मन माहि ॥
नानक बहुरि न आवहि जाहि ॥ ६ ॥
तिस ते दूरि कहा को जाइ ॥
उबरै राखनहारु धिआइ ॥
निरभउ जपै सगल भउ मिटै ॥
प्रभ किरपा ते प्राणी छुटै ॥

(इस यत्न से) दुर्लभ शरीर का उद्धार करो।

प्रभु के गुण (-पूर्ण) अमृत-वचन गाओ।

जीवन को (विकारों से) बचाने का यही साधन है,

आठों पहर प्रभु को समीप देखो।

इस प्रकार अज्ञान का अन्धेरा मिट जायगा।

(गुरु-)उपदेश सुन कर अपने हृदये में बसाओ।

इस प्रकार, हे नानक! मन वांच्छित फल प्राप्त करेगा॥ ५॥

हृदय अन्दर राम नाम धार कर यह लोक और परलोक
दोनों (सवारि) सुधार लो।

यह पूर्ण गुरु की पूर्ण शिक्षा है।

जिस के मन में बसी है उस ने सत्य को पहचाना है।

प्रीतिपूर्वक मन और तन कर नाम जपो,

जिस से दुःख, पीडा और भय मन से दूर हो जाय।

हे व्यापारियो यह सच्चा व्यापार करो।

परलोक में यह तुमारी खेप सफल होगी।

एक वाहिगुरू की टेक मन में रक्खो।

श्री जगत्गुरु जी कहते हैं पुनः जन्म और मरण नहीं होगा।६।

उस प्रभु से कोई कहां दूर जा सकता है ?

यह जीव मुक्त होगा तब जब रक्षक वाहिगुरू का ध्यान करेगा।

निर्भय वाहिगुरू को जपने से सब भय मिट जाते हैं।

प्रभु-कृपा से ही प्राणी मुक्त होता है।

जिसु प्रभु राखै तिसु नाही दूख ॥

नामु जपत मनि होवत सूख ॥

चिंता जाइ मिटै अहंकारु ॥

तिसु जन कउ कोइ न पहुचनहारु ॥

सिर ऊपरि ठाढा गुरु सूरा ॥

नानक ता कै कारज पूरा ॥ ७ ॥

मति पूरी अंमृतु जा की द्रसटि ॥

दरसनु पेखत उधरत सृसटि ॥

चरन कमल जाके अनूप ॥

सफल दरसनु सुंदर हरि रूप ॥

धंनु सेवा सेवकु परवानु ॥

अंतरजामी पुरखु प्रधानु ॥

जिसु मनि वसै सु होत निहालु ॥

ताकै निकटि न आवत कालु ॥

अमर भए अमरा पदु पाइआ ॥

साध संगि नानक हरि धिआइआ ॥ ८ ॥ २२ ॥

सलोकु

गिआन अंजनु गुरि दीआ अगिआन अंधेर बिनासु ॥

हरि किरपा ते संत भेटिआ नानक मनि परगासु ॥ १ ॥

जिस को प्रभु राखता है उस को दुःख नहीं होता।
नाम जप कर मन में सुख होता है।
चिन्ता का विनाश हो जाता है और अहंकार मिट जाता है।
उस पुरुष की बराबरी कोई नहीं कर सकता।
हे नानक! जिस के शिर पर शूरवीर गुरु खड़ा है,
उस के सब कार्य्य पूर्ण हैं ॥ ७॥
जिन की बुद्धि पूर्ण, और दृष्टि अमृत-रूप है,
उन का दर्शन कर के सृष्टि का उद्धार होता है।
चरण-कमल जिन के अनूपम हैं,
ऐसे सुन्दर हरि-स्वरूप का दर्शन सफल है।
धन्य सेवा और धन्य सेवक जो उस की परवान हैं।
अन्तर्यामी प्रधान पुरुष
जिस के मन में बसे हैं सो निहाल होता है,
पुनः उस के समीप काल नहीं आता।
वह अमर पद पा कर अमर हुए हैं,
हे नानक! जिन्हों ने साधु-संग कर हरिनाम ध्याया है ॥
८॥ २२॥

सलोकु

गुरु ने ज्ञान रूप अंजन दिया है जिस से अज्ञान रूप अन्धेरे का नाश हुआ है।
हे नानक! प्रभु की कृपा कर सन्त मिला है (जिन की कृपा कर) मन में प्रकाश हुआ है ॥ १॥

असटपदी ॥

संत संगि अंतरि प्रभु डीठा ॥
नामु प्रभू का लागा मीठा ॥
सगल समिग्री एकसु घट माहि ॥
अनिक रंग नाना दसटाहि ॥
नउ निधि अंमृतु प्रभ का नामु ॥
देही महि इस का बिसामु ॥
सुंन समाधि अनहत तह नाद ॥

कहनु न जाई अचरज बिसमाद ॥

तिनि देखिआ जिसु आपि दिखाए ॥
नानक तिसु जन सोझी पाए ॥ १ ॥
सो अंतरि सो बाहरि अनंत ॥
घटि घटि बिआपि रहिआ भगवंत ॥
धरनि माहि आकास पइआल ॥
सरब लोक पूरन प्रतिपाल ॥
बनि तिनि परबति है पारब्रहमु ॥
जैसी आगिआ तैसा करमु ॥

पउण पाणी बैसंतर माहि ॥
चारि कुंट दह दिसे समाहि ॥

असटपदी ॥

साधु-संग कर के हम ने अपने अन्दर प्रभु देखा है।

(अतः एव) प्रभु-नाम मीठा लगा है।

सब सामग्री भाव रचना एक प्रभु के हृदय में है।

जो अनेक रंग और नाना प्रकार की दिखाई देती है।

प्रभु का नाम अमृत और नवनिद्धि-रूप है।

नाम का वास शरीर में है।

निर्विकल्पक समाधि जब लगे है तब वहां अनाहद नाद का श्रवण होता है।

इस का स्वरूप कहा नहीं जाता क्योंकि आश्चर्य से आश्चर्य है।

जिस को प्रभु स्वयं दिखाए उसी ने इस को देखा है।

हे नानक! उस जन को प्रभु सब सूझ देता है॥ १॥

वही अनन्त वाहिगुरू अन्दर है और वही बाहर है।

घट घट में (वह) भगवन्त व्यापक हो रहा है।

पृथ्वी, आकाश, पाताल और

सब लोकों में पालक वाहिगुरू पूर्ण है।

वन तृण और पर्वतों में पारब्रह्म है।

जैसी वाहिगुरू की आज्ञा होती है वैसा कर्म सब (जीव) करते हैं।

वायु, जल, अग्नि,

चार कोने और दशों दिशा में समा रहा है।

तिस ते भिंन नही को ठाउ ॥
गुरप्रसादि नानक सुखु पाउ ॥ २ ॥
वेद पुरान सिम्रिति महि देखु ॥
ससीअर सूर नख्यत्र महि एकु ॥
बाणी प्रभ की सभु को बोलै ॥
आपि अडोलु न कबहू डोलै ॥
सरब कला करि खेलै खेल ॥
मोलि न पाईऐ गुणह अमोल ॥

सरब जोति महि जा की जोति ॥
धारि रहिओ सुआमी ओति पोति ॥
गुर प्रसादि भरम का नासु ॥
नानक तिन महि एहु बिसासु ॥ ३ ॥
संत जना का पेखनु सभु ब्रहम ॥
संत जना कै हिरदै सभि धरम ॥
संत जना सुनहि सुभ बचन ॥
सरब बिआपी राम संगि रचन ॥
जिनि जाता तिस की इह रहत ॥

सति बचन साधू सभि कहत ॥
जो जो होइ सोई सुखु मानै ॥
करन करावनहारु प्रभु जानै ॥

वाहिगुरू से भिन्न कोई स्थान नहीं है।
हे नानक ! गुरु-कृपा कर सुख प्राप्त होता है ॥ २ ॥
वेद, पुराण, स्मृति,
चन्द्र, सूर्य्य और तारा गण में एक वाहिगुरू को ही पूर्ण देख।
प्रभु की वाणी को सब कोई बोलता है।
वाहिगुरु स्वयं अडोल है, अतः एव कभी भी डोलता नहीं।
सब शक्तियां बना कर खेल खेलता है।
अमूल्य होने के कारण प्रभु के गुणों का मूल्य नहीं पाया जाता।
सब प्रकाशों में जिस का प्रकाश है,
सो स्वामी ओत पोत हो कर सब को धारण कर रहा है।
गुरु-कृपा से जिन का भ्रम नाश हुआ है,
हे नानक ! उन में ही यह विश्वास है ॥ ३ ॥
सन्तजन सब स्थान में ब्रह्म को देखते हैं।
सन्तजनों के हृदये में सब धर्म ही है।
सन्तजन शुभ वचन श्रवण करते हैं,
(क्योंकि) वह सर्व-व्यापक राम संग अभेद हैं।
यह उपरोक्त धारणा उस (पुरुष) की है जिस ने प्रभु को जान लिया है।
(और वह) साधु सत्य वचन करता है।
(प्रभु की रज़ा में) जो कछु होता है उसी को सुख मानता है।
(वह) एक प्रभु को ही करने और करानेवाला जानता है।

अंतरि वसै वाहरि भी ओही ॥
नानक दरसनु देखि सभ मोही ॥ ४ ॥

आपि सति कीआ सभु सति ॥

तिसु प्रभ ते सगली उतपति ॥
तिसु भावै ता करे बिसथारु ॥
तिसु भावै ता एकंकारु ॥
अनिक कला लखी नह जाइ ॥
जिसु भावै तिसु लए मिलाइ ॥
कवन निकटि कवन कहीऐ दूरि ॥
आपे आपि आपि भरपूरि ॥
अंतर गति जिसु आपि जनाए ॥
नानक तिसु जन आपि बुझाए ॥ ५ ॥
सरब भूत आपि वरतारा ॥
सरब नैन आपि पेखनहारा ॥
सगल समग्री जा का तना ॥
आपन जसु आप ही सुना ॥
आवन जानु इकु खेलु बनाइआ ॥
आगिआ कारी कीनी माइआ ॥
सभ कै मधि अलिपतो रहै ॥
जो किछु कहणा सु आपे कहै ॥

(उस के लिये) जो (प्रभु) अन्दर बसता है सोई बाहर है।
हे नानक! (ऐसे महा पुरुष का) दर्शन देख कर सब सृष्टि मुग्ध हुई है ॥ ४ ॥

प्रभु स्वयं सत्य है अत एव: उस का किया कार्य्य भी सब सत्य है।
उसी प्रभु से सब सृष्टि उत्पन्न हुई है।
जब उस प्रभु को भाता है तब विस्तार करता है।
जब वह चाहता है तब एक स्वरूप स्वयं ही रहि जाता है।
वाहिगुरू की अनेक शक्तियां हैं कथन में नहीं आ सकतीं।
जिस को चाहता है उस को अपने संग मिला लेता है।
किस को समीप और किस को दूर कहिये?
आप ही अपने आप पूर्ण हो रहा है।
जिस के अन्दर बस स्वयं जनाता है,
हे नानक! उस पुरुष को अपना स्वरूप दिखाता है ॥ ५ ॥
सब भूतों में स्वयं ही पूर्ण हो रहा है।
सब नेत्रों में स्थिर हो कर स्वयं ही देखने वाला है।
सब समग्री यानें जगत् जिस का शरीर है।
अपने सुयश को आप ही सुनता है।
जन्म और मरण वाहिगुरू ने एक खेल बनाया है।
माया को अपनी आज्ञा में रक्खा है।
सब के बीच रहिता हुआ अलेप रहिता है।
जो कछु कहना होता है सो स्वयं ही कहिता है।

अंतरि बसै बाहरि भी ओही ॥
नानक दरसनु देखि सभ मोही ॥ ४ ॥

आपि सति कीआ सभु सति ॥

तिसु प्रभ ते सगली उतपति ॥
तिसु भावै ता करे बिसथारु ॥
तिसु भावै ता एकंकारु ॥
अनिक कला लखी नह जाइ ॥
जिसु भावै तिसु लए मिलाइ ॥
कवन निकटि कवन कहीऐ दूरि ॥
आपे आपि आपि भरपूरि ॥
अंतर गति जिसु आपि जनाए ॥
नानक तिसु जन आपि बुझाए ॥ ५ ॥
सरब भूत आपि वरतारा ॥
सरब नैन आपि पेखनहारा ॥
सगल समग्री जा का तना ॥
आपन जसु आप ही सुना ॥
आवन जानु इकु खेलु बनाइआ ॥
आगिआ कारी कीनी माइआ ॥
सभ कै मधि अलिपतो रहै ॥
जो किछु कहणा सु आपे कहै ॥

(उस के लिये) जो (प्रभु) अन्दर बसता है सोई बाहर है।
हे नानक! (ऐसे महा पुरुष का) दर्शन देख कर सब सृष्टि
मुग्ध हुई है ॥ ४ ॥

प्रभु स्वयं सत्य है अत एवः उस का किया कार्य्य भी सब
सत्य है।
उसी प्रभु से सब सृष्टि उत्पन्न हुई है।
जब उस प्रभु को भाता है तब विस्तार करता है।
जब वह चाहता है तब एक स्वरूप स्वयं ही रहि जाता है।
वाहिगुरू की अनेक शक्तियां हैं कथन में नहीं आ सकतीं।
जिस को चाहता है उस को अपने संग मिला लेता है।
किस को समीप और किस को दूर कहिये ?
आप ही अपने आप पूर्ण हो रहा है।
जिस के अन्दर बस स्वयं जनाता है,
हे नानक! उस पुरुष को अपना स्वरूप दिखाता है ॥ ५ ॥
सब भूतों में स्वयं ही पूर्ण हो रहा है।
सब नेत्रों में स्थिर हो कर स्वयं ही देखने वाला है।
सब समग्री यानें जगत् जिस का शरीर है।
अपने सुयश को आप ही सुनता है।
जन्म और मरण वाहिगुरू ने एक खेल बनाया है।
माया को अपनी आज्ञा में रक्खा है।
सब के बीच रहिता हुआ अलेप रहिता है।
जो कछु कहना होता है सो स्वयं ही कहिता है।

आगिआ आवै आगिआ जाइ ॥

नानक जा भावै ता लए समाइ ॥ ६ ॥

इस ते होइ सु नाही बुरा ॥
ओरै कहहु किनै कछु करा ॥
आपि भला करतूति अति नीकी ॥
आपे जानै अपने जी की ॥
आपि साचु धारी सभ साचु ॥
ओति पोति आपन संगि राचु ॥
ताकी गति मिति कही न जाइ ॥
दूसर होइ त सोझी पाइ ॥
तिस का कीआ सभु परवानु ॥
गुर प्रसादि नानक इहु जानु ॥ ७ ॥
जो जानै तिसु सदा सुखु होइ ॥

आपि मिलाइ लए प्रभु सोइ ॥
ओहु धनवंतु कुलवंतु पतिवंतु ॥
जीवनमुकति जिसु रिदै भगवंतु ॥
धंनु धंनु धंनु जनु आइआ ॥

जिसु प्रसादि सभु जगतु तराइआ ॥
जन आवन का इहै सुआउ ॥

यह जीव वाहिगुरू आज्ञा में आता है और उसी की आज्ञा में जाता है।

हे नानक! जब वाहिगुरू चाहता है तब अपने संग मिला लेता है ॥ ६ ॥

वाहिगुरू से जो कुछ होता है बुरा नहीं होता।

बताओ और किसी ने क्या किया है?

प्रभु स्वयं भला है उस के कर्त्तव्य अति भले हैं।

वाहिगुरू अपने हृदय की आप ही जानता है।

वाहिगुरू स्वयं सत्य है, जो धारण किया है वह भी सत्य है।

ओत पोत हो कर अपने संग रच रहा है।

वाहिगुरू की गति और मर्याद कही नहीं जाती।

दूसरा कोई प्रभु सम हो तब उस की सूझ पाय।

वाहिगुरू का किया सब परवानु भाव अमेट है।

हे नानक! गुरु-कृपा कर यह गुण निश्चै कर ॥ ७ ॥

जो पुरुष (पूर्वोक्त बात को) जानता है उस को नित्य सुख होता है।

वाहिगुरू उस को अपने में मिला लेता है।

सो पुरुष धनवान, कुलवान और माननीय है,

पुनः वह जीवन-मुक्त है जिस के हृदय में भगवन्त है।

सो पुरुष स्वयं धन्य है उस का जीवन धन्य है और जगत् में आना भी धन्य है,

जिस की कृपा से सब संसार तराया जाता है।

भक्त-जन के आने का यही मुख्य प्रयोजन है

साध संगि भजु परमानंद ॥
नरक निवारि उधारहु जीउ ॥
गुन गोबिंद अंमृत रसु पीउ ॥
चिति चितवहु नाराइण एक ॥
एक रूप जा के रंग अनेक ॥
गोपाल दामोदर दीन दइआल ॥
दुख भंजन पूरन किरपाल ॥
सिमरि सिमरि नाम बारंबार ॥
नानक जीअ का इहै अधार ॥ २ ॥
उतम सलोक साध के बचन ॥
अमुलीक लाल एहि रतन ॥
सुनत कमावत होत उधार ॥
आपि तरै लोकह निसतार ॥

सफल जीवनु सफलु ता का संगु ॥
जाकै मनि लागा हरि रंगु ॥
जै जै सबदु अनाहदु वाजै ॥
सुनि सुनि अनद करे प्रभु गाजै ॥

प्रगटे गुपाल महांत कै माथे ॥
नानक उधरे तिन कै साथे ॥
सरनि जोगु सुनि सरनी आ॥

सुख, शान्ति और सहज-आनन्द प्राप्त होगा।
गोविन्द गुणानुवाद रूप अमृत रस को पान कर, (इस प्रकार)
नरक की निवृति पूर्वक जीव का उद्धार कर लो।
चित्त में एक नारायण का चिन्तन करो,
जिस का रूप एक है और रंग अनेक हैं।
गोपाल दामोदर दीन दयालु
दुःख भंजन पूर्ण कृपालु आदि उस के अनन्त नाम हैं।
सो ऐसे नाम का बार बार स्मरण करो।
हे नानक! इस प्रकार जीव का उद्धार होगा ॥ २ ॥
साधु के वचन ही उत्तम श्लोक,
अमुल्य लाल और रत्न रूप हैं,
जिन के श्रवण और कमाने से उद्धार होता है।
(कमाने वाला) स्वयं पार हो कर और लोगों को पार
करता है।
उस महापुरुष का जीवन भी सफल और संग भी सफल है,
जिस के मन में हरि-रंग लगा है,
(उस के अन्दर) जय जय का अनहद शब्द बजता है।
(वह इस को) सुन सुन कर प्रसन्न होता है, और प्रभु उस
के अन्दर प्रकट होता है।
उन महात्मा के मस्तक पर गोपाल प्रकट होते हैं।
हे नानक! उन के संग और जीवों का भी उद्धार होता है ॥३॥
प्रभु को शरण-योग्य सुन हम शरण में आये हैं।

करि किरपा प्रभ आप मिळाए ॥
मिटि गए बैर भए सभ रेन ॥
अंमृत नामु साध संगि लैन ॥
सुप्रसंन भए गुरदेव ॥
पूरन होई सेवक की सेव ॥
आल जंजाल विकार त रहते ॥
राम नाम सुनि रसना कहते ॥
करि प्रसादु दइआ प्रभि धारी ॥
नानक निवही खेप हमारी ॥ ४ ॥
प्रभ की उसतति करहु संत मीत ॥
सावधान एकागर चीत ॥
सुखमनी सहज गोबिंद गुन नाम ॥

जिसु मनि बसै सु होत निधान ॥

सरब इछा ता की पूरन होइ ॥
प्रधान पुरखु प्रगटु सभ लोइ ॥
सभ ते ऊच पाए असथानु ॥
बहुरि न होवै आवन जानु ॥
हरि धनु खाटि चलै जनु सोइ ॥
नानक जिसहि परापति होइ ॥ ५ ॥
खेम सांति रिधि नव निधि ॥

कृपा कर के प्रभु ने स्वय ही मिला लिया है।
सब वैर विरोध मिट गये और हम सब की धूलि हुये हैं।
साधु-संग में हम ने अमृत नाम लिया है।
(इस प्रकार) गुरुदेव जी सुप्रसन्न हुये हैं,
और सेवक की सेवा पूर्ण हुई है।
गृह धन्दे और विकारों से रहित हुये हैं।
राम नाम सुन कर रसना से उचारते हैं।
प्रभु ने कृपा की है, दया की है
(और) हे नानक ! हमारी खेप निर्विघ्न समाप्त हुई है ॥ ४ ॥
हे मित्र-रूप सन्तो (सावधान) सचेत और एकाग्र चित्त हो कर वाहिगुरु-स्तुति करो।
सुखमनी नामक गोविन्द के गुण और नाम सहज ही सुखों की मणि है।
यह (नाम) जिस के मन में बसे है सो गुणों का समुद्र हो जाता है।
उस की सब इच्छा पूर्ण होती है।
सो प्रधान पुरुष हो कर सब लोगों में प्रकट होता है।
सब से ऊंचा स्थान उस को प्राप्त होता है।
पुन. उस का जन्म मरण नहीं होता।
सो पुरुष हरि नाम धन कमा के ले चला है,
हे नानक ! जिस को (उत्तम भाग्य वश) प्राप्त हो ॥ ५ ॥
कल्याण, शान्ति, रिद्धि, नवनिद्धि,

बुधि गिआनु सरब तह सिधि ॥
बिदिआ तपु जोगु प्रभ धिआनु ॥
गिआनु स्रेसट ऊतम इसनानु ॥
चारि पदारथ कमल प्रगास ॥
सभ कै मधि सगल ते उदास ॥
सुंदरु चतुरु तत का बेता ॥
समदरसी एक द्रसटेता ॥
इह फल तिसु जन कै मुखि भने ॥
गुर नानक नाम बचन मनि सुने ॥ ६ ॥

इहु निधानु जपै मनि कोइ ॥
सभ जुग महि ता की गति होइ ॥
गुण गोबिंद नाम धुनि बाणी ॥
सिमृति सासत्र बेद बखाणी ॥
सगल मतांत केवल हरि नाम ॥
गोबिंद भगत कै मनि बिस्राम ॥
कोटि अप्राध साध संगि मिटै ॥
संत कृपा ते जम ते छुटै ॥
जा कै मसतकि करम प्रभि पाए ॥

साध सरणि नानक ते आए ॥ ७ ॥
जिसु मनि बसै सुनै लाइ प्रीति ॥

(उत्तम) बुद्धि, ज्ञान, सब सिद्धि
विद्या, तप, योग, प्रभु-ध्यान,
श्रेष्ठ ज्ञान, उत्तम स्नान, (धर्मादि)
चार पदार्थ, हृदय-कमल का प्रफुल्लित होना,
सब के बीच रहिते हुए सब से उदास रहिना,
सुन्दर, चतुर और तत्ववेत्ता होना,
सब में एक वाहिगुरू को देखने के कारण समदर्शी होना,
पूर्वोक्त सब फल उस पुरुष को प्राप्त होते हैं,
जो, हे नानक ! गुरू के वचनों द्वारा प्रभु के नाम को मन लगा
कर सुनता है और मुख से उचारता है ॥ ६ ॥
इस नाम निधान को जो कोई मन लगा कर जपे,
सब युगों में उस की गति होती है ।
इस बाणी में गोविन्द-गुण और केवल नाम ध्वनि है,
जिस की महिमा स्मृति शास्त्र और वेदों ने वर्णन की है ।
सब मत मतान्तरों का अन्तिम सिद्धान्त केवल हरिनाम है,
जिस का विश्राम गोविन्द-भक्त के मन में है ।
(ऐसे भक्तरूप) साधु-संग कर के करोड़ों अपराध मिट जाते हैं
सन्त-कृपा कर यह जीव यम से छूट जाता है ।
जिस जिस के मस्तक पर वाहिगुरू ने बखशिश का लेख
लिखा है ।
हे नानक ! सो जन साधु-शरण में आए हैं ॥ ७ ॥
जिस के मन में नाम बसे और जो प्रीति-पूर्वक श्रवण करे,

तिसु जन आवै हरि प्रभु चीति ॥
जनम मरन ता का दूखु निवारै ॥
दुलभ देह ततकाल उधारै ॥
निरमल सोभा अंमृत ता की बानी ॥
एकु नामु मन माहि समानी ॥
दूख रोग बिनसे भै भरम ॥
साध नाम निरमल ता के करम ॥
सभ ते ऊच ता की सोभा बनी ॥
नानक इह गुणि नामु सुखमनी ॥ ८ ॥ २४ ॥

तिसु जन आवै हरि प्रभु चीति ॥
जनम मरन ता का दूखु निवारै ॥
दुलभ देह ततकाल उधारै ॥
निरमल सोभा अंमृत ता की बानी ॥
एकु नामु मन माहि समानी ॥
दूख रोग बिनसे भै भरम ॥
साध नाम निरमल ता के करम ॥
सभ ते ऊच ता की सोभा बनी ॥
नानक इह गुणि नामु सुखमनी ॥ ८ ॥ २४ ॥

उसी पुरुष के चित्त में हरि प्रभु आता है।
वाहिगुरू उस के जन्म-मरण रूप दुःख को निवृत्त करता है,
और उस के दुर्लभ शरीर का उद्धार करता है।
निर्मल है उस की शोभा और अमृत है उस की वाणी,
एक नाम जिस के मन में समाया है।
उस का दुःख, रोग, भय और भ्रम सब विनष्ट होता है।
नाम उस का साधु है और कर्म उस के निर्मल हैं।
सब से ऊंची शोभा उस की बन जाती है।
हे नानक! पूर्वोक्त सब गुणों के कारण (प्रभु का) नाम सुखों
की मणी है ॥ ८ ॥ २४ ॥